स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, शनिवार
12 अप्रैल, 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक -230 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net
web portal : swatantrabharat.net

महेंद्र सिंह धोनी ने ड्वेन ब्रावो को कहा 'धोखेबाज'





**आज का मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - 36° |
| न्यूनतम तापमान | - 23° |
| सूर्योदय | - 05:45 |
| सूर्यास्त | - 06:28 |

बादल छाये रहेंगे।

**पीएम मोदी ने वाराणसी में 3,880 करोड़ की 44 परियोजनाओं का किया उद्घाटन**

# भारतीय हुनर की पूरी दुनिया में पहचान

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को काशी पहुंचे। यहां बाबतपुर एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से मेंहदीगंज स्थित जनसभा स्थल

### पहचान का नया पासपोर्ट है जीआई टैग

### यूपी की मिट्टी की खुशबू अब सरहदों के पार जाएगी

पहुंचे। पीएम ने 3,880 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने तीन बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड प्रदान



किए। इसके अलावा 21 उत्पादों को जीआई टैग दिया गया। पीएम ने इस दौरान जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी हुनर अब तेजी से विश्व स्तर पर पहचान बन रही है। यूपी जीआई टैग में देश में नंबर वन पर है। जीआई टैग पहचान का नया पासपोर्ट है। यह बताता है यह उत्पाद इस जमीन की पैदाइश है। यूपी की मिट्टी में जो खुशबू है वह केवल हवा में नहीं सरहदों के पार भी जाएगी। कहा कि यूपी अब संभावनाओं का नहीं सामर्थ और सिद्धियों की भूमि बन रहा है। पीएम ने कहा हम देश की सेवा का मंत्र लेकर आए हैं। जो लोग सत्ता पाने के लिए दिन रात खेल खेलते रहते हैं उनका सिद्धांत है परिवार का साथ परिवार का विकास। हमारा मंत्र सबका साथ सबका विकास है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। दस साल में उत्पादन में 65 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने लखपति दीदी योजना को लेकर कहा कि हमारी मेहनतकश बहनों को विशेष बधाई देता हूं। इन बहनों ने बता दिया है, अगर भरोसा किया जाए तो वह भरोसा नया इतिहास रच देता है। पूरे पूर्वांचल के लिए नई मिसाल बन चुकी हैं।

### विकास और विरासत का अनूठा संगम है बनारस

पीएम मोदी ने काशी को भारत की आत्मा और विविधता की सबसे खूबसूरत तस्वीर बताया। उन्होंने कहा कि काशी के हर मोहल्ले में भारत का अलग रंग और संस्कृति दिखती है।

### अब ग्लोबल ब्रांड बन रहे यूपी के उत्पाद

पीएम मोदी ने मेड इन इंडिया की वैश्विक पहचान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यूपी के उत्पाद अब ग्लोबल ब्रांड बन रहे हैं। जीआई टैग ने स्थानीय उत्पादों को नई बुलंदियों तक पहुंचाया है। यूपी देश में जीआई टैगिंग में पहले स्थान पर है। जौनपुर की इमरती, मथुरा की सांझी कला, पीलीभीत की बांसुरी और लखीमपुर खीरी की थारू जरदोजी जैसे उत्पादों को जीआई टैग मिला है। पीएम ने कहा कि यूपी की मिट्टी की खुशबू अब सरहदों के पार जाएगी।

# नई काशी देखने को हर श्रद्धालु है उतावला

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में काशी का जो विकास हुआ है उस नई काशी को, उसके नए

### वाराणसी में बोले सीएम योगी

कलेवर को देखने के लिए पूरे देश के श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। महाकुंभ के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र काशी आगमन पर सीएम योगी ने कहा कि हर किसी ने पिछले 11 वर्ष में बदलती हुई काशी को देखा है। यह वही काशी है, जो संकरी गलियों के लिए जानी जाती थी, अपने जाम के लिए जानी जाती थी। काशी शिक्षा का प्राचीन केंद्र रही है, लेकिन अस्त-व्यस्त पड़े शिक्षा के केंद्रों के साथ ही स्वास्थ्य के लिए, पर्यटन के लिए, कनेक्टिविटी के लिए पिछले 11 वर्षों में यहां 50000 करोड रुपए से अधिक की परियोजनाएं आई हैं। आज भी प्रधानमंत्री के कर कमलों से काशी में लगभग 4000 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राधा-कृष्ण की लीलाओं से आच्छादित अंगवस्त्र पहनाकर और स्मृति चिन्ह के रूप में वाराणसी की जीआई टैग प्राप्त काष्ठकला से निर्मित कमल छत्र भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। देश और दुनिया से आने वाला हर श्रद्धालु पिछले 11 वर्ष में प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस नई काशी और बाबा विश्वनाथ की पावन धरा को नए कलेवर के रूप में देखने को उतावला दिखाई दे रहा था। 45 दिनों के इस आयोजन के अवसर पर काशी में भी एक महा समागम दिखाई दे रहा था और इस दौरान 3 करोड़ से अधिक श्रद्धालु यहां पर आकर बाबा विश्वनाथ के पावन धाम में दर्शन करके पुण्य के भागीदार बने। महाकुंभ की सफलता, उसकी भव्यता और उसकी दिव्यता प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व में एक नई ऊंचाई को छूती हुई दिखाई दी।



## संक्षिप्त समाचार

### 'बिहार चुनाव के दौरान होगी तहव्वुर राणा को फांसी'

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के मुख्य प्रवक्ता और सांसद संजय राउत ने कहा कि सरकार 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा, जिसे भारत प्रत्यर्पित किया गया था, को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान फांसी पर लटकाएगी। उन्होंने कहा कि राणा को तुरंत फांसी दी जानी चाहिए, लेकिन सरकार उसे बिहार चुनाव (इस साल के अंत में होने वाले) के दौरान फांसी पर लटकाएगी। राउत ने कहा कि राणा को भारत लाने के लिए 16 साल लंबी लड़ाई चली और यह कांग्रेस के शासन के दौरान शुरू हुई।

### दिल्ली में नई आबकारी नीति लाएगी रेखा गुप्ता सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली की भाजपा सरकार राजस्व बढ़ाने के लिए अन्य राज्यों की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाते हुए एक नई पूर्णतया विश्वसनीय आबकारी नीति लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि नीति पारदर्शी होगी और यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार की जाएगी कि इससे समाज में कोई समस्या पैदा न हो। इस साल फरवरी में आम आदमी पार्टी को हराकर भाजपा दिल्ली में सत्ता में आई थी। पिछली आप सरकार द्वारा लाई गई आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितताएं और भ्रष्टाचार भाजपा के लिए प्रमुख चुनावी मुद्दों में से एक था। आरोप सामने आने के बाद इस नीति को रद्द कर दिया गया।

### रिकवरी मोड में आया शेयर बाजार

**मुंबई।** अमेरिका की ओर से दुनियाभर के देशों के खिलाफ लगाए गए जवाबी टैरिफ को इस साल 9 जुलाई तक टालने के बाद घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन रिकवरी दिखी। शुक्रवार को बेंचमार्क सेंसेक्स 1,310 अंक चढ़कर बंद हुआ। दूसरी ओर, जबकि निफ्टी 22,900 के स्तर से ऊपर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में जारी मंदी के रुख को दरकिनार करते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,310.11 अंक या 1.77 प्रतिशत उछलकर 75,157.26 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,620.18 अंक या 2.19 प्रतिशत बढ़कर 75,467.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

### कर्नाटक में जाति जनगणना को मंजूरी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक कैबिनेट ने जाति जनगणना के नतीजों को शुक्रवार को स्वीकार कर लिया। इस रिपोर्ट पर 17 अप्रैल को स्पेशल कैबिनेट मीटिंग में विस्तार से चर्चा होगी। फिलहाल जनगणना के नतीजे गुप्त रखे गए हैं। कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने कहा कि सभी कैबिनेट मेंबर्स को मीटिंग से पहले रिव्यू के लिए रिपोर्ट भेज दी गई है।

### सेक्स वर्कर्स पर मंत्री ने की बेहूदा टिप्पणी

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके के एक मंत्री का भाषण वायरल होने के बाद बड़ा बवाल मच गया है। इसकी वजह है मंत्री जी के बिगड़े बोल। दरअसल तमिलनाडु के वन मंत्रालय का कार्यभार संभाल रहे के पोनमुडी ने हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को लेकर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। के पोनमुडी कथित तौर पर चुटकुला सुना रहे थे, जिस दौरान उन्होंने शब्दों की सीमाएं लांघ दी।

# लोगों के मौलिक अधिकारों पर भी सोचे प्रवर्तन निदेशालय

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि प्रवर्तन निदेशालय को लोगों के मौलिक अधिकारों के बारे में भी

### सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लगाई फटकार

सोचना चाहिए। कोर्ट ने ये टिप्पणी करते हुए नागरिक आपूर्ति निगम (एनएएन) घोटाला मामले को छत्तीसगढ़ से नई दिल्ली स्थानांतरित करने की एजेंसी को याचिका पर




नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यामूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने एजेंसी से सवाल किया कि व्यक्तियों के लिए संविधान के अनुच्छेद 32 के अंतर्गत रिट याचिका कैसे दायर की। पीठ की टिप्पणी के बाद अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। इसके अलावा उन्होंने इस दौरान कहा कि जांच एजेंसी के पास भी मौलिक अधिकार है। इसपर पीठ ने हल्के अंदाज में कहा कि अगर ईडी के पास मौलिक अधिकार हैं, तो उसे लोगों के मौलिक अधिकारों के बारे में भी सोचना चाहिए।

# 'अन्य शहरों में भी हमले की साजिश रच रहा था राणा'

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली की अदालत में सुनवाई के दौरान कहा कि तहव्वुर राणा ने मुंबई की तरह ही देश के

### एनआईए का दावा

अन्य शहरों में भी आतंकी हमले की साजिश रच रहा था। एनआईए ने विशेष जज चंद्रजीत सिंह की अदालत में यह दावा किया। सुनवाई के बाद जज ने तहव्वुर राणा को 18 दिन के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया। जज चंद्रजीत सिंह ने अपने आदेश में एनआईए को निर्देश दिया कि वे हर 24 घंटे में तहव्वुर राणा की मेडिकल जांच कराएं और



उसे वैकल्पिक दिनों पर अपने वकील से मिलने की इजाजत दी जाए। हालांकि यह मुलाकात एनआईए अधिकारी की मौजूदगी में ही होगी। एनआईए अधिकारी को तहव्वुर राणा और उसके वकील की मुलाकात के दौरान कुछ दूरी पर खड़े होना होगा, लेकिन सिर्फ इतनी दूरी कि वह दोनों की बात सुन सके। सुनवाई के दौरान एनआईए ने तर्क दिया कि मुंबई हमले की पूरी साजिश को बेनकाब करने के लिए विस्तृत पूछताछ की जरूरत होगी और उसे हमले वाली जगहों पर लेकर जाने की जरूरत होगी ताकि क्राइम सीन को रिक्रिएट किया जा सके।

### 2011 से ही मोदी के निशाने पर था राणा


तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण के बाद प्रधानमंत्री मोदी का साल 2011 का एक पुराना ट्वीट वायरल हो गया है। दरअसल उस ट्वीट में पीएम मोदी ने तत्कालीन यूपीए पर निशाना साधा था। दरअसल उस समय अमेरिका ने तहव्वुर राणा को मुबंई हमले के आरोप से मुक्त कर दिया था। इस पर पीएम मोदी ने इसे सरकार की विदेश नीति की असफलता बताया था। अब जब तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण सफल हो गया है तो पीएम मोदी का वह पुराना ट्वीट वायरल हो रहा है। पीएम मोदी ने उस ट्वीट में लिखा था कि अमेरिका ने मुंबई हमले के मामले में तहव्वुर राणा को निर्दोष घोषित कर दिया है। यह भारत की संप्रभुता के लिए शर्मनाक बात है और यह भारत की विदेश नीति को बड़ा झटका है।

## औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि फरवरी 2025 में घटकर छह महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गई। इसका मुख्य कारण विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों का खराब प्रदर्शन है। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में इसकी पुष्टि की गई है। सरकार ने जनवरी 2025 के लिए औद्योगिक विकास दर के आंकड़े को भी संशोधित कर 5.2 प्रतिशत कर दिया है, जो मार्च में जारी 5 प्रतिशत के अनंतिम अनुमान से अधिक है।

## हुर्रियत से जुड़े 12 संगठनों ने छोड़ा अलगाववाद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि हुर्रियत से संबद्ध एक अन्य संगठन जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट ने अलगाववाद को खारिज कर दिया है और भारत की एकता के प्रति पूरी प्रतिबद्धता जताई है। शाह ने एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार के तहत जम्मू-कश्मीर में एकता की भावना व्याप्त है। उन्होंने आगे कहा कि हुर्रियत से जुड़े एक अन्य संगठन जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट ने अलगाववाद को खारिज करते हुए भारत की एकता के लिए पूरी प्रतिबद्धता जताई है। मैं उनके इस कदम का तहे दिल से स्वागत करता हूं। शाह ने दावा किया कि अब तक



हुर्रियत से जुड़े 12 संगठन अलगाववाद से अलग हो चुके हैं और भारत के संविधान पर भरोसा जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण की जीत है।

## बांग्लादेश में सेना के पांच उच्च अधिकारी नजरबंद

**ढाका।** बांग्लादेश आर्मी चीफ जनरल वकार उज जमान 6 अप्रैल से 11 अप्रैल तक रूस के दौरे पर हैं। इस बीच उनके देश में बड़ा खेल हो गया। ढाका बांग्लादेश में छात्र आंदोलन में कथित भूमिका को लेकर बांग्लादेशी सेना के 5 अफसरों को नजरबंद कर दिया गया है। इसमें ब्रिगेडियर जनरल इमरान हामिद, आरएबी से कर्नल अब्दुल्ला अल-मोमेन, ब्रिगेडियर जकारिया हुसैन, बीजीबी के लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद रिदवानुल इस्लाम और ईस्ट बंगाल रेजिमेंट से मेजर मोहम्मद नोमान अल फारुक शामिल हैं।

# 'रोजगार प्रोत्साहन योजना एक और जुमला तो नहीं?'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को रोजगार प्रोत्साहन योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछा। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी रोज नए नारे गढ़ते हैं, लेकिन युवा अब भी

### राहुल गांधी ने पीएम मोदी से पूछा सवाल

वास्तविक अवसरों का इंतजार कर रहे हैं। क्या यह एक और जुमला है? एक्स पर पोस्ट में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद पीएम मोदी ने जोर-शोर से रोजगार प्रोत्साहन योजना की घोषणा की थी। इसमें



युवाओं को रोजगार देने का वादा किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि योजना की घोषणा किए लगभग एक साल हो गया है। मगर सरकार ने इस पर अब तक कुछ नहीं किया। योजना के लिए आवंटित किए गए 10,000 करोड़ रुपये भी वापस कर दिए गए हैं। इससे साफ है कि प्रधानमंत्री बेरोजगारी को लेकर कितने गंभीर हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि केवल बड़े कॉरपोरेट्स पर ध्यान केंद्रित करके, निष्पक्ष व्यापार की बजाय मित्र राष्ट्रों को बढ़ावा देकर, उत्पादन की बजाय असेंबली को प्राथमिकता देकर और भारत के स्वदेशी कौशल की उपेक्षा करके नौकरियां पैदा नहीं की जा सकतीं। करोड़ों नौकरियां सृजित करने का तरीका एमएसएमई में बड़े पैमाने पर निवेश, निष्पक्ष बाजार, स्थानीय उत्पादन नेटवर्क को समर्थन और सही कौशल वाले युवा ही हैं।

### पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने अगले वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन और सिफारिशों की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिश 31 जुलाई, 2025 तक की जा सकेगी। इन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त किया जाएगा। पद्म पुरस्कार में पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक हैं। 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है। यह पुरस्कार विशिष्ट कार्य को मान्यता देने के लिए दिया जाता है।

### सोने ने फिर बनाया रिकाई हाई

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत में नया रिकॉर्ड बना है। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार शुक्रवार को कारोबार के दौरान अब 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 3191 रुपए बढ़कर 93,353 रुपये हो गई है। गोल्ड की ये कीमत अब तक सबसे अधिक स्तर पर पहुंची हुई है। इस सप्ताह की शुरुआत में सोने की कीमत में गिरावट आई थी। इस सप्ताह के पहले दिन 10 अप्रैल को 10 ग्राम सोने की कीमत 5,472 रुपये पर पहुंच गई थी। सोने की कीमत 86,928 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंची थी, वहीं अब सोने की कीमत बढ़कर 93,353 रुपये हो गई है।

### तमिलनाडु में बीजेपी और अद्रमुक में गठबंधन

**चेन्नई।** तमिलनाडु में बीजेपी और एआईएडीएमके के बीच एक बार फिर से गठबंधन हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चेन्नई में भाजपा के के अन्नामलाई और अन्नाद्रमुक के एडप्पादी पलानीस्वामी के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अमित शाह ने कहा कि एआईएडीएमके और भाजपा नेताओं ने फैसला किया है कि एआईएडीएमके, भाजपा और सभी गठबंधन दल मिलकर एनडीए के रूप में तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। बीजेपी और एआईएडीएमके के बीच गठबंधन को लेकर चर्चा कई दिनों से जोरों पर थी।

**50 वर्षों में पहली बार पाक से मिले अतिरिक्त वीजा**

# 6,700 से अधिक भारतीय सिख तीर्थयात्री पहुंचे पाकिस्तान



**वाघा बार्डर।** संस्कृति और लोककथाओं के उत्सव में बैसाखी मेला उत्सव में भाग लेने और खालसा पंथ का स्मरण करने के लिए 6,700 से अधिक सिख तीर्थयात्री वाघा सीमा

### ननकाना साहिब में बैसाखी उत्सव में लेंगे भाग

के माध्यम से भारत से पाकिस्तान पहुंचे। 50 वर्षों में यह पहली बार है कि पाकिस्तान सरकार ने भारतीय सिख तीर्थयात्रियों को 6,751 वीज़ा जारी किए हैं। पाकिस्तान सरकार ने पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्रालय और इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के विशेष अनुरोध पर 3,751 अतिरिक्त वीज़ा दिए हैं। आमतौर पर, पाकिस्तान-भारत बैसाखी का त्यौहार सिखों के नए साल का प्रतीक है और गुरु गोविंद सिंह के नेतृत्व में खालसा पंथ (संत-योद्धाओं) के गठन की याद दिलाता है। मुख्य समारोह 14 अप्रैल को गुरुद्वारा जन्मस्थान ननकाना साहिब में आयोजित किया जाएगा। सिख तीर्थयात्रियों का स्वागत पाकिस्तान के अंतरधार्मिक सद्भाव राज्य मंत्री खेल दास कोहिस्तानी, पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष और पंजाब अल्पसंख्यक मंत्री सरदार रमेश सिंह अरोड़ा, ईटीपीबी सचिव फरीद इकबाल और अतिरिक्त सचिव सैफुल्लाह खोखर ने वाघा सीमा चेक पोस्ट पर किया। बैसाखी के त्यौहार में भाग लेने के लिए पाकिस्तान पहुंचने वालों में अमृतसर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और 11 अन्य भारतीय राज्यों के लोग शामिल थे।

# पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ को नहीं मिल पा रहा अच्छा घर

**नई दिल्ली।** देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का कहना है कि उन्हें राजधानी दिल्ली में कोई अच्छा घर नहीं मिल पा रहा है। उन्हें ऐसे घर की तलाश है, जो उनकी

### दिव्यांग बेटियों के रहने की है चिंता

दिव्यांग बेटियों प्रियंका और माही के हिसाब से अनुकूल हों। डीवाई चंद्रचूड़ रिटायर हो चुके हैं और उन्हें चीफ जस्टिस के तौर पर मिले सरकारी आवास को 30 अप्रैल तक खाली करना है, लेकिन अब तक उन्हें कोई अच्छा वैकल्पिक आवास नहीं मिला है। पूर्व चीफ जस्टिस ने दिव्यांगों के अधिकारों से जुड़े एक कार्यक्रम में कहा, हमारी दो प्यारी बेटियां हैं। उनकी जरूरते हैं, लेकिन उनके अनुसार कोई घर नहीं मिल पा



रहा। हर पब्लिक स्पेस एक जैसा ही है। लंबे समय से हमारा समाज दिव्यांगों को नजरअंदाज करता रहा है और यह एक तरह से उत्पीड़न की हद तक रहा है। उन्होंने दिव्यांगों के अधिकार और उसके आगे नाम से आयोजित कार्यक्रम में कहा कि मेरी और पत्नी कल्पना दास की दो बेटियां हैं- प्रियंका और माही। दोनों बेटियां नेमालाइन मायोपैथी नाम के सिंड्रोम से पीड़ित हैं। इस बीमारी में मसल्स का अच्छे से विकास नहीं हो पाता और इससे शरीर काफी कमजोर रहता है। यह एक जेनेटिक बीमारी है, जो अकसर जन्मजात होती है। इस दौरान जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने जज के तौर पर अपने कार्यकाल को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि एक जज के तौर पर आप अंदाजा भी नहीं लगा सकते कि आपके फैसले का क्या असर होगा। आपके पास 10 कारण होते हैं कि किसी को राहत देने से इनकार कर दें। लेकिन हमें ऐसा करने के लिए सिर्फ एक अच्छे कारण की जरूरत होती है। चंद्रचूड़ ने दोनों बेटियों को गोद लेने की कहानी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस दौरान में इलाहाबाद हाई कोर्ट में काम कर रहा था, जब उन्हें हमने लिया। चंद्रचूड़ ने कहा, शुरुआती दिनों में तो वे हड्डी और मांस भर थीं। उनकी मां ने यह समझते हुए उन्हें इग्नोर किया था कि शायद उन्हें बचाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि हमने बेटियों को मेडिकल सहायता प्रदान की। यहां तक कि बड़ी बेटी को यह चिंता थी कि उसकी छोटी बहन का भी अच्छा इलाज हो। वह उसकी सेहत के लिए चिंतित रहा करती थी।

उन्होंने कहा कि इन बेटियों ने उनके और पूरे परिवार के जीवन के प्रति दृष्टिकोण को बदला है। चंद्रचूड़ ने कहा कि इन बेटियों ने हमें पर्यावरण और पशुओं के प्रति भी संवेदनशीलता से विचार करने की सीख दी।

## अमेरिका से व्यापार वार्ता को अब हम तैयार

**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को लेकर भारत-अमेरिका के बीच हो रही व्यापार समझौता वार्ता पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बड़ा दावा किया। वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन (जीटीएस) में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि हम अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने जा रहे हैं। पहले भी हमने ट्रंप प्रशासन से चार साल तक बात की थी, लेकिन यह सौदा नहीं हो पाया था। मगर अब हम पूरी तरह से तैयार हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि एक महीने में अमेरिकी प्रशासन में काफी बदलाव हुए हैं। इस बीच हमने वैचारिक रूप से एक समझौता किया है कि हम एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता करेंगे। हम ऐसा समाधान खोजेंगे जो भारत-अमेरिका दोनों के लिए काम करेगा।

### होटल के अंदर पंखे से लटकता मिला संचालक का शव

स्वतंत्र भारत संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव: गैर प्रांत में रहकर होटल का संचालन कर रहे युवक का शव होटल के अंदर पंखे से लटकता मिला। परिजनों ने मारकर शव लटकाने की आशंका व्यक्त की है। थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनपुर निवासी राहुल पुत्र कैलाश लुधियाना (21) राजपुरा में रहकर होटल संचालित करता था। परिजनों ने बताया कि मंगलवार को सभी मजदूर होटल बंद करके घर चले गए। बुधवार को मृतकके चचेरे भाई पंकज को राहुल का होटल बंद होने की सूचना मिली तो वह राहुल के होटल पर पहुंचा तथा वहां उसने देखा कि राहुल का शव होटल के अंदर पंखे से लटका हुआ था। परिजनों ने आशंका व्यक्त की कि राहुल को किसी ने मारकर उसके शव को फंदे से लटका दिया।

## पेड़ से लटके मिले प्रेमी-प्रेमिका के शव

**घर वाले शादी को तैयार नहीं थे**

**लड़की का दूसरी जगह तय हो गया था रिश्ता**

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव: थाना आसीवन क्षेत्र में एक प्रेमी जोड़े ने आत्महत्या कर ली। लोचनखेड़ा गांव के बाहर आम के बाग में 19 साल की चावली और पंकज राजपूत के शव लटके मिले। चावली और पंकज बचपन से एक दूसरे को जानते थे। पिछले कुछ सालों से दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। चावली के परिवार ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी थी। इससे दोनों परेशान थे। मानसिक तनाव में आकर उन्होंने यह कदम उठाया। सूचना मिलते ही आसीवन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने पेड़ से शव उतार लिए थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों परिवार सामान्य आर्थिक स्थिति के हैं। परिजनों का कहना है कि उन्हें इस तरह के कदम की कोई जानकारी नहीं थी। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है। किसी की भूमिका या उकसावे की बात सामने आने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गांव में शोक का माहौल है। प्रशासन की सक्रियता से स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है। फिलहाल पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में कर लिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

## शराबी देवर ने किया स्कूल में रसोइया भाभी को परेशान

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव: औरास थाना क्षेत्र में एक महिला रसोइया ने अपने देवर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पट्टी खंजड़ी गांव की रहने वाली सरोजनी ने थाने में षिकायत दर्ज कराई है। सरोजनी ने बताया कि उसका देवर विजेंद्र शराब पीकर उन्हें लगातार परेशान करता है। वह एक झगड़ालू और दबंग व्यक्ति है। विरोध करने पर वह जान से मारने की धमकी देता है। पीड़िता सरकारी विद्यालय पट्टी खंजड़ी में मध्याह्न भोजन की रसोइया के रूप में कार्यरत है। देवर स्कूल में पहुंचकर उनकी वीडियो बनाता है। साथ ही नौकरी से निकलवाने की धमकी देता रहता है। परेशान होकर सरोजनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी बीएस मौर्य का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## सफीपुर में नहर की पटरी पर माफियाओं का कब्जा

**जेसीबी से खारजा नहर की पटरी काटकर अवैध खनन**

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव: सफीपुर में खनन माफियाओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। कर्बला से गहोली गांव तक फैली खारजा नहर की पटरी पर जेसीबी मषीनों से अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले तीन माह से माफिया लगातार अपना ठिकाना बदल-बदलकर यह अवैध कार्य कर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर इन्हें संरक्षण मिलने की वजह से कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। नहर की पटरियों से अवैध खनन से पानी के बहाव में रूकावट की आषंका है। विषेषज्ञों का मानना है कि बरसात के मौसम में नहर के टूटने का खतरा बढ़ सकता है। इससे आसपास के किसानों की फसलें और ग्रामीणों की संपत्ति को नुकसान हो सकता है। महोली गांव के प्रधान जयचंद्र यादव का कहना है कि इस मामले की शिकायत एसडीएम से की है। ग्रामीण चाहते हैं कि प्रशासन तुरंत इस अवैध खनन पर रोक लगाए। साथ ही दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई करें। इससे नहर की सुरक्षा और सरकारी संपत्ति को नुकसान से बचाया जा सकेगा।

## प्रा.विद्यालय के कक्षों का ताला तोड़ एक लाख का सामान चोरी

स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव: चोरों ने एक परिषदीय प्राथमिक विद्यालय के कक्षों का ताला तोड़ दिया तथा टैबलेट व स्मार्ट टीवी आदि समेत करीब एक लाख रुपये कीमत का सामान चोरी हो गया। प्रधान शिक्षक ने घटना की तहरीर बेहटा मुजावर थाना पुलिस को दी है। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रानीपुर ग्रंट के प्रधान शिक्षक प्रवीण मिश्र द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि 10 अप्रैल को बच्चों का अवकाश था। किन्तु छुट्टी की जानकारी न होने से एक छात्र सुबह विद्यालय पहुंच गया। कक्षों का ताला टूटा देखकर छात्र ने इसकी जानकारी अपने पिता को दी। तब अभिभावक के माध्यम से प्रधान शिक्षक को विद्यालय में चोरी होने की सूचना मिली। प्रधान शिक्षक जब विद्यालय पहुंचे तो देखा कि चोरों ने कक्षा का ताला तोड़कर उनमें रखा एक टेबलेट, स्मार्ट टीवी, इनवर्टर, बैटरा साउंड सिस्टम, गैस सिलेंडर व बर्तन आदि सहित करीब एक लाख रुपये की कीमत का सामान चोरी कर लिया। प्रधान शिक्षक ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। पुलिस चोरों का सुराग लगाने में जुटी है।

## हाईवोल्टेज लाइन में फंसा डंपर,तीन युवक घायल

नवाबगंज उन्नाव: कस्बे के लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर बजाज एजेंसी के सामने तेज रफ्तार डंपर का ऊपरी हिस्सा 11000 वोल्ट की बिजली लाइन में फंस गया। घटना के समय डंपर तेज गति से चल रहा था। डंपर का ऊपरी केबिन बिजली के तारों में उलझ गया। इससे तार डंपर की टंकी पर लिपट गये और पूरी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में तीन युवक बिजली के तार की चपेट में आ गए। उन्हें मामूली चोटें आईं और प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज जारी है।

## जुमे की नमाज के दौरान चाक-चौबंद रहा इंतजाम

**ड्रोन और सीसीटीवी से की गई निगरानी**

**पुलिस फोर्स तैनात, शांतिपूर्ण रहा माहौल**

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव: जुमे की नमाज पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी से लगातार निगरानी की गई। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने नमाज से पहले मस्जिदों और ईदगाहों का दौरा किया। एसपी ने बताया कि लोग बिना किसी डर के नमाज अदा कर सकें। इसके लिए हर जरूरी इंतजाम किए गए थे। पुलिस कर्मियों को संवेदनशीलता से काम कनरे के निर्देश दिए गए थे। सदर कोतवाली क्षेत्र, मोहल्ला सैयदवाड़ा, जामा मस्जिद और बांगरमऊ क्षेत्र की मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ जुटी। दोपहर को जुमे की नमाज अदा की गई। इमामों ने अपने खुतबें में शांति और भाईचारे का संदेश दिया।





चित्र परिचय: गश्त करते पुलिस अधीक्षक एवं निगरानी के लिए तैनात पुलिसबल। छाया: स्वतंत्र भारत।

देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने समुदाय के लोगों से संवाद किया। उन्हें अफवाहों से दूर रहने की अपील की। भड़काऊ पोस्ट रोकने के लिए साइबर सेल की टीम तैनात रही। एसडीएम, सीओ और थानेदार लगातार अपने क्षेत्रों में गश्त करते रहे। एसपी दीपक भूकर ने जिलेवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों ने प्रशासन के निर्देशों का पालन किया। आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की।

## विधायक ने बारातशाला का किया निरीक्षण

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव: भगवंतनगर के विधायक आषुतोष शुक्ला ने गांव चलो अभियान के अन्तर्गत ग्राम सभा राजापुर पिपराहा का दौरा किया। उन्होंने विधायक निधि से निर्माणाधीन बारातशाला का जायजा लिया। विधायक ने निर्माण में प्रयुक्त ईंटों की गुणवत्ता की जांच की। उम्होंने ईंटों को बजाकर उनकी क्वालिटी परखी। पिपराहा प्रधान से निर्माण कार्य की प्रगति पर चर्चा की। शुक्ला ने कहा कि सामान्यतः पीली ईंटों का उपयोग होता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी विधानसभा में निर्माण कार्य में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। विधायक ने बताया कि यह बारातशाला स्थानीय निवासियों के मांगलिक कार्यक्रमों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष संजय शुक्ल, विशेष रूप से मौजूद थे। राजू शुक्ल, मंडल अध्यक्ष विजय सैनी और पूर्व मंडल अध्यक्ष अतुल पटेल भी मौजूद रहे। क्षेत्र पंचायत सदस्य संजय तिवारी, नवनीत शुक्ल, योगेश पांडेय, ओम बाजपेई और कुलदीप सिंह सहित अनेक क्षेत्रवासियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# एसडीएम स्तर पर बड़ा फेरबदल

**तीन अफसरों के कार्य क्षेत्र में बदलाव**

**डीएम ने कहा जनता को मिलेगी बेहतर सेवा**

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव: जिले के प्रषासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बड़ा फैसला लेते हुए तीन उप जिलाधिकारियों (एसडीएम) के कार्य क्षेत्र में बदलाव कर दिया है। आदेष बुधवार को जारी हुआ और साथ ही यह भी साफ कर दिया गया है कि सभी अफसरों को जल्द से जल्द नए पदों का कार्यभार ग्रहण करना होगा। षिवेंद्र कुमार वर्मा अब एसडीएम सफीपुर, होंगे।डिप्टी कलेक्टर पद पर तैनात षिवेंद्र वर्मा को एसडीएम सफीपुर बनाया गया है। लंबे समय से यहां स्थायी एसडीएम की तैनाती की दरकार थी। वर्मा अपने सख्त प्रषासनिक रूख और तेजतर्रार छवि के लिए जाने जाते हैं। उम्मीद है कि वे सफीपुर में बेहतर सिस्टम खड़ा करेंगे। इसी तरह रामदेव निषाद जो अभी तक प्रतीक्षारत थे। उन्हें सदर क्षेत्र का न्यायिक एसडीएम बनाया गाय है। बताया जा रहा है कि सदर क्षेत्र में न्यायिक मामलों की भरमार है और निषाद जैसे अनुभवी अफसर की जरूरत थी। प्रशासन ने इसी सोच के साथ उनकी तैनाती की है। जब कि आनंद नायक अपर जिलाधिकारी दितीय बनाए गए हैं। अब तक एसडीएम न्यायिक , सदर की भूमिका में रहे आनंद नायक को अपर जिलाधिकारी दितीय की जिम्मेदारी दी गई है। वे अब जिले के समन्वय और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों को देखेंगे। नायक को एक कुशल और संयमित अधिकारी के रूप में जाना जाता है।

डीएम गौरांग राठी ने इन तबादलों को रणनीतिक और जनहित में लिया गया निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करना और जनता को समय पर सेवा देना हमारी प्राथमिकता है। यही सोचकर यह फेरबदल किया गया है।

## गर्मी में लू से बचाव सावधानी बरतें

उन्नाव:गर्मी के मौसम में लू गर्म हवाओं से बचाव के लिए सबसे अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। जब किसी स्थान का स्थानीय तापमान लगातार 3 दिन तक वहां के सामान्य तापमान से 03 डिग्री से.अधिक रहे तो उसे लू या हीटवेव कहते हैं। विष्व मौसम संघ के अनुसार यदि किसी स्थान का तापमान लगातार 5 दिन तक सामान्य स्थानीय तापमान से 5 डिग्री से अधिक रहे अथवा दो दिन तक 45 डिग्री से अधिक रहे तो उसे हीट वेव या लू कहते हैं। वातावरणीय तापमान 37 डिग्री से.तक रहता है तब इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता पर 37 डिग्री सेल्सि,.से अधिक तापमान बढ़ने पर शरीर वातावरणीय गर्मी को शोषित कर शरीर के तापमान को प्रभावित करने लगता है। गर्मी में सबसे बड़ी समस्या लू लगना है गर्मी में शरीर के द्रव्य बाडी फ्ल्यूड सूखने लगती है। शरीर में पानी नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा रहता है। शराब की लत, हृदयरोग पुरानी बीमारियां, मोटापा, पार्किंसंस रोग अधिक उम्र अनियंत्रित मधुमेह जैसी स्थिति में लू का खतरा अधिक रहता है। हीट के लक्षण गर्म लाल, शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना,तेज पल्स होना, उथले श्वास गति में तेजी, व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिति।सिरदर्द, मितली, थकान और कमजोरी होना चक्कर आना। मूत्र न होना अथवा इसमें कमी होना। ऐसी स्थिति में उच्च तापमान से शरीर के आंतरिक अंगों विशेष रूप से मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है तथा शरीर में उच्च रक्तचाप उत्पन्न होता है। मनुष्य के हृदय के कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता् है। जो लोग एक या दो घंटे से अधिक समय तक 40 डिग्री सेल्सियस, 105 डिग्री एफया अधिक तापमान अथवा गर्म हवा में रहते हैं तो उनके मस्तिष्क में क्षति होने की संभावना प्रबल होती है। हीटवेव की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है। जिससे मृत्यु भी हो सकती है। प्रभाव कम करने के लिए अधिकाधिक पानी पिएं। यदि प्यास न लगी हो तो तब भी। हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें। धूप के चश्मे छाता, टोपी व चप्पल का प्रयोग करें। सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढंके रहें तथा छाते का प्रयोग करें। लू से प्रभावित व्यक्ति को छाया में लिटाकर सूती गीले कपड़े से पोछें अथवा नहलाएं तथा चिकित्सक से संपर्क करें। यात्रा करते समय पीने का पानी साथ ले जाएं। ओआरएस घर में बने हुए पेयपदार्थ लस्सी, चावल का पानी (माड़) नीबू पा्नी, छाछ आदि का प्रयोग करें ताकि पानी की कमी शरीर में न हो। हीट स्ट्रोक के लक्षण कमजोरी महसूस होना, चक्कर आना, सरदर्द, उबकाई पसीना आना मूर्छा आना आदि हैं। बीमारी महसूस होने पर चिकित्सक का सुझाव लें। घरों को ठंडा रखें, पर्दे दरवाजे का उपयोग करें तथा शाम-रात को घर तथा कमरो को ठंडा करने को खोल दें। पंखे, गीले कपड़ों का प्रयोग करें तथा बार बार स्नान करें। कार्यस्थल पर ठंडे पानी की व्यवस्था रखें। कमियो को सीधी सूर्य की रोशनी से बचने हेतु सावधान करें। श्रमसाध्य कार्यों को ठंडे समय में करें। गर्भस्थ महिला कर्मियों व रोगग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त ध्यान दें। जानवरों व बच्चों को कभी भी बंद व खड़ी गाड़ियों में अकेले न छोड़ें। दोपहर 12 से 3 बजे तक मध्य सूर्य की रोशनी में जाने से बचें। सूये के ताप से बचाव को घर के निचली मंजिल में रहें। गहरे रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहनें। जब बाहर का तापमान अधिक हो तब श्रमसाध्य कार्य न करें। अधिक प्रोटीन तथा बासी एवं संक्रमित खाद्य एवं पेय पदार्थों का प्रयोग न करें। अल्कोहल, चाय व काफी पीने से परहेज करें।

## शीतला देवी मंदिर में वार्षिकोत्सव आयोजित

स्वतंत्र भारत संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव: प्रसिद मां शीतला देवी मंदिर में वार्षिकोत्सव मनाया गया। माता रानी के भव्य श्रृंगार के साथ ही विशाल मेले का भी आयोजन किया गया। कस्बा फतेहपुर चौरासी स्थित प्रसिद्ध माता शीतला देवी मंदिर में चली आ रही परंपरा के तहत विगत दिवस गुरुवार को शुक्लपक्ष की त्रयोदशी को माता शीतला का भव्य श्रृंगार कर वार्षिकोत्सव मना तथा हवन पूजन हुआ। माता के भव्य श्रृंगार के साथ कन्या भोज के साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव पर मंदिर परिसर में विशाल मेला आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने मनपसंद वस्तुओं की खरीद फरोख्त की। मेले मे विभिन्न प्रकार के लगे झूले बच्चों की पसंद रहे। मेले में रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम नौटंकी आयोजित हुई। आयोजन समिति के कृष्ण प्रकाश सैनी (मुकुंद) प्रेमशंकर, सुमित सैनी आदि ने बताया कि माता रानी की कृपा से क्षेत्रीयलोगों की माता रानी के दरबार में आस्था है। इसी आस्था के तहत पूजन कर मनोकामना करते हैं। जिसे माता रानी पूरी भी करती हैं।

## बिठूर-सफीपुर रेल लाइन से दिल्ली-हरिद्वार की नई राह

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव: लखनऊ-कानपुर रेल मार्ग पर पुराने रेलवे गंगा पुल की मरम्मत की वजह से मेगा ब्लाक से ट्रेनों पर पड़े प्रभाव से यात्रियों को हो रही दिक्कतों को ध्यान में रख कानपुर रीजन इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट अथारिटी (क्रीडा) के गठन से बिठूर-सफीपुर रेल लाइन पर बात फिर आगे बढ़ी है। क्रीडा में शामिल करके इस रेल लाइन के लिए फिर सर्वे व निर्माण की संभावनाएं तलाशने का काम होगा। इससे बिठूर से गोरखपुर-दिल्ली, अयोध्या व हरिद्वार समेत दूसरे जिले सीधे जुड़ेंगे। अनवरगंज-कासगंज रेल मार्ग के पास मंधना से जुड़ी बिठूर रेल लाइन का दायरा कानपुर सेंट्रल तक बढ़ जाएगा। सेंट्रल से बिठूर के बीच ब्रह्मावर्त मेमू चल रही है। बिठूर से सीधे गंगापार करेक 16 किमी दूर उन्नाव-बालामऊ रेल लाइन गुजरी है। इस पर सफीपुर रेलवे स्टेशन व बालामऊ जंक्शन हैं। जंक्शन से लखनऊ वाया मुरादाबाद दिल्ली रेलमार्ग है। उच्च स्तरीय विकास समिति के समन्वयक नीरज श्रीवास्तव ने रेल मंत्रालय शासन-प्रशासन को इसकी महत्ता बताते हुए फिर से पत्र लिखा है। वर्ष 2012 में सर्वे में सब ठीक भी मिल चुका है। लखनऊ के रास्ते गोरखपुर अयोध्या तक पहुंचने की नई राह मिलेगी। साथ ही निकट भविष्य में रिंग रेल सेवा और मेट्रो के विस्तार पर आसपास के जिलों को इसका लाभ मिलेगा। बिठूर से सफीपुर रेल लाइन बनने से हरदोई, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद, सहारनपुर, दिल्ली, हरिद्वार व देहरादून , सीतापुर, गोंडा गोरखपुर वाया उन्नाव, लखनऊ वाया उन्नाव-रायबरेली से प्रयागराज के लिए नई ट्रेनें चल सकेंगी।

# बिजली मीटर का ठेका दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी

**महिला से 3.22 लाख रुपये ठगे, आरोपी के खिलाफकेस दर्ज**

उन्नाव: बिजली मीटर लगाने का ठेका दिलाने के नाम पर एक महिला से 3.22 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता संगीता कटियार ने आरोपी सुषील के खिलाफ पुलिस में षिकायत दर्ज कराई है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र की निवासी संगीता कटियार ने औरास थाना क्षेत्र के खडवल गांव निवासी सुषील को कई किस्तों में पैसे दिए थे। आरोपी सुषील ने बिजली विभाग में मीटर लगाने का ठेका दिलाने का वादा किया था। पिछले एक साल से यह सिलसिला चल रहा था। काफी समय बीत जाने के बाद भी महिला को न तो ठेका मिला और न ही उसके पैसे वापस मिले। जब महिला ने बार-बार अपने पैसों की मांग की तो आरोपी ने उसे धमकियां देनी षुरू कर दीं। इससे परेषान होकर महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कानपुर देहात समाचार

## विधायक ने आकाशीय बिजली से मौत पर पत्नी को 4 लाख की चेक सौंपी



रसूलाबाद कानपुर देहात । भाजपा विधायक पूनम संखवार ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दलिकपुर महाराजपुर में आकाशीय बिजली गिरने से कृषक होरीलाल राठौर की आकस्मिक मृत्यु होने पर उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर उनकी पत्नी को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की चेक प्रदान की । मुख्य मंत्री दैवीय आपदा राहत कोष से यह राशि तहसीलदार संतोष कुमार सहित जनता की मौजूदगी में मृतक होरी लाल राठौर की पत्नी को दी गई । भाजपा विधायक पूनम संखबार ने शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बधाते हुए उनकी हर सम्भव मदद किये जाने का भरोसा दिया इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य अतुल यादव संतोष प्रताप सिंह रवि राजावत गौरव सिंह अमित सिंह विष्णु प्रताप सिंह भोला अवस्थी मोन्टी दीक्षित कमल मिश्रा सौरभ सिंह संदीप सिंह सोमवीर सिंह सुधांशु चौहान आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धाभाव से मनाई गई स्वर्गीय सेठ सीताराम की 25वीं पुण्यतिथि



**माती कानपुर देहात** स्व सेठ सीताराम गुप्ता की 25वी पुण्य तिथि शुक्रवार को बेहद ही श्रद्धाभाव से मनाई गईए माहौर वैश्य धर्मशाला के निकट समाधी स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह गुड्डन भी पहुंचेए स्व सेठ जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने पूर्वजों और बुजुर्गो को याद किया जाना अत्यंत आवश्यक होता है क्योंकि यदि हमारे पितृ हमसे नाराज़ हैं तो हम किसी भी दिशा में सफलता प्राप्त नहीं कर सकते इसलिए कोई यह ना सोचे कि जाने वाले चलें गए अब उन्हें याद क्या करेंए उन्होंने कहा कि हमारे संस्कार यही होते हैं कि हम जिनसे जन्मे हैं या हम जिस कुल के है उसके बुजुर्गो का सम्मान करना पड़ेगा। कार्यक्रम के दौरान रमेश गुप्ता भाजपा के लोकप्रिय युवा व्यापारी नेता रामजी मिश्रा आलोक गुप्ता लल्लू भैया गुड्डू भैया अमन ग्राम प्रधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष श्यामू शुक्ला वरिष्ठ उद्योगपति श्याम ओमर सूर्यकांत त्रिपाठी नगर पंचायत अध्यक्ष के मीडिया प्रभारी युवा समाजसेवी राज सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## हेडिंग'केन्द्रों पर बारदाने की कमी न होने देए सुसज्जित रखें सभी व्यवस्थाएं-एडीएम

**कृषकों से नियमित संवाद स्थापित कर समय से खरीद करें सुनिश्चित ।**

**गेंहू खरीद में लापरवाही पर क्रय समितियों से स्पष्टीकरण तलब।**

**उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्रों के केन्द्रों का करें नियमित सत्यापन।**



**माती कानपुर देहात** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार द्वारा मॉ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में संस्थावार गेंहू खरीद व लाभान्वित कृषकों की सुगमता हेतु समय पर भुगतान आदि करायें जाने के सम्बन्ध में बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने क्रय एजेन्सीवार स्थापित किये गये क्रय केन्द्रोंए उनकी खरीद लक्ष्य तथा अभी तक किये गये गेंहू खरीद के सम्बन्ध में जायजा लियाए जिसमें जनपद के प्रस्तावित खरीद लक्ष्य 27500 मे0टन0 के सापेक्ष मात्र 1135 मे0टन0 खरीद पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को क्रय एजेन्सी पीसीएफए पीसीयू तथा यूपीएसएस से स्पष्टीकरण तलब किये जाने तथा गेंहू क्रय में तीन दिन में सुधार न दिखने पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि खाद्य एवं रसद विभाग तथा एफसीआई द्वारा जन सम्पर्क कर मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से अभी तक 2600 कुन्तल की खरीद सुनिश्चित की गयी हैंए जिस पर उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए खरीद में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में एआर कोऑपरेटिव के अनुपस्थिति होने की दशा में कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा स्पष्टीकरण भी तलब करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि क्रय समितियांए कृषकों से संवाद मधुर कर उन्हें बिचौलियों से खरीद न करने तथा निर्धारित क्रय केन्द्रों पर ही शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2425 रू0 प्रति कुन्तल पर खरीद किये जाने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कृषकों से वार्ता कर उनका पंजीकरण समय पर कराते हुए खरीद बढ़ानेए 48 घण्टों में भुगतान सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि एडीसीओ सहकारिताए अपने नामित क्रय केन्द्रों का दौरा संबंधित नायब तहसीलदारए मण्डी सचिव तथा क्षेत्रीय विपणन अधिकारी के साथ नियमित रूप से सुनिश्चित करते हुए खरीद में तेजी लाये तथा केन्द्रों पर अवैध ट्रालियों का संचालन भी रोके। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को वीडियोकॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से निर्देश दिए कि वे सभी अपने.अपने क्षेत्रों में उपलब्ध क्रय केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर कृषकों से किये जा रहे संवाद हेतु बनायी गयी सम्पर्क पंजिका का सत्यापन सुनिश्चत करनेए क्रय केन्द्रों पर कृषकों से क्रय किये गये गेंहू का नियमित उठान सुनिश्चित करनेए बिचौलियों को मौके पर न पहुंचने दिये जाने सहित खरीद में सुधार लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने उप जिलाधिकारी डेरापुरए मैथा व रसूलाबाद को विशेष रूप से कुल पंजीकृत कृषकों से खरीद सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समस्त उप जिलाधिकारी अपने.अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर सुनिश्चित करें कि अपने जनपद का गेंहू अन्य जनपद में न जाये। इस सम्बन्ध में मण्डी समिति द्वारा अवगत कराया गया कि अभी तक जनपद में क्रमशः रूरा में 12 वाहनए झींझक में 03ए व पुखरायां में 02 वाहन कुल 17 वाहनों पर कार्यवाही की गयी है। उन्होंने सभी क्रय समितियों को अंतिम चेतावनी देते हुए खरीद में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि तीन दिन में सुधार प्रदर्शित नही होता है तो सख्त कार्यवाही के लिए भी तैयार रहे। उन्होंने केन्द्रों पर वारदानाए बोराए पंजिकाओं का रख रखाव व अंकन शत प्रतिशत पूर्ण रखने के भी निर्देश दिये। इस मौके पर समस्त उप जिलाधिकारीए जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारीए मण्डी सचिव व अन्य क्रय समितियों के प्रतिनिधि/अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## न्यू लाइट एजुकेशन सेंटर मे अब शिक्षा पाने के लिए नहीं उठानी पड़ेगी किसी को परेशानी



**माती कानपुर देहात** न्यू लाइट एजुकेशन सेंटर मैदू रोड अकबरपुर कानपुर देहात के प्रबंधक संतोष कुमार यादव ने प्रेस वार्ता में बताया कि न्यू लाइट एजुकेशन सेंटर सीबीएसई बोर्ड नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त है। कक्षा .पी0 जी0 से कक्षा. 12 तक के बच्चों की उत्तम शिक्षा व्यवस्था है। कानपुर का प्रशिक्षित स्टाफ विद्यालय में कार्यरत है एप्रबंधक ने बताया कि इस बार विद्यालय प्रबंध समिति ने निर्णय लिया है कि न्यू लाइट एजुकेशन सेंटर में वर्तमान सत्र में हर एक आय वर्ग के बच्चों का प्रवेश लिया जाएगाए जिस अभिभावक की जैसी आय होगी उसी आधार पर उनके बच्चों की फीस भी निर्धारित की जा सकती हैए बच्चा अगर मेधावी है तो आर्थिक समस्या उसकी शिक्षा में बाधा नहीं बनेगी। विद्यालय में दिनांक 3 अप्रैलए 2025 से 25 अप्रैल ए2025 तक प्रवेश मेला आयोजित किया जा रहा है। इस प्रवेश मेले में अधिकाधिक बच्चों के प्रवेश लिए जाएंगे ।प्रवेश मेला के दौरान बच्चों के प्रवेश कराने पर विशेष छूट प्रदान की जाएगी।श् बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओश् में बालिकाओं को विशेष छूट दी जाएगी।श् पहले आओ पहले पाओश् ऑफर सीमित समय तक ही चलेगा। अभिभावक गण अपने बच्चों को उत्तम मान्यता प्राप्त इंग्लिश मीडियम विद्यालय में शिक्षा जरूर दिलाएं ।जिन बच्चों के माता.पिता नहीं है उन्हें निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी ।अब पढ़ने वाले छात्र या छात्रा के लिए आर्थिक कमजोरी बाधा नहीं बन सकेगी। श्सब पढ़े सब आगे बढ़ेश। जरूरतमंद छात्र.छात्राओं की समुचित सहायता की जाएगी। अतः आप सभी इस अवसर का लाभ उठाएं और इस सूचना को आगे बढ़ाएं जिससे सभी पढ़ने वाले छात्र.छात्राओं को उत्तम शिक्षा प्राप्त करने का सुअवसर मिल सके।

## भाजपा का गांव चलो अभियान शुरू - विधायक ने विकास कार्यो और योजनाओं की दी जानकारी



**भाजपा विधायक पूनम संखबार की जनता में बढ़ती लोकप्रियता**

रसूलाबाद कानपुर देहात । भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत भाजपा विधायक पूनम संखबार ने गांव गांव जनता के बीच जाकर भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी दी । भाजपा विधायक पूनम संखवार ने तिष्ती मण्डल के ग्राम मकरंद पुर मनावा गांव में बूथ समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर गांव भ्रमण कर जनता व वरिष्ठ जनों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया साथ ही ग्राम के मंदिर व सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई करने के साथ विकास कार्यो व सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी । भाजपा विधायक पूनम संखवार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पार्टी की विचार धारा और विकास कार्यो को जनता तक पहुंचाना है । इस दौरान मण्डल अध्यक्ष रंजना द्विवेदी पूर्व सदस्य जिला पंचायत अतुल यादव प्रदीप तिवारी ग्राम प्रधान सौरभ सिंह पूर्व जिला मंत्री अमित सिंह पूर्व मण्डल अध्यक्ष पंकज दुबे गौरव सिंह सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## खुद अपना हलख सुखाने में नाकाम है मंगलपुर के वाटर कूलर

**माती कानपुर देहात** मुख्य चौराहे और थाने के बाहर लोगों की प्यास बुलाने के लिए लगे वाटर कूलर खुद अपना हलख तर्र करने को छटपटाने नज़र आ रहे हैंए गर्मी के बढ़ने और उपरोक्त स्थान से बड़े पैमाने पर लोगों के आवागमन को देखते हुए लोगों के बीच इस बात की चर्चा ऑन हो गई है कि कब जिम्मेदारों की निगाह इन वॉटर कूलरों पर पड़ेगीए और कब वह दिन आएगा जब यह वाटर कूलर अपने मकसद में कामयाब होकर लोगों की प्यास बुझाने का काम करेंगें ।।सरकार ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जगह.जगह वाटर कूलर लगवा रही है जिसमे लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन देखरेख के अभाव में वाटर कूलर बेमकसद साबित हो रहे है। ऐसे ही मंगलपुर कस्बे के मुख्य चौराहे पर जूनियर हाई स्कूल गेट के पास कई वर्ष पहले राहगीरो की प्यास बुझाने के लिए वाटर कूलर लगवाया गया थाएजो दो महीने मे ही खराब हो गया था। तब से लम्बा अरसा गुजर जाने के बाद भी अभी तक वाटर कूलर को सही नही करवाया गया है जिस से दुकानदार व राहगीरो को प्यास बुझाने के लिये भटकना पड रहा है ।दुकानदारों ने बताया कि कई वर्ष पहले वाटर कूलर लगाया गया था जो थोड़े ही समय में खराब हो गया था।अब वर्षो गुजर जाने के बाद भी अभी तक इसको सही नहीं किया गया है जिससे राहगीर निजी दुकानों से ठंडा पानी खरीदने के लिए मजबूर हो रहे हैं ।दुकानदारो ने शीघ्र ही वाटर कूलर सही करवाने की मांग की है।

## पारस अस्पताल में दुर्लभ हृदय रोग से पीड़ित व्यापारी का हुआ सफल इलाज



**कानपुर।** बिठूर स्थित पारस हॉस्पिटल में आर्य नगर निवासी 70 वर्षीय लोहा व्यापारी अजय मालवीय दुर्लभ हृदय रोग से पीड़ित थे। जिनका सफल इलाज पारस हॉस्पिटल के डायरेक्टर वेंकटेश्वर लू मारपका और सीटीवीएस सर्जन डॉ मनोज अग्नि और उनकी टीम ने किया। हॉस्पिटल के डायरेक्टर वेंकटेश्वर लू मारपका ने बताया कि अजय मालवीय को चार साल पहले दिल का दौरा पड़ा था। हाल ही में जब उनके मुंह की गांठ के ऑपरेशन से पहले कुछ जरूरी जांच की गई, तो डाक्टरों ने उनके दिल में एक बेहद दुर्लभ बीमारी पाई। उनके दिल की मांसपेशियों को खून पहुंचाने वाली मुख्य धमनी से एक लंबी बड़ी और टेढ़ी-मेढ़ी नाली फेफड़ों की मुख्य धमनी तक जा रही थी। इस स्थिति को कोरोनरी आर्टरी फिस्टुला कहा जाता है। यह नली दिल के सबसे जरूरी हिस्से तक खून पहुंचने से रोक रही थी। कोरोनरी आर्टरी फिस्टुला की आम लोगों में होने की संभावना मात्र 0.002 प्रतिशत होती है। अगर इसका इलाज ना हो तो अचानक कार्डियक डेथ यानी अचानक दिल का दौरा पड़ने का खतरा हमेशा बना रहता है। उन्होंने बताया की ऑपरेशन के दौरान इस असामान्य नाली को कई जगह से बंद किया गया और साथ ही कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग भी की गई। खास बात यह है कि पूरी सर्जरी धड़कते हुए दिल पर की गई। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के बाद मरीज की रिकवरी अच्छी रही और सिर्फ 6 दिन में ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और अब वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। पारस हॉस्पिटल के डायरेक्टर वेंकटेश्वर लू मारपका ने बताया कि पारस हॉस्पिटल में सीएसआर के तहत फ्री हार्ट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।

## जलती चिता को पुलिस ने बुझवाया, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा





- **संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत**
- **पत्नी बोली, पति की हत्या हुई है**

**कानपुर।** सनिगवां में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव का अंतिम संस्कार करने सिद्धनाथ घाट पहुंचे और चिता को मुखाग्नि दे दी। तभी सूचना पाकर मायके से ससुराल पहुंची पत्नी ने पति की हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को सूचना दी। घाट पर पहुंची पुलिस ने समर्सिबल पंप से जलती चिता को बुझाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

चकेरी थाना क्षेत्र के सनिगवां निवासी सोहन लाल द्विवेदी बिजली मैकेनिक थे। परिवार में पत्नी नीलम और तीन बेटियां हैं। इसी घर में सोहनलाल का छोटा भाई ज्ञानी उर्फ मोहन भी अपने परिवार के साथ रहता है। पत्नी नीलम ने बताया कि कुछ दिन पहले वह बेटियों के साथ मायके बिहार के गया जिले गई थी। बीती नौ अप्रैल को उन्हें सूचना मिली कि पति की मौत हो गई है। खबर सुनते ही मेरे होश उड़ गए। ये क्या हो गया। मेरे देवर ने फोन करके मुझे बताया था। मैंने उससे कई बार पूछा क्या हुआ, लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। सिर्फ इतना ही बताया कि सोहन जब सुबह बिस्तर से सोकर नहीं उठे, तो भाई ज्ञानी ने देखा। इसके बाद पता चला कि सोहन अब नहीं रहे। देवर का फोन रखते ही मैं अपने तीनों बच्चों और अपने भाई प्रदीप के साथ बिहार से निकली। फिर 10 अप्रैल की रात को घर पहुंची। नीलम ने बताया कि मेरे पति की मौत हुई है। क्योंकि उनके सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं। लाश उठाने के बाद उनके सिर से खून रिस रहा था। मैं सबसे बोल रही थी कि सिर से खून कैसे गिर रहा है, क्या हुआ है। इनकी तबीयत भी नहीं खराब थी। क्या हुआ है, किसने मारा है। मेरी किसी ने नहीं सुनी। मैं चिल्लाती रह गई, लेकिन किसी ने मेरी न सुनी। नीलम ने बताया कि शुक्रवार सुबह आनन-फानन में परिवार के साथ शव को अंतिम संस्कार करने सिद्धनाथ घाट पहुंच गए। नीलम के रोकने पर भी वे लोग जल्दी अंतिम संस्कार करने की बात पर अड़ रहे। इस पर नीलम के भाई प्रदीप ने डायल 112 मिलाकर पुलिस को सूचना दी। आनन-फानन में पुलिस सिद्धनाथ घाट पहुंची, जहां पर शव को मुखाग्नि दी जा चुकी थी। फिर पुलिस ने समर्सिबल पंप से पानी डालकर चिता को बुझाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चकेरी इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला ने बताया कि चिता की आग बुझाते ही शव को कब्जे में ले लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। रिपोर्ट आने पर ही आगे की जांच की जाएगी।

### सिर और गले पर गंभीर चोट के निशान

इस पर नीलम के भाई प्रदीप ने डायल 112 मिलाकर पुलिस को सूचना दी। आनन फानन पुलिस घाट पहुंचीए जहां पर शव को मुखाग्नि दी जा चुकी थी। फिर पुलिस ने समर्सिबल पंप से पानी डालकर चिता को बुझाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नीलम का आरोप है कि उनके पति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। पति के सिर और गले पर गंभीर चोट के निशान हैं।

### अब लोग बता रहे हत्या की गई

भाई ज्ञानी द्विवेदी ने बताया कि 9 अप्रैल की रात को ये काम से आए। फिर खाना खाकर सो गए। हम लोग भी खाना खाकर सो गए थे।

सुबह जब काफी देर तक नहीं उठेए तो हमने हिलाया दुलाया, लेकिन वो उठे नहीं। सांस भी नहीं चल रही थी। इसके बाद हमने सबको बताया। उनकी पत्नी को सूचना दी। अब ये लोग बता रहे हैं कि हत्या की गई है, सिर पर घाव के निशान हैं। तो पुलिस केस कराया है। पुलिस लाश को ले आई है।

## ज्योति राव फुले की जयंती पर हुआ सेमिनार

कानपुर। शुक्रवार को सपा कार्यालय में पिछड़ों शोषित पीड़ितों के मसीहा ज्योति राव फुले की 198वीं जयंती पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद व संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव मिन्टू ने किया। सेमिनार में नगर अध्यक्ष ने ज्योति राव फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने शोषित पीड़ित दलित पिछड़ों के सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष कर उनकी सुरक्षा तथा सम्मान के लिए संघर्ष किया और पूरे महाराष्ट्र में दलितों को समाज में भागीदारी दिए जाने के लिए पदयात्राएं कर एक मजबूत अभियान चलाया था। महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर ने कहा कि ज्योति राव फुले की नीतियों को लेकर सपा का पीडीए मिशन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अभियान जारी रखेगा। भाजपा सपा पीडीए मिशन के बढ़ते हुए प्रभाव से परेशान है, इसलिए वह सुबह उठकर योग भूल कर सपा पर असंसदीय शब्दों का प्रयोग करके अनर्गल बयान दे रहे हैं। लगता है कि भाजपा को पीडीए के कारण रात में नींद नहीं आ रही है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने कहा कि महानगर में टनो कूड़ा बज बजा रहा है पीने के पानी की विकराल समस्या है। बीमारियां लगातार फैल रही है, लेकिन सरकार सपा को नींद में अपशब्दों का प्रयोग करने में अगुवाई कर रही जिसे जनता 2027 में जवाब देगी। सेमिनार मे प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव के के शुक्ला, आनंद शुक्ला, नंदलाल जयसवाल, हाजी अयूब आलम, सौरभ सिंह, प्रवीण मिश्रा, पंकज फौजी, मुमताज मंसूरी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## स्कूल को फायदा पहुंचाने जैसी क्रिया में संलिप्तता पाई गई तो होगी कार्रवाई

- **जिलाधिकारी ने बुक सेलर्स के साथ की बैठक**



**कानपुर।** शुक्रवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने जनपदीय शुल्क नियामक समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सबसे बड़े बुक सेलर्स के साथ हुई। बैठक में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं के विषय में पुस्तक विक्रेता से सुझाव प्राप्त किए गए, इस विषय में उनका यह कहना था कि स्कूलों से उन्हें देरी से पुस्तकों की लिस्ट मिलती है, उन्होंने यह बताया गया कि यदि स्कूलों द्वारा उन्हें समय से लिस्ट उपलब्ध करा दी जाए तो अभिभावकों की सुविधानुसार उनके द्वारा और भी बेहतर कार्य किया जा सकता है, सभी बुक सेलर्स ने कहा कि वे भी साफ सुथरा कार्य करना चाहते हैं। जिलाधिकारी ने सभी बुक सेलर्स से कहा कि ऐसे किसी अन्य संस्थान, स्कूल, के द्वारा किसी अवैध धनराशि का वाहक न बने, जिससे कि उनकी प्रतिष्ठा खराब हो, किसी अभिभावक का उनके द्वारा शोषण न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। यदि किसी बुक सेलर्स द्वारा स्कूल का वाहक बन किसी प्रकाशक या स्कूल को फायदा पहुंचाने जैसी क्रिया में संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि विद्यालय द्वारा 31 दिसम्बर तक नवीन सत्र हेतु पाठ्यक्रम एवं शुल्क का निर्धारण कर वेवसाइट पर सार्वजनिक करें। जिन विद्यालयो द्वारा निर्धारित समय से पाठ्यक्रम एव शुल्क का निर्धारण नहीं किया जाता है, उनके विरूद्ध उप्र स्ववित्त पोषित स्वतंत्र अध्यादेश-2018 के बिन्दु संख्या 4 एवं 10 में उल्लिखित फीस का निर्धारण एवं किसी छात्र को पुस्तकें, जूते, मोजे व यूनिफार्म आदि किसी विशेष दुकान से क्रय करने के लिए बाध्य नही किया जाने का उल्लंघन माना जाता है। जिसके अंतर्गत अर्थ दण्ड के साथ-साथ अन्य आवश्यक कार्यवाई कराना समिति के अधिकार क्षेत्र में आता है।

जिलाधिकारी द्वारा विद्यालयों और बुक सेलर्स के बीच के सांठ-गाँठ द्वारा की गई भ्रष्टाचार की तुलना संचारी रोगों से करते हुए यह कहा गया कि पुस्तक विक्रेता वेक्टर बोर्न डिजीज के वाहकों की भांति किसी स्कूल या प्रबंधक के द्वारा अभिभावकों से अवैध वसूली न करें। उन्होंने निर्देश दिए वर्तमान सत्र 2025-26 में जितनी पुस्तके विक्रय की गयी है, उनके बिल बाउचर एवं पुस्तको पर जो छूट दी गयी है, उसके साक्ष्य उपलब्ध कराएं।

## खबर एक नजर

### डीजी कॉलेज में उमंग 2025 का आयोजन



**कानपुर।** शुक्रवार को दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज की सांस्कृतिक परिषद द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गीत, गजल, पंजाबी डांस, घूमर, भजन, गिटार, वादन और मिमिक्री में अपनी प्रस्तुति दी। उक्त कार्यक्रम में प्रोफेसर मुकुलिका हितकारी, प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव, प्रोफेसर रश्मिता पांडे, डॉक्टर मंजुला श्रीवास्तव, डॉ दीपिका श्रीवास्तव, डॉ वंदना द्विवेदी एवं डॉक्टर कविता बिश्नोई मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शिप्रा श्रीवास्तव ने किया।

### 350वें शहीदी दिवस पर होगा सफर-ए-शहादत यात्रा का आयोजन

**कानपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस पर श्री गुरु सिंह सभा की ओर से 7 नवंबर को सफर-ए-शहादत यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 7 नवंबर को गुमटी गुरुद्वारे से श्रद्धालुओं का जत्था रवाना होगा। यात्रा कानपुर से निकल कर 8 नवंबर को आगरा स्थित गुरु का ताल गुरुद्वारे पहुंचेगी। 9 नवंबर को श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी स्थल दिल्ली शीशगंज गुरुद्वारे पहुंचेगी। श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस को लेकर शुक्रवार को श्री गुरु सिंह सभा की अशोक नगर में बैठक हुई। सभा के चेयरमैन पूर्व एमएलसी सरदार कुलदीप सिंह ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर के जीवनी पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का अक्टूबर माह में आयोजन कराया जाएगा। जिसमें करीब 500 छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे, प्रतियोगिता दो भागों में कक्षा 5 से 8 व 9 से 12 के बच्चों विभाजित होगी। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने मांग की प्रदेश में 403 सीटे विधानसभा, एक एग्लों इंडियन नॉमिनेशन व 100 सीटें विधान परिषद में है। जिसमें से विधानसभा व विधान परिषद की 5 सीटें सिखों के लिए सुरक्षित की जाएं। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक आयोग का गठन तो किया गया है, लेकिन यह आयोग मुस्लिम हितों तक ही सीमित है। जिससे सिख समुदाय को लाभ न के बराबर है। सिखों के हितों के लिख सिख अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया जाए। सभा के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह ने बताया कि शहीदी दिवस पर 20 नवंबर को संत समाज की बैठक का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें शहर के संत-महंत समेत महामंडलेश्वर, अखाड़ों के शंकराचार्य शामिल होंगे। 21 नवंबर को इंटलेक्चुअल मीट का आयोजन किया जाएगा, जो श्री गुरु तेग बहादुर की शहादत पर आधारित होगी। इस मीट में प्रदेश भर की यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर शामिल होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल करेंगी। वहीं 23 नवंबर को मोतीझील लॉन में नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। 24 नवंबर को 3 लाख श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था की जाएगी। वहीं 25 नवंबर मुख्य शहादत दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री को निमंत्रित करने की तैयारियां की जा रही हैं।

### विशेषज्ञों ने सुरक्षित विधि से ऑपरेशन की तकनीकियों को बताया

**कानपुर।** सर्जिकल क्लब व जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज द्वारा इंडियन एसोसिएशन ऑफ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल इंडोसर्जनस व एसोसिएशन ऑफ सर्जनस ऑफ इंडियाए उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय हर्निया कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इसका विषय फेलोशिप इन एडवांस हार्निया सर्जरी था। इसमें पूरे विश्व में सबसे ज्यादा होने वाली हर्निया की बिमारियों ऑपरेशन से संबंधित जटिलताओं और सुरक्षित विधि से ऑपरेशन की तकनीकियों के विषय में देश के विभिन्न स्थानों से आए प्रसिद्ध सर्जन ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। फाल्स हर्निया कांफ्रेंस के ऑर्गनइजिंग चेयरमैन डॉ जीडी यादव ने बताया की कांफ्रेंस के अंतर्गत 15 से 20 निर्धन मरीजों की एडवांस दूरबीन हर्निया सर्जरी 13 अप्रैल को निःशुल्क की जाएंगी। इसके लिए पंजीकरण 3 से 10 अप्रैल तक सर्जरी विभाग किए गए। कानपुर सर्जिकल क्लब के अध्यक्ष डॉ दीपक अग्रवाल ने बताया की लगातार सर्जरी के क्षेत्र में हो रहे आधुनिकीकरण व नित बदलते टेक्नोलॉजी से सभी सदस्यों को अपडेट करता है। कानपुर सर्जिकल क्लब के चीफ पैट्रन व प्रदेश के सर्जन डॉ शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि अब उत्तर प्रदेश आधुनिक चिकित्सा व नए चिकित्सा प्रणालियों में लगातार प्रगति कर रहा है। आयोजन सचिव डॉ शिवांशु मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पहली बार हो रहे 3 दिन चलने वाले फाल्स हर्निया प्रोग्राम उन सभी शल्य चिकित्सकों के लिए एक मिल का पत्थर साबित होगा जो आधुनिक हर्निया सर्जरी में निपुणता हासिल करना चाहते है। कांफ्रेंस में पूरे देश से करीब 300 से ज्यादा सर्जन हिस्सा ले रहे है, जिन्हें राष्ट्रीय ख्याति का हर्निया सर्जन कांफ्रेंस के पहले 2 दिन लेक्चर, पैनल डिस्कशन, एंडोट्रानेर्स होगा। तीसरे दिन हर्निया ऑपरेशन की आधुनिकतम ऑपरेशन व इसकी जटिलताओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक डॉ शिवांशु मिश्रा ने बताया कि सम्मेलन में सारे देश से लेप्रोस्कोपी के विद्वान दिल्ली के डॉ प्रदीप चौबे, चेन्नई से सेंथिल मीनाक्षी सुंदरम होसूर, डॉ एम कनागवेल, आंध्र प्रदेश के डॉ गनी भास्कर राव राजमुंदरी, डॉ सुषमा सुरपनेनी, मुंबई की डॉ निधि खंडेलवाल, अहमदाबाद की डॉ प्रिया कोपर, दिल्ली के डॉ दीप गोयल, डॉ तरूण मितत, आंध्र प्रदेश के डॉ समीर रंजन नायक आदि लोग शामिल हुए हैं।

## जाम खत्म करने हेतु अनवगंज से मंधना तक रेलवे लाइन को किया जाएगा एलिवेटेड

- **मण्डलायुक्त ने एलिवेटेड रेलवे ट्रैक परियोजना को लेकर की बैठक**




**कानपुर।** शुक्रवार को मंडलायुक्त के विजयेंद्र पांडियन ने अनवरगंज से मंधना के बीच एलिवेटेड रेलवे ट्रैक परियोजना को लेकर बैठक की। यूनिवर्सिटी के सामने बनने वाले नए अटल बिहारी रेलवे स्टेशन को आसपास के दोनों तरफ एसपीएम और विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन से कनेक्ट किया जाएगा। बैठक में मंडलायुक्त ने दोनों मेट्रो स्टेशनों को कनेक्ट करने के लिए स्काईवॉक बनाने का प्रस्ताव दिया गया है। इसके लिए जल्द ही अधिकारियों की टीम सर्वे करेगी। मंडलायुक्त ने बताया कि शहर के अंदर से गुजर रही रेलवे क्रॉसिंग को खत्म करने के लिए अनवरगंज से मंधना के बीच 16.25 किमी रेलवे लाइन को एलिवेटेड किया जाएगा। मंडलायुक्त ने बताया कि रेलवे की ओर से टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

वहीं शासन द्वारा जरीबचौकी सेतु का शासनादेश और भूमि अधिग्रहण की स्वीकृति प्राप्त होते ही टेंडर आमंत्रित कर लिए जाएंगे। पहले चरण में अटल बिहारी नए रेलवे स्टेशन के निर्माण के डिजाइन इत्यादि के लिए टेंडर आमंत्रित करने के लिए 16 अप्रैल 2025 को खोले जाएंगे। रेलवे लाइन एलिवेटेड होने के बाद कल्याणपुर और रावतपुर स्टेशन समाप्त कर दिए जाएंगे। इससे जीटी रोड में लोगों को जाम से भी राहत मिलेगी। निर्माण कार्य 2 वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस दौरान रेल यातायात मंधना से संचालित होगा और कुछ लंबी दूरी की ट्रेन वैकल्पिक मार्ग से चलेंगी। मंडलायुक्त ने बताया कि रेल ट्रैक के मध्य में विभिन्न यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य समय से पूरा कराया जाए। सभी विभागों की एक समिति बनाई जाएए जिसके माध्यम से रेलवे को हर संभव सहयोग करते हुए शिफ्टिंग कार्य निर्माण आरंभ होने से पहले कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में केडीए वीसी मदन सिंह गर्ब्याल, नगर आयुक्त सुधीर कुमार, समन्वयक नीरज श्रीवास्तव, पूर्वोत्तर रेलवे की उप मुख्य अभियंता मानसी मित्तल, अपर जिला मजिस्ट्रेट भूमि अध्याप्ति और कानपुर मेट्रो के परियोजना निदेशक समेत अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संघ प्रमुख मोहन भागवत के आगमन की तैयारियां हुई तेज

**-चार मंजिला नवनिर्मित संघ कार्यालय का करेंगे उद्घाटन**



कानपुर। 13 अप्रैल की शाम संघ प्रमुख मोहन भागवत शहर आ जाएंगे। पांच दिन के प्रवास के लिए संघ कार्यालय को पूरी तरह सजाया जा रहा है। कारवालो नगर स्थित नवनिर्मित संघ कार्यालय में तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यालय के बाहर खाली स्थान पर बड़ा पंडाल भी लगाया जा रहा है। संघ के मुताबिक प्रदेश में सबसे बड़ा कार्यालय केशव भवन में बनाया गया है। 4 मंजिला भवन 6500 स्क्वायर फीट में तैयार किया गया है। 500 लोगों के बैठने के हॉल के साथ ही 34 कमरे भी बनाए गए हैं, जिसमें संघ कार्यकर्ता से लेकर प्रांत प्रचारक व अन्य स्वयंसेवक रुक सकेंगे। कानपुर की चारों जिला इकाइयों के स्वयंसेवकों को रोज सुबह 6 से 9 बजे तक तीन घंटे श्रमदान कर रहे हैं। 14 अप्रैल को 4 मंजिला नवनिर्मित संघ कार्यालय का मोहन भागवत उद्घाटन करेंगे। साथ ही डॉ अंबेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। तय कार्यक्रम के मुताबिक 2 दिन मोहन भागवत बैठकों में भाग लेंगे। साथ ही 15 अप्रैल की शाम को पूर्व जिले की शाम की और 16 अप्रैल को दक्षिण जिले में सुबह की शाखा में शामिल होंगे। 17 अप्रैल को वह अलीगढ़ रवाना होंगे। संघ कार्यालय पूरी तरह बनकर तैयार हो चुका है। पहले यह दो खंड का था जो अब चार खंड का हो गया है। इसमें सभागार के साथ ही पार्किंग की भी सुविधा है। आगंतुक कक्ष है। प्रचारक का आवास भी बनाया गया है, जो प्रचारक बाहर से आते हैं, उनके ठहरने की भी व्यवस्था की गई है। संघ पदाधिकारियों के मुताबिक अशोक सिंघल के समय संघ कार्यालय गांधी नगर में था।

## वक्फ बिल के विरोध में पोस्टर और बैनर लेकर सड़क पर किया विरोध प्रदर्शन

- **एक युवक ने मिट्टी का तेल डालकर किया आत्मदाह का प्रयास**



कानपुर। नौबस्ता के मछरिया इलाके में शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब यहां पर जुमे की नमाज के बाद मुस्लिमों ने वक्फ बिल के विरोध में प्रदर्शन कर पोस्टर लहराए। इस दौरान एक युवक ने केरोसिन डालकर आत्मदाह का प्रयास किया, लेकिन सर्तकता दिखाते हुए पुलिस बल ने उसे पकड़ लिया। विरोध प्रदर्शन कर रहे चार लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इसके बाद डीसीपी साउथ व एडीसीपी ने भारी पुलिस बल के इलाके में रूट मार्च किया।

मछरिया की जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद कुछ लोगों ने वक्फबिल को लेकर पोस्टर बैनर के साथ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विरोध प्रदर्शन कर रहे एक युवक ने अपने ऊपर केरोसिन भी उड़ेलकर आत्मदाह का प्रयास किया। मामले की जानकारी मिलते ही वहां मौजूद पुलिस फोर्स ने विरोध प्रदर्शन कर रहे चार लोगों 19 साल के सैफ, रेहान, समर जिलानी और एक नाबालिग को हिरासत में लिया। सैफ ने ही केरोसिन डालकर आत्मदाह का प्रयास किया था। विरोध प्रदर्शन की भनक लगते ही पूरे शहर में हाई अलर्ट घोषित करने के साथ ही एलआईयू को भी सक्रिय कर दिया गया है।

डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी, एडीसीपी साउथ महेश कुमार, एसीपी नौबस्ता चित्रांशु गौतम भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मछरिया, राजीवनगर, नौबस्ता समेत आसपास के इलाको में पैदल मार्च भी किया। डीसीपी साउथ का कहना है कि पोस्टर कहां पर छापे गए, इसकी जानकारी ली जा रही है, पोस्टर को कब्जे में लिया गया हा् पूरी घटना के पीछे कौन कौन सक्रिय है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है, जो भी मामले में दोषी मिला, उस पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

**शहर में अलर्ट घोषित**

नौबस्ता के मछरिया में वक्फबिल विरोध प्रदर्शन के बाद पूरे शहर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। शहर के सभी हॉट स्पॉट पर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। अलग-अलग इलाकों में रूट मार्च किया गया है। इसके साथ ही पुलिस लोगों को अनाउंसमेंट करके लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील कर रही है।

## खबर एक नज़र



### खालसा साजना दिवस का तीन दिवसीय आयोजन

**कानपुर** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी खालसा साजना दिवस वैसाखी पर्व दिनांक 11 से 13 अप्रैल तक गुरुद्वारा माता गुजरी जी लेबर कालोनी गोविन्द नगर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है इस अवसर पर शुक्रवार को गुरुद्वारा लेबर कालोनी से नगर कीर्तन ;शोभा यात्राद्ध पंज प्यारों की अगवाई में निकाली गई इस अवसर पर श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी को भव्य व सुन्दर पालकी में सुशोभित किया गया तथा शहर के सभी गुरुद्वारों के कीर्तनी जत्थे एवं संगतों ने शोभा यात्रा में चलकर गुरूबाणी पाठ किया जगह जगह संगतो के लिए प्रसाद आदि का वितरण कीया गया

### पाक्सो एक्ट में पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार



**बिठूर** पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित रतनपुर पनकी निवासी शुभ शुक्ला को मुखबिर की सूचना पर एलडीको के पीछे कटियार तिराहे वाले रास्ते से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बिठूर थाना क्षेत्र के टिकरा चौकी के अंतर्गत गुरुवार को एक गांव के रिक्शा चालक ने पुलिस को तहरीर देकर दो युवकों पर नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर कर अपने फ्लैट पर लेजाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। पुलिस ने दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपीयों की तलाश में जुट गई। बिठूर थाना प्रभारी प्रेम नारायण विश्वकर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज आरोपीयों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी शुक्रवार को एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है वहीं दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं जल्द ही दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### संगठन विस्तार को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक हुई संपन्न

**आशीष शुक्ल इंदु को बनाया गया प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य**



**बिल्हौर** कानपुर जनपद के बिल्हौर नगर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश मंत्री मनोज गुप्ता के आवास पर आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन के प्रदेश महामंत्री ब्रजेश शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष नितिन अग्रवाल की संस्तुति से युवा समाजसेवी एडवोकेट आशीष शुक्ला इंदु को प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया और कार्यकर्ताओं ने श्री इंदु शुक्ला का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री ब्रजेश शुक्ला ने उपस्थित सभी व्यापारियों से सक्रिय राजनीति में अपनी भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया और सभी कार्यकर्ताओं से संगठन का विस्तार करने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि उनका संगठन चुनाव लड़ने वाले व्यापारियों का पूरा सहयोग एवं समर्थन करेगा। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था के संबद्ध में पूछे गए सवाल के जवाब में प्रदेश महामंत्री ने मोदी योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि वर्तमान में कानून का राज है और इस सरकार में प्रदेश का व्यापारी वर्ग खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है। जिलाध्यक्ष विनीत गुप्ता मोनू के नेतृत्व में आयोजित बैठक में 27 अप्रैल को लखनऊ में होने वाली प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक की तैयारियों के संबद्ध में विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री मनोज गुप्ता सागर अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष विनीत गुप्ता मोनू जिला महामंत्री सचिन गुप्ता एवं संगठन के संरक्षक रघुवीर सिंह यादव समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बौद्ध कथा में पहुंचकर सपा नेता विनय कोरी ने लिया आशीर्वाद



**अरौल** सपा नेता विनय कोरी आज बिल्हौर विधानसभा के अरौल ग्राम मे स्थित बुद्ध बिहार में आयोजित बौद्ध कथा में शामिल हुए और भगवान बुद्ध का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के आयोजकों ने भगवान बुद्ध का चित्र देकर सपा नेता को सम्मानित किया। इस अवसर पर सपा नेता विनय कोरी वरिष्ठ सपा नेता आशीष सिंह चटरू प्रदेश सचिव प्रदीप कोरी अनिरुद्ध कोरी प्रधान उट्ठू अरविन्द कोरी चंद्रपुरा सरमन कोरी नवीन यादव आदि लोग उपस्थित रहे ।

### विधायक ने दी 37 करोड़ की सड़को की सौगात किया शिलान्यास

घाटमपुर। विधान सभा क्षेत्र के बरीपाल अमौली रोड तिराहा पर विधायक सरोज कुरील ने 37 करोड़ की सड़को का भूमि पूजन के साथ शिलान्यास किया। यह सौगात बरीपाल से पीण्जीण्बी मार्ग मोड़ वाया सवाईपुर चतुरीपुर असधना तक तथा लहुरीमऊ व चांदपुर के बीच चौड़ीकरण व सुंदरीकरण के रूप में विधायक ने क्षेत्र वासियों को दी है। इस मौके पर बोलते हुए विधायक ने कहा कि मैं कहने से ज्यादा करने पर विश्वास करती हूं। मैने आप सबसे सड़को को बनाने का जो वादा किया था उसे पूरा किया। उन्होंने आगे कहा कि मैने विकास से उपेक्षित गांवों में न सिर्फ प्राथमिकता से कार्य कराए हैं। बल्कि किसी तरह का भेद भाव नहीं किया। उन्होंने आगे कहा कि मैने कभी खुद को विधायक नहीं बल्कि सेवक बनकर आप सबके बीच काम किया हैए आगे भी करती रहूंगी। सड़कों के बनने पर क्षेत्र में यातायात की सुविधा में सुधार के साथ स्थानीय व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलेगा।वहीं ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत करने के साथ आभार जताया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि मनीष तिवारी के अलावा तन्मय तिवारीए अभिषेक पटेल विनोद सचान हसन वारसी संजय संजीव तिवारी गुड़िया अवस्थी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### नगरीय पीएम आवास योजना के किए गए सर्वे में 57 मिले अपात्र

घाटमपुर। नगरीय पीएम आवास योजना के लिए आवेदन करने वाले 84 लोगों के घरों में जाकर जब तीन सदस्यीय टीम ने सर्वे किया तो मात्र 27 लोग ही टीम को पात्र मिले।शुक्रवार को एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह से मिलकर अधिशाषी अधिकारी डाव महेन्द्र कुमार ने बताया कि नगरीय पीएम आवास के लिए 84 लोगों द्वारा आवेदन किया गया था। जिनका स्थलीय निरीक्षण किया जाना है। उन्हों आगे बताया कि निरीक्षण के लिए नायब तहसीलदार व लेखपाल के साथी तीन सदस्यीय टीम में उन्हें भी शामिल किया गया है। जिस पर एसडीएम ने नायब तहसीलदार धर्मेन्द्र चौधरी व लेखपाल कमल तिवारी को अधिशाषी अधिकारी के साथ स्थलीय निरीक्षण को भेजा था। नायब तहसीलदार धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि टीम के साथ जब घर घर जाकर सत्यापन किया तो तो 84 आवेदनों में मात्र 27 ही पात्र व 57 आवेदन अपात्र मिले हैं। वहीं अधिशाषी अधिकारी डाव महेन्द्र कुमार ने बताया कि जिला धिकारी द्वारा इस संबंध में मांगी गई तीन सदस्यीय सत्यापन रिपोर्ट एसडीएम के माध्यम से जल्द भेजी जाएगी।

## साढ़ पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ जवाबी फायरिंग में एक घायल दो फरार







**निशाना चूकने से बाल बाल बचे प्रभारी निरीक्षक साढ़ जीप का शीशा क्षतिग्रस्त**

स्वतंत्र भारत संवाददाता

भीतरगांव। बीती रात साढ़ थाना क्षेत्र की भीतरगांव चौकी अंतर्गत धरमपुर मार्ग पर चेकिंग के दौरान बाइक सवार बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी गई हमले से पुलिस जीप का फ्रंट मिरर क्षतिग्रस्त हो गया और आगे की सीट पर बैठे साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह बाल बाल बच गए तुरंत पोजिशन में आई पुलिस की जवाबी फायरिंग से दो बदमाश भागने में सफल रहे जबकि एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गिर पड़ा जिसे पुलिस ने तमंचे सहित हिरासत में ले लिया घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।बताया जाता है कि इलाके में होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक ने स्वयं कमान संभालते हुए इलाके में गश्त बढ़ाने के साथ चेकिंग में तेजी की गई थी बीती रात उच्चाधिकारियों के निर्देश पर साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ भीतरगांव चौकी के पडरी लालपुर मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे तभी सामने से आ रही मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया पल्सर सवार बदमाशो ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी गोली सीधे कार के शीशे में टकराई आगे की सीट पर बैठे इंस्पेक्टर अविनाश सिंह ने झुककर अपना बचाव किया तभी बदमाश मौका देख पड़री लालपुर की ओर भागे बदमाशों का पीछा करने को एक टीम रवाना कर सामने से आ रही दूसरी डिस्कवर बाइक को रुकने का इशारा किया युवक दूसरी ओर खड़ंजा की ओर मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा लेकिन भारी बोरी बंधी होने के चलते बाइक सवार बदमाश फिसल कर गिर गया पीछा कर रही पुलिस टीम को आता देख उसने टीम पर फायर झोंक दिया जवाबी फायरिंग में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी जिससे वह वही ढेर हो गया पुलिस ने अभियुक्त को हिरासत में ले लिया।पुलिस ने इसके कब्जे से एक कुंतल कटे हुए बिजली के तार एक तमंचा दो अदद खोखा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि जवाबी फायरिंग में बिधनू थाना क्षेत्र के सिद्धार्थनगर निवासी चंद्रशेखर उर्फ साजन उर्फ विपिन 40 पुत्र दुलीचंद को हिरासत में लिया गया है जिसके कब्जे से करीब एक कुंतल बिजली के कटे तार भी बरामद किए गए है पूंछताछ कर पुलिस साथियों की तलाश में जुटी हुई है।

**पुलिस की रडार में भागे हुए बदमाश कई टीमें कर रही तलाश** भीतरगांव। डीसीपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि पकड़ा गया अपराधी बहुत ही शातिर है जिसके खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी मारपीट अवैध असलहा रखने आदि के कुल तेरह मुकदमे पंजीकृत है घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में इलाज हेतु भेजा गया है तथा सर्विलांस टीम सहित साढ़ थाना पुलिस टीम भागे अभियुक्तों की तलाश में जुटी हुई है।जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## संगठन विस्तार को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक हुई संपन्न




**आशीष शुक्ल इंदु को बनाया गया प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य**


**बिल्हौर** कानपुर जनपद के बिल्हौर नगर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश मंत्री मनोज गुप्ता के आवास पर आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन के प्रदेश महामंत्री ब्रजेश शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष नितिन अग्रवाल की संस्तुति से युवा समाजसेवी एडवोकेट आशीष शुक्ला इंदु को प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया और कार्यकर्ताओं ने श्री इंदु शुक्ला का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री ब्रजेश शुक्ला ने उपस्थित सभी व्यापारियों से सक्रिय राजनीति में अपनी भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया और सभी कार्यकर्ताओं से संगठन का विस्तार करने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि उनका संगठन चुनाव लड़ने वाले व्यापारियों का पूरा सहयोग एवं समर्थन करेगा। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था के संबद्ध में पूछे गए सवाल के जवाब में प्रदेश महामंत्री ने मोदी योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि वर्तमान में कानून का राज है और इस सरकार में प्रदेश का व्यापारी वर्ग खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है। जिलाध्यक्ष विनीत गुप्ता मोनू के नेतृत्व में आयोजित बैठक में 27 अप्रैल को लखनऊ में होने वाली प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक की तैयारियों के संबद्ध में विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री मनोज गुप्ता सागर अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष विनीत गुप्ता मोनू जिला महामंत्री सचिन गुप्ता एवं संगठन के संरक्षक रघुवीर सिंह यादव समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## कार्यालय-कृषि उत्पादन मण्डी समिति अतर्रा (बाँदा)

पत्रांकः कृ०उ०म०स०/दुकान आ०पत्रा0/2025–09 दिनांक. 11 अप्रैल 2025

**दुकान आवंटन/नीलामी आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल अतर्रा में रिक्त दुकानें श्रेणी ब की 04, स की 26, द की 03, य की 11 एवं किसान बाजार की 10 दुकानें तथा उपमण्डी स्थल बिसण्डा में रिक्त दुकानें श्रेणी ब की 03 उपमण्डी स्थल खुरहण्ड में श्रेणी ब की 02 दुकान, श्रेणी स की 03 दुकानें, ग्रामीण अवस्थापना केन्द्र (रिन) नहरी में श्रेणी स की 02 दुकानें व रिन केन्द्र बाघा में श्रेणी स की 04 दुकानों की नीलामी दुकान आवंटन विनियमावली (अध्यावधिक संशोधित) में प्रविधानित नियमों/ शर्तों के अनुसार नवीन मण्डी स्थल कार्यालय अतर्रा में दिनांक 30.04.2025 को समय 12.00 बजे आवंटन समिति के अधिकारियों के समक्ष की जायेगी। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 25.04.2025 समय दोपहर 03.00 बजे तक होगी। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। दुकान आवंटन एवं जमा किये गये आवेदनों की प्राथमिक जांचोपरान्त पात्र पाये गये आवेदकों की अनन्तिम सूची समिति के नोटिस बोर्ड पर दिनांक–26.04.2025 से 28.04.2025 तक चस्पा की जायेगी जिस पर उक्त तिथियों में ही आपत्तियाँ प्राप्त की जायेंगी। दिनांक–28.04.2025 से 29.04.2025 तक प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा। आवंटन हेतु पात्र पाये गये आवेदकों की अन्तिम सूची दिनांक–29.04.2025 तक कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/फर्म मण्डी समिति कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त आवेदन फार्म प्राप्त करके निर्धारित तिथि तक आवेदन फार्म के साथ जमानत धनराशि बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/ऑनलाइन के माध्यम से ही जमा करके बोली में भाग ले सकते है। आवश्यक शेष नियम एवं शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में मण्डी समिति अतर्रा कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर पढी व देखी जा सकती हैं। अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नम्बर 9415577288 पर सम्पर्क करें।

(दिलीप कुमार)
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति,
अतर्रा (बाँदा)

(राहुल द्विवेदी)
उपजिलाधिकारी/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति,
अतर्रा (बाँदा)

## कार्यालय नगर पंचायत रसूलाबाद, कानपुर देहात

पत्र संख्याः–586/एन०पी०आर०/2025–2026 दिनांक–11.04.2025

**प्रस्ताव आमंत्रण सूचना**

एतद्धारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है प्रदेश के नगर निकायों को स्वायत्तशासित एवं वित्तीय रूप से स्वावलम्बी बनाने तथा इसकी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने हेतु भारत सरकार के दिशा निर्देशों में के अनुपालन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की सभी नगर निकायों में अनिवार्य रूप से एकुअल आधारित दोहरी लेखा प्रणाली को लागू करने हेतु कड़े निर्देश निर्गत किये गये हैं। अतएव उक्त के क्रम में नगर पंचायत रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात में एकुअल आधारित दोहरी लेखा प्रणाली को लागू करने हेतु योग्य एवं अनुभवी फील्ड लेवल कन्सल्टेण्ट को नियुक्त किये जाने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुये इच्छुक फर्मों से प्रस्ताव आमंत्रण किये जाते है।

कार्य विवरण की जानकारी हेतु इच्छुक फर्म नगर पंचायत रसूलाबाद कार्यालय से सलाहकारी निर्देश पत्र किसी भी कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। कार्य करने के इच्छुक फर्म अपने अपने प्रस्ताव बन्द लिफाफों में दिनांक 21.04.2025 तक नगर पंचायत रसूलाबाद में जमा कर सकते है।

**अन्य शर्ते**

1. निर्धारित तिथि व समय पश्चात कोई भी प्रस्ताव स्वीकार व मान्य नहीं होगा।
2. फील्ड लेवल कन्सल्टेण्ट की नियुक्ति निदेशक स्थानीय निकाय उत्तर प्रदेश द्वारा जारी किये गये सलाहकारी निर्देश पत्र के अनुसार किया जायेगा।
3. कोई भी सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. प्रस्ताव के साथ साथ सलाहकारी फर्म को नगर पंचायत से निर्गत टीओआर पर अपनी हस्ताक्षरित सहमति के साथ जमा करना होगा।
5. फील्ड लेवल कन्सल्टेण्ट को नगर पंचायत रसूलाबाद द्वारा लेखा अनुभाग में से दो उपयुक्त समर्पित कर्मी इस कार्य हेतु निर्धारित अवधि के लिये नामित करते हुये एक प्रति निदेशालय को उपलब्ध कराये जाने के साथ साथ उक्त कार्मिकों द्वारा एफ०एल०सी० के साथ समन्वय एवं भागीदारी करते हुये दोहरी लेखा प्रणाली को सुचारू रूप से लागू करने का दायित्त्व वहन करेंगे।
6. नगर विकास विभाग उ०प्र० लखनऊ द्वारा आई०एम०जी को प्रदेश स्तर पर एकुअल आधारित दोहरी लेखा प्रणाली को क्रियान्वयन हेतु मार्गदर्शन पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण एवं अनुवीक्षण में कार्य कराया जायेगा।
7. अधोहस्ताक्षरी को किसी भी प्रस्ताव या अन्य प्रस्तावों को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
8. अन्य नियम एवं शर्ते निदेशक स्थानीय निकाय उ०प्र० लखनऊ द्वारा जारी किये गये टीओआर के अनुसार प्रभावी होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत रसूलाबाद
कानपुर देहात

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत रसूलाबाद
कानपुर देहात

## कार्यालय नगर पंचायत रसूलाबाद कानपुर देहात

पत्र संख्या–587/एन०पी०आर०/निविदा सूचना प्रकाशन/2025–2026 दि.11.04.2025

**ई–निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–2025 में कान्हा गौशाला नगर पंचायत रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात में गौवंशों के भरण पोषण हेतु चारा भूसा हेतु ई निविदा दिनांक 11.04.2025 को पूर्वान्ह 03.00 बजे से दिनांक 19.04.2025 को अपरान्ह 04.00 बजे तक निविदाये ई–टेण्डरिंग वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आमंत्रित करती है जो उसी दिन कार्यालय नगर पंचायत रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात में उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष शायं 04.30 बजे खोली जायेगी। निविदाओ का निर्धारित शुल्क कार्यालय नगर पंचायत रसूलाबाद के निकाय निधि के खाता संख्या– 740902010006202 IFSC Code UBIN0574091 यूनियन बैंक आफ इण्डिया में जमा कराकर जमा रसीद संलग्नको सहित अपलोड करना अनिवार्य है, मु0 1,00,000/– (एक लाख रूपये मात्र) अर्नेष्टमनी नगद जमाकर रसीद अपलोड करना अनिवार्य है किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त/स्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी को होगा। निविदादाता अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी निकाय कार्यालय में कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते है।

(कुल कमल सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रसूलाबाद
कानपुर देहात

(देवशरण सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत रसूलाबाद
कानपुर देहात

## कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांकः–26/न.पं.–नि.का. आगणन सू./2025–26/शमसाबाद दि.– 09 अप्रैल, 2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पंचायत शमसाबाद द्वारा समस्त संविदाकार/सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि निकाय को स्वच्छ भारत मिशन नगरीय 2.0 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय में संचालित सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालयों एवं यूरिनल की मरम्मत का कार्य कराये जाने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक–22.04.2025 को समय अपरान्ह 2.00 बजे आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन निविदा दाताओं के समक्ष अपरान्ह 3.00 बजे खोली जायेगी। कार्य के आगणन एवं शर्तों के सम्बन्ध में जानकारी किसी भी दिन निविदा दिनांक से पूर्व कार्यालय दिवस एवं कार्य के घंटों में की जा सकती है। बाद मियाद प्राप्त निविदा पर विचार करना सम्भव न होगा।

**कार्य का विवरण**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | 2% धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करनें की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पंचायत शमसाबाद में विभिन्न स्थानों पर संचालित यूरिनल मरम्मत कार्य। | 79536.00 | 1591.00 | 100.00 | 15 दिन |
| 2. | नगर पंचायत शमसाबाद में विभिन्न स्थानों पर संचालित सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत का कार्य। | 6,74657.00 | 13494.00 | 700,00 | 15 दिन |

**नियम एवं शर्तेः–**

1– निविदा प्रपत्र निविदा दिनांक से एक दिन पूर्व अथवा उसी दिन नियत शुल्क जमाकर कार्यालय से प्राप्त किये जावेगें।
2– निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफ०डी०आर, एन०एस०सी अथवा नगद जमा करना अनिवार्य होगा। एफ०डी०आर अधिशासी अधिकारी के नाम बन्धक होना अनिवार्य होगा।
3– निर्माण कार्य के भुगतान बिल की धनराशि पर 2 प्रतिशत आयकर अदा करना होगा। जो बिल की धनराशि से काट ली जायेगी।
4– निविदा स्वीकृत उपरान्त 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि क्रमांक 2 के अनुसार जमा करना अनिवार्य होगा।
5– निर्माण कार्य आगणन के अनुरूप एंव नियत अवधि एक माह में करना अनिवार्य होगा। नियत अवधि में कार्य पूर्ण न करनें पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
6– भुगतान शासनादेश के अनुरूप देय होगा।
7– नियत स्टाम्प पर अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा।
8– एक अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त करनें का अधिकार अधिशासी अधिकारी में निहित होगा।
9– विवादित बिन्दुओं का न्यायिक क्षेत्र जनपद फर्रुखाबाद होगा।
10– जमा की गई धरोहर धनराशि अन्तिम बिल भुगतान तिथि के 02 वर्ष बाद कार्य संतोषजनक रहने की दशा में वापस की जावेगी।
11– संविदाकार को चरित्र प्रमाण (टी–4), हैसियत प्रमाण पत्र (टी–5), शपथ पत्र (टी–6) निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा।
12– निविदा प्रपत्रों पर निविदादाता के हस्ताक्षर होना आवश्यक है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत शमसाबाद**
**जनपद फर्रुखाबाद**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत शमसाबाद**
**जनपद फर्रुखाबाद**

## हनुमान मन्दिर में सुंदरकांड तथा प्रसाद वितरण आज

**फतेहपुर।** श्री पवन पुत्र हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 12 अप्रैल को श्रीहनुमान मंदिर सेवा ट्रस्ट तथा अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा हनुमान मंदिर पटेल नगर चौराहा (फतेहपुर) में प्रातः 10 बजे से संगीत मय सुंदरकांड का पाठ तथा प्रसाद वितरण किया जाएगा। यह जानकारी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष/मन्दिर के मुख्य ट्रस्टी मनोज त्रिवेदी ने दी है।

## प्रधान डाकघर का जनरेटर छह माह से ख़राब

**■ प्रायः दिन-दिन भर ठप्प रहता है कामकाज**

**फतेहपुर।** भारत सरकार के उपक्रम डाक विभाग का बुरा हाल है। जनपद के प्रधान डाकघर का जनरेटर छः माह से भी अधिक समय से ख़राब है किन्तु निदेशक डाक सेवाए कानपुर द्वारा स्टीमेट को सेंग्सन न दिए जाने से इसे ठीक नहीं कराया जा सका है, जिसके चलते प्रायः दिन-दिन भर कामकाज ठप्प रहता हैं और प्रधान डाकघर में अंधेरा पसरा रहता है और समूचा स्टाफहाथ में हाथ धरे बैठा रहता है, कोई काम नहीं हो पाता है। यहां तक कि रजिस्ट्री और आर.डी. काउंटर भी बन्द हैं। अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

जानकारी के अनुसार विगत लगभग छः माह पूर्व स्थानीय प्रधान डाकघर का दस के.वी.ए. का जनरेटर ख़राब हो गया था, मिस्त्री ने इसको दुरुस्त करने में लगभग पैंतीस हजार रुपए का खर्चा बताया। क्योंकि इतनी धनराशि को सेंग्सन करने का अधिकार स्थानीय स्तर के अधिकारियों को नहीं है, इसलिए स्टीमेट कास्ट को सेंग्सन करने के लिए रिक्वेस्ट निदेशक डाक सेवाए कानपुर सुबोध प्रताप सिंह को भेजी गई।

सूत्र बताते हैं कि यह वाकया लगभग छः माह पहले का है। इस दौरान कई बार लिखित, कई बार मेल के जरिए स्टीमेट सेंग्सन करने का अनुरोध किया गया किन्तु उपरोक्त अधिकारी की इस बाबत कलम चलना शेष है। बताते हैं कि उपरोक्त अधिकारी लगभग दो माह पूर्व प्रधान डाकघर के मुआयने में यहां आए थे, इत्तेफाक से उस दिन, दिन में 05 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही, और महाशय अंधेरे में मुआयना करके चले गए किन्तु स्टीमेट की धनराशि का सेंग्सन अभी तक नहीं भेजा है।

सवाल यह उठता है कि एक मामूली सेंग्सन के लिए छः माह से अधिक का समय जाया करने के पीछे निदेशक डाक सेवाए कानपुर का उद्देश्य क्या है। क्या उन पर केन्द्र सरकार की डाक सेवाओं के प्रति सख्ती का कोई असर नहीं है या फिर मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में नकेल अधिकारियों पर ढीली पड़ गई है, जिससे अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। इस बाबत जब संबंधित निदेशक से बात करने का प्रयास किया गया तो, उनका मोबाईल नेटवर्क सीमा के बाहर बता रहा था।

## शैक्षिक, राजनीतिक क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाए समाज : गुरू



**फतेहपुर।** भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा का होली मिलन व नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह जमालपुर में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू व विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य पिछड़ा आयोग के सदस्य एवं भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष रमाशंकर साहू व युवा प्रदेश महामंत्री राजन साहू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता माता बदल साहू ने की। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने स्मृतिशेष गंगा प्रसाद साहू की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। आयोजक महासभा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख राजू साहू व पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार साहू ने उपस्थित सभी सजातीय बंधुओं का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्व. गंगा प्रसाद साहू ने समाज के लिए उत्कृष्ट एवं सरानीय कार्य किये जो हम सबके लिए अनुकरणीय है। उन्होने समाज का आहवान किया कि शैक्षिक, राजनीतिक क्षेत्र में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जिलाध्यक्ष राजू साहू ने कहा कि समाज को एक दिशा व दशा देने के लिए अपने पदाधिकारियों सहित समाज के अंतिम पायदान के व्यक्तियों तक पहुंचकर उनकी समस्या को हल करने का प्रयास किया जाएगा।

सभी नवनियुकत पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर स्मृति चिन्ह भेंटकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। संचालन जिला महामंत्री अवधेश साहू ने किया। इस मौके पर बिंदकी चेयरमैन राधा साहू, पूर्व ब्लाक प्रमुख अनीता साहू, बबली साहू, ब्लाक प्रमुख हथगाम रामा शास्त्री, डा. राकेश साहू, सावित्री साहू, प्रमोद साहू, प्रदीप साहू, विजय लक्ष्मी साहू (तेली), नरेन्द्र साहू, कन्हैया साहू, शिवसागर साहू, राम सजीवन साहू, डा. दिनेश साहू, डा. रविनाथ साहू, नीतू साहू, पंकज साहू, सभासद दीपक साहू, शिवशरण बंधु, मनोज गांधी सहित समाज के अन्य लोग भी मौजूद रहे।

समाज के लोग उपनाम में लगाए तेलीः विजय लक्ष्मी- भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा की महिला सभा की कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय लक्ष्मी साहू (तेली) ने कहा कि हमारा समाज विभिन्न उपजातियों में बंटा हुआ है जिसके चलते समाज को हर क्षेत्र में नुकसान उठाना पड़ता है। साथ ही समाज के लोगों की सही संख्या में सामने नहीं आ पाती है। उन्होने कहा कि अब हम सबको एकजुट होने की जरूरत है। इसके लिए हमें अपने उपनाम में तेली शब्द का इस्तेमाल करना चाहिए जिससे समाज में हमारी एक अलग छवि बन सके और एकजुटता दिखाई दे। उन्होने समाज के सभी लोगों का आहवान किया कि अपने उपनाम में तेली शब्द का इस्तेमाल करें।

## डीएम ने ग्राम सनगांव में गेहूं की करवाई क्राप

**■ सीसीई एग्री एप में उपज का आंकलन फीड किए जाने के निर्देश**
**■ ग्रामीण स्टेडियम का किया निरीक्षण, पार्क की जमीन में घास लगाए जाने की हिदायत**



**फतेहपुर।** सदर तहसील के अंतर्गत विकास खंड तेलियानी की ग्राम पंचायत सनगाँव में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने अपने सामने कृषक अकील अहमद गाटा संख्या 1946 खेत में 43.3 वर्ग मीटर में गेंहू की क्रॉप कटिंग व मढ़ाई करवाई।

जिसमें गेंहू फसल की पैदावार 15.900 किग्रा मिली। जिसका औसत लगभग 36.700 कुंतल प्रति हेक्टेयर पाया गया। कृषक मकसूद ख़ां गाटा संख्या 216 खेत में 43.3 वर्ग मीटर में गेंहू की क्रॉप कटिंग व मढ़ाई करवाई गयी। जिसमें गेंहू फसल की पैदावार 16.100 किग्रा पाया गया जिसका औसत लगभग 37.180 कुंतल प्रति हेक्टेयर पाया गया। कृषक आशीष कुमार गाटा संख्या 203 खेत में 43.3 वर्ग मीटर में गेंहू की क्रॉप कटिंग व मढ़ाई करवाई गयी, जिसमें गेंहू फसल की पैदावार 15.200 किग्रा पाया गया जिसका औसत लगभग 35.10 कुंतल प्रति हेक्टेयर पाया गया।

कृषक मो0 नफीस गाटा संख्या 263 खेत में 43.3 वर्ग मीटर में गेंहू की क्रॉप कटिंग व मढ़ाई करवाई गयी। जिसमें गेंहू फसल की पैदावार 15.600 किग्रा पाया गया, जिसका औसत लगभग 36.03 कुंतल प्रति हेक्टेयर पाया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिये कि जनपद में शासन द्वारा निर्धारित सीसीई एग्री एप में उपज का आकलन फीड किया जाये। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान से ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी ली और विस्तार से चर्चा भी की। खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि खाली पड़ी सरकारी जमीनों पर पौधरोपण कराया जाये। ग्राम पंचायत में ग्रामीण स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। जिसमें ओपन जिम, पाथवे, गार्ड रूम, शौचालय आदि को देखा और कहा कि पार्क में खाली जमीन पर घास लगाई जाये। इस अवसर पर तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार, राजस्व लेखपाल, ग्राम प्रधान सहित कृषक उपस्थित रहे।

## ट्रिपल मर्डर : पुलिस के हत्थे चढ़ा छठवां अभियुक्त

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के अखरी गांव में हुए ट्रिपल मर्डर के मामले में पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए छठवें अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा-कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर उसे न्यायालय भेज दिया।

बताते चलें कि हथगाम थाना क्षेत्र के अखरी गांव में बीती आठ अप्रैल की सुबह चुनावी रंजिश में भाकियू नेता एवं वर्तमान प्रधान के पुत्र के अलावा भाई व बेटे की खुलेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने पहले ही पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया था। आखरी अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। जिस पर हथगाम पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त विवेक कुमार पासवान उर्फ पाठक पुत्र कालिका पासवान उर्फ कल्लू पासी निवासी ताहिरापुर थाना हथगाँव को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 12 बोर, दो जिंदा कारतूस 12 बोर, एक खोखा कारतूस 12 बोर व 170 रुपये बरामद किए। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया।

## सपाईयों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की मनाई जयंती



**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को महान समाज सुधारक लेखक महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सपाईयों ने उनके चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर उनके जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। जन्म जयंती कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सपाईयों ने हिस्सा लिया। चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात एक सूक्ष्म गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष सूरजपाल रावत व संचालन जिला महासचिव चौ. मंज़रयार ने किया। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले एक महान लेखक थे। जिन्होने अपनी लेखनी के जरिए समाज सुधार के कई काम किए। उनके कामों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज उनके बताए गए रास्ते पर चलने की जरूरत है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य विपिन यादव, पूर्व जिला महासचिव डीजी कुशवाहा, हीरालाल साहू, अंबेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष डॉ. अमित पाल, जगनायक सचान, अश्विनी यादव, मुन्ना बाजपेई, सुहैल खान हेमू, नरेंद्र लोधी सभासद, राजेश कुमार भी मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती

**फतेहपुर।** चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के दिन जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती शहर सहित जहानाबाद स्थित दिगंबर जैन मंदिरो में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही वर्तमान के परिवेश को देखते हुए विश्व शांति महायज्ञ का भी आयोजन किया गया। दोनो मंदिरो में सर्वप्रथम भगवान का नित्य नियम प्रक्षालन, पूजन आदि के आयोजन के साथ ही भगवान महावीर का पंचाभिषेक कर विशेष पूजन किया गया। शहर के नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में समाधिष्ट आचार्य विद्यासागर जी महाराज की शिष्या श्वेता दीदी ने विशेष मंत्रोच्चारण के मध्य शांतिधारा करवाई। जिसके बाद भगवान का पालना भी झुलाया गया तत्पश्चात दोपहर को भजन के साथ ही संध्या के समय महाआरती का आयोजन किया गया। वहीं श्वेता दीदी ने बताया कि वर्तमान में मनुष्य ने धरती को नष्ट करने की क्षमता विकसित कर ली है। ऐसे में भगवान महावीर का अहिंसा का सिद्धांत धरती को बचा सकता है। बताया कि समृद्ध जीवन और आंतरिक शांति के लिए भगवान ने पांच मूलगुणों को आत्मसात करने पर बल दिया था, जिसमें अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह शामिल हैं। इस मौके पर नरेंद्र चंद्र, दीपक, अजय, संदीप, कुशल, शोभित, हर्ष, श्रेष्ठ, ओम, निशू, अनमोल, प्रीती, सीमा, कांती, रीना, पूजा, स्वाती, गुनगुन, माही, रिद्धी आदि मौजूद रहे।

## निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कांग्रेस मुखर



**फतेहपुर।** निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ अब कांग्रेस पार्टी भी मुखर हो गई। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राज्यपाल को एक ज्ञापन भेजकर छात्रहितकारी नियमावली अविलंब बनाने की मांग की गई। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा की संयुक्त अगुवई में कांग्रेसी कलेक्ट्रेट पहुंचे और निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ प्रदर्शन किया तत्पश्चात एक ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को भेजकर बताया कि सभी स्कूलों में नए सत्र का प्रारंभ हो चुका है। निजी स्कूल पूरी तरह से मनमानी पर उतारू हो गए हैं। विद्यालय को उन्होने लूट का तंत्र बना दिया है। वे न सिर्फ मनमानी फीस वृद्धि कर रहे हैं बल्कि अपनी बताई गई दुकानों से ही किताबें व यूनिफार्म मनमाने दामों पर खरीदने के लिए अभिभावकों पर दबाव बना रहे हैं। इस भीषण महंगाई में जहां एक तरफअभिभावकों के लिए अपना घर चलाना मुश्किल हो रहा है वहीं स्कूलों के इस लूट तंत्र के कारण वे घनघोर मानसिक प्रताड़ना से गुजर रहे हैं। निजी स्कूलों का यह आचरण न लोकतंत्र और न ही कल्याणकारी राज्य के सिद्धांतों के अनुकूल है। कांग्रेस निजी स्कूलों के इस निरंकुश व शोषक प्रवृत्ति की घोर भर्त्सना करती है। मांग किया कि इस लूटतंत्र का त्वरित संज्ञान लेते हुए निजी स्कूलों की फीस, किताबों व यूनिफार्म के लिए एक न्यायोचित व छात्रहितकारी नियमावली अविलंब बनाई जाए।

**■ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन**

इस मौके पर संतोष कुमारी शुक्ला एडवोकेट, देवी प्रकाश दुबे, इशरत खान, कलीम उल्ला, राशिद सिद्दीकी, शिवाकांत तिवारी, आशीष गौड़, मनोज घायल, नवनीत तिवारी, चन्द्र प्रकाश लोधी, अजय कुमार, सै0 शहाब अली, पं0 रामनरेश महाराज, आनंद सिंह गौर, बशीर अहमद, औसाफ अहमद, चौ. मोईन राईन भी मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल ने सदर व खागा विधायक को सौंपा ज्ञापन



**फतेहपुर।** जिले के निजी स्कूलों द्वारा अभिवावकों के किए जा रहे आर्थिक शोषण के खिलाफव्यापार मंडल की चल रही मुहिम के अंतर्गत खागा विधायक कृष्णा पासवान व सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें हर वर्ष लगने वाले प्रवेश शुल्क न लिया जाए, हर वर्ष बदलने वाली कापी किताब हर वर्ष न बदली जाएं, कम से कम तीन वर्ष एक ही किताबों को चलाया जाए, दुकानदारों से लाखों लाख रुपए नगद कमीशन लेकर एक कापी किताब की दुकान को निश्चित न किया जाए, हर वर्ष मासिक शुल्क न बढ़ाया जाए, निष्क्रिय पड़ी शुल्क नियामक समिति का पुनर्गठन किया जाए, ड्रेस टाई बिल्ला बेल्ट आदि के नाम अभिवावकों का निजी स्कूलों द्वारा जारी आर्थिक, मानसिक, उत्पीड़न तत्काल रोका जाए। दोनों विधायकों ने आश्वासन दिया कि अतिशीघ्र ही जनहित के इस मामले को जिलाधिकारी से मिलकर आवश्यक कार्यवाही करने को कहेंगे। अगर फिर भी सुधार न हुआ तो, विधानसभा में इस मामले को उठाते हुए शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री के समक्ष भी यह मामला रखेंगे। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने जनहित के इस मामले को गंभीरता से लेते हुए व्यापार मंडल का मनोबल बढ़ाते हुए सार्थक आश्वासन के लिए दोनों विधायकों को बधाई देते आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अनिल साहू, संरक्षक अब्दुल हफीज हाफिज, मीडिया प्रभारी अनुपम शुक्ल, मंत्री अनिल गुप्ता, सक्षम गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### बंद रहेगी आबकारी की समस्त दुकानें

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि 14 अप्रैल को अंबेडकर जयन्ती के अवसर पर जनपद में संचालित आबकारी की समस्त देशी मदिरा, कम्पोजिट दुकान, मॉडल शॉप, भांग व विकृत स्प्रिट की फुटकर दुकानें एवं देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर भांग व विकृत स्प्रिट के थोक गोदाम तथा एफएल-49, एफएल-7 पूर्णतः बन्द रहेंगे। आदेश का उल्लंघन करने वाले अनुज्ञापियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### दो करोड़ का मुआवजा दिलाने की मांग

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम अखरी गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर मृतकों के आश्रितों की जानमाल की सुरक्षा का उचित प्रबंध किए जाने, नाबालिग आश्रितों के भरण-पोषण हेतु दो करोड़ रूपए का मुआवजा दिलाए जाने के साथ ही घटना से संबंधित नामजद अपराधियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई।

### मां अन्नापूर्णा रसोई का हुआ उद्घाटन

**फतेहपुर।** शहर के सिविल लाइन कचहरी रोड स्थित मां अन्नापूर्णा रसोई का उद्घाटन माता शैल श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। संचालक नीता संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि यहां शुद्ध शाकाहारी भोजन मिलेगा। यहां सुबह नाश्ता भी मिलेगा। ग्राहकों के बैठने की साफसुथरी व उत्तम व्यवस्था की गई है। यहां खाने की थाली 70 रुपए में मिलेगी। खाना बहुत स्वादिष्ट कुशल कारीगरों द्वारा बनाया जाएगा। साफ सफाई की विशेष सुविधा के साथ मां अन्नपूर्णा रसोई का शुभारंभ किया गया है। इस मौके पर यश बिन्द श्रीवास्तव, शशि श्रीवास्तव, किशोर श्रीवास्तव, मनीष वर्मा, उपेंद्र श्रीवास्तव, आदि लोग मौजूद रहे।

### दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दो घायल

**बिंदकी (फतेहपुर)।** दो बाइकों की तेज टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। तीनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जिसमें एक की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार बाद हैलट अस्पताल कानपुर के लिए रेफर कर दिया लेकिन हैलट अस्पताल कानपुर ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला ललौली रोड बाराती नगर में गुरुवार की रात को दो बाइको में तेज टक्कर हो गई। दुर्घटना में एक बाइक में सवार मुन्नू द्विवेदी 57 वर्ष निवासी मोहल्ला ठठराही कस्बा बिंदकी कोतवाली बिंदकी व मुन्नू द्विवेदी के साथ ही बाइक में सवार अजीजुल 50 वर्ष निवासी ग्राम नरैचा थाना जाफरगंज एवं दूसरी बाइक में सवार दीपक कुमार 20 वर्ष पुत्र राजेश कुमार निवासी ग्राम बसंती खेड़ा कोतवाली बिंदकी घायल हो गए। दुर्घटना के बाद भीड़ जमा हो गई। जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची। तीनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया। जिसमें मुन्नू द्विवेदी की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया लेकिन हैलट अस्पताल कानपुर ले जाते समय गुरुवार व शुक्रवार की मध्य रात लगभग 12 बजे मुन्नू द्विवेदी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत, तीन घायल

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सरकी के समीप शुक्रवार की सुबह सड़क पार कर रहे 57 वर्षीय अधेड़ को विपरित दिशा से आ रही बाइक ने टक्कर मार दिया। जिससे अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल 17 वर्षीय किशोर को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य दो घायलो का सीएचसी में ही इलाज बाद घर भेज दिया। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के धरमपुर गांव निवासी गंब्बर का पुत्र सचिन, चुनकू का 20 वर्षीय पुत्र अमन व 21 वर्षीय शाहरूख के साथ बाइक से शहर की ओर आ रहे थे। जैसे ही यह लोग गाजीपुर थाने के सरकी के समीप पहुचे तभी गाय लेकर सडक पार कर रहे जगुनाथ सिंह का 57 वर्षीय पुत्र कामता को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे अधेड़ की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सीय उपचार के बाद सचिन की हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जबकि शाहरूख खान व अमन के चिकित्सीय उपचार के बाद घर वापस भेज दिया गया। परिजन घायल को सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाये जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुये कानपुर के लिए रेफर कर दिया। उधर पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### फांसी लगा युवक ने दी जान

**फतेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कोरवल में संदिग्ध अवस्था में 25 वर्षीय युवक घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार कोरवल गांव निवासी आनन्द पाल निषाद का पुत्र देशराज ने संदिग्ध अवस्था में घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### इलाज के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

**- आरोपः पति व सास की मार से गर्भवती महिला की बिगड़ी थी हालत**

**फतेहपुर।** विगत पांच दिन पूर्व पति व सास की मार से नौ माह की गर्भवती महिला हालत बिगडने पर उसे राधानगर ढकौली रोड उपस्वास्थ्य केन्द्र में उसकी मौत हो गयी। जिस पर मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया कि पति व सास ने दहेज की मांग पूरी न होने पर मारा पीटा जिसके चलते उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के केवई गांव निवासी नीरज की शादी 21 अप्रैल 2024 में हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मंसूरपुर गांव निवासी भोला की पुत्री परेवा के साथ हुयी थी। बताते हैं कि दस अपैल को हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए उपस्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान जच्चा बच्चा की मौत हो गयी। उधर इसकी जानकारी जब घर वालो को हुयी तो उसे सदर अस्पताल लाये जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतका के पिता भोला ने बताया कि छह अप्रैल को सास सोमवती व पति नीरज ने दहेज में तीन लाख रूपये की मांग को लेकर बुरी तरह मारा पीटा था, जिससे उसकी पुत्री की हालत बिगड गयी। जिस पर सास व पति ने अस्पताल में भर्ती कराया। पिता ने बताया कि जब नर्स ने अल्ट्रासाउन्ड कराने की बात कही तो न कराकर परेवा को घर वापस ले गये। 10 अप्रैल को पुनः हालत बिगडने पर गांव की ही आशा बहू संगीता देवी के साथ उसी उपस्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया, जहां दोपहर लगभग तीन बजे उसकी पुत्री मौत हो गयी। उधर मृतका की बडी बहन रेवा ने बताया कि अस्पताल में पति सास व आशा बहू ऐसी हालत में भी उसे मारपीट रहे थे। जिसके चलते ही उसकी बहन की मौत हो गयी। वहीं पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिर्पोट के बाद ही घटना की हकीकत सामने आयेगी।

### टेंट का सामान लदी ट्रॉली पलटने से बच्चे की मौत

**बिंदकी (फतेहपुर)।** गांव में बिना ट्रैक्टर इंजन के खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में टेंट का सामान लगा हुआ था जिसमें बच्चे खेल रहे थे उसी समय अचानक ट्रॉली पीछे की तरफ पलट गई जिसके चलते ट्राली में चढ़कर खेल है एक बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई हालांकि जीवित रहने की आशा पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के हाफिजपुर हरकरण गांव में शुक्रवार की शाम लगभग 04 बजे ट्रैक्टर की ट्राली खड़ी थी जिसमें टेंट का सामान लदा हुआ था। गांव के कुछ बच्चे टेंट का सामान लदे ट्राली में चढ़कर खेल रहे थे, तभी अचानक ट्राली पीछे की तरफ पलट गई जिसमें यश उम्र 08 वर्ष पुत्र संतोष कुमार दब गया और उसकी मौत हो गई। हालांकि जीवित रहने की आशा पर उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## तहव्वुर पर शिकंजा

भारत में आतंकवाद की सबसे जघन्य घटना मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को अमेरिका से वापस लाने में आखिरकार 16 साल बाद सफलता मिल गई। अब वह एनआईए की रिमांड पर है और उम्मीद की जा रही है कि पूछताछ के बाद इस घटना के अहम राज सामने आ सकेंगे। राणा के बारे में यह तथ्य पहले ही सामने आ चुका है कि उसने डेविड कोलमैन हेडली, आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा, हरकत-उल-जिहादी इस्लामी के सदस्यों और पाकिस्तान में बैठे अन्य षड्यंत्रकारियों के साथ मिलकर मुंबई हमले की साजिश रची थी जिसमें 166 बेगुनाह लोग मारे गए थे। हैरत की बात यह कि इस हमले में आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजक पाकिस्तान की गहरी संलिप्तता के बारे में भारत द्वारा कई पुख्ता सबूत काफी पहले ही विश्व के सामने रखे जाने के बावजूद उसने दावा किया है कि राणा कनाडाई नागरिक है और उससे उसका कोई लेना-देना नहीं है। उधर अमेरिका ने कहा है कि राणा के प्रत्यर्पण से मुंबई हमलों के पीड़ितों को न्याय मिल सकेगा। इस हमले के एक अहम गुनाहगार कसाब को निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया के बाद फांसी की सजा मिल ही चुकी है व अपराध की गंभीरता को देखते हुए राणा के भी इसी अंजाम की उम्मीद है। भारतीय एजेंसियां इस हमले की सुरागरशी में जिस मुस्तैदी के साथ भारत से लेकर पाकिस्तान तक फैले साजिशों के तार जोड़कर असली अपराधियों तक पहुंचीं और अकाट्य सबूत जुटाने में कामयाब रहीं, उसकी जितनी तारीफ की जाए, कम है। यह भी जरूरी है कि जिस आतंकवाद को खत्म करने का अमेरिका दम भरता है, उससे जुड़े अपराधियों के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया की जटिलता को वह उचित रूप से न्यूनतम करे जिससे संबंधित देश उन्हें अपने यहां उन्हें शीघ्र लाकर सही सजा दिला सकें। राणा का मामला इसलिए भी याद रखा जाएगा कि उसे अंजाम तक पहुंचाने की प्रक्रिया को बाधित करने के लिए खेले गए तमाम दांवपेंच अंततः बेकार ही साबित हुए।

## एक्शन जरूरी

लखनऊ की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए गत करीब चार-पांच सालों से संबंधित महकमों की बैठकों और उनमें दिए जाने वाले निर्देशों के क्रम में ताजा फैसला यह आया है कि यहां के सात प्रमुख चौराहों की डिजाइनों को बदला जाएगा। यह इसलिए अच्छी बात है क्योंकि इनसे होकर गुजरने वाले वाहनों की संख्या बेहिसाब ढंग से बढ़ती जा रही है जिनके अनुपात में ये चौराहे काफी संकरे व अनियोजित साबित हो रहे हैं। ऐसे चार चौराहों पर पहले से काम हो भी रहा है। लेकिन इससे भी बड़ी जरूरत इस बात की है कि चौराहों को पार करने के लिए निर्धारित नियमों का सही ढंग से पालन किया और कराया जाए। डिजाइनें बदलने से कुछ जगह निकल आएगी व आना-जाना भी आसान हो जाएगा लेकिन अगर मनमानी पर रोक न लग पाए तो इस तरह के बदलावों का भी क्या फायदा होगा। शहर में हजरतगंज चौराहे की बात छोड़ दें तो पॉलिटेक्निक, 1090, चौक, मेडिकल कॉलेज, कपूरथला, हुसैनगंज, डालीगंज तिराहा जंक्शन, गोमतीनगर का हैनीमैन चौराहा और शाम के वक्त मिठाईवाला चौराहा जैसे अति व्यस्त चौराहों से मनमर्जी ढंग से रास्ता पार करने वालों को नियंत्रित व उन पर कार्रवाई के नियमों की धज्जियां उड़ती हैं। यह तो तथ्य है कि अब ज्यादातर वाहन चालक ट्रैफिक नियमों को न मानने पर आमादा रहते हैं लेकिन व्यवस्था बनाए रखने के लिए उनके ऊपर नकेल कसना बहुत जरूरी है। इनमें कुछ जगहों पर ट्रैफिक पुलिस के सिपाही काफी हद तक लापरवाह भी रहते हैं। यह भी हो सकता है कि बेअंदाज वाहन चालकों पर नियंत्रण के लिए ट्रैफिक पुलिस का स्टाफ पर्याप्त संख्या में न हो। प्रशासन को समस्या के इस पक्ष पर भी विचार करना चाहिए।

## काँव-काँव

♦♦♦

**आतंकवादी तहव्वुर राणा को लाया गया भारत**
दाऊद, अजहर, मौलाना साद फिर बचे रह गये!

**भसीन इंफ्राटेक पर प्रवर्तन विभाग की छापेमारी**
भाजपा के इलेक्टोरल बांड खरीदने ही पड़ेंगे!

**पैक्डफूड पर वार्निंग लिखना जरूरी-सुप्रीमकोर्ट**
मोबाइल देख देखकर सबकी आंखें कमजोर हैं!

**पत्रकार हत्याकांड में बाबा शिवानंद गिरफ्तार**
हिंदू राष्ट्र बनाने वाली नींव के पत्थर दिख रहे हैं!

**बलात्कार में भुक्तभोगी महिला जिम्मेदार-कोर्ट**
न्यायालयों में भी लेटरल एंट्री चल रही है क्या?

**झूठी निकल गयी लाल किला उड़ाने की धमकी**
अब तो आतंकवादी भी जुमलेबाज हो गये!

♦♦♦

# क्षेत्रीय सहयोग का प्रभावी मंच बिम्सटेक

**हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सात एशियाई देशों के संगठन 'बिम्सटेक' के बैंकॉक में आयोजित छठे शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया और इन देशों के बीच बेहतर जुड़ाव, आर्थिक और डिजिटल संबंधों को प्रगाढ़ करने हेतु आह्वान किया. 'बिम्सटेक' में बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाइलैंड शामिल हैं. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के 2024 के अनुमानों के अनुसार ये देश कुल 5.23 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी का उत्पादन करते हैं, जिसमें भारत का योगदान सर्वाधिक है. यह बंगाल की खाड़ी से तटवर्ती या समीपी देशों का एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग संगठन है, जिसमें पाकिस्तान नहीं है. जून, 1997 में इसका गठन बिस्टेक के नाम से हुआ था. दिसंबर, 1997 में इसमें म्यांमार को शामिल किया गया और इसका नाम बिम्सटेक हो गया. फरवरी, 2004 में नेपाल और भूटान इसके सदस्य बन गये और इसका नाम तो बिम्सटेक ही रहा, पर इसे अब 'बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कॉओपरेशन' के नाम से जाना जाने लगा।**

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सात एशियाई देशों के संगठन 'बिम्सटेक' के बैंकॉक में आयोजित छठे शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया और इन देशों के बीच बेहतर जुड़ाव, आर्थिक और डिजिटल संबंधों को प्रगाढ़ करने हेतु आह्वान किया. 'बिम्सटेक' में बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और

**– डॉ. अश्विनी**

थाइलैंड शामिल हैं. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के 2024 के अनुमानों के अनुसार ये देश कुल 5.23 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी का उत्पादन करते हैं, जिसमें भारत का योगदान सर्वाधिक है. यह बंगाल की खाड़ी से तटवर्ती या समीपी देशों का एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग संगठन है, जिसमें पाकिस्तान नहीं है. जून, 1997 में इसका गठन बिस्टेक के नाम से हुआ था. दिसंबर, 1997 में इसमें म्यांमार को शामिल किया गया और इसका नाम बिम्सटेक हो गया. फरवरी, 2004 में नेपाल और भूटान इसके सदस्य बन गये और इसका नाम तो बिम्सटेक ही रहा, पर इसे अब 'बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कॉओपरेशन' के नाम से जाना जाने लगा।

भारत के पड़ोसी देशों का एक संगठन सार्क है. वर्ष 1985 में सात देशों के संगठन के रूप में इसका गठन हुआ. वर्ष 2007 में अफगानिस्तान इसमें शामिल हुआ. सार्क के नौ पर्यवेक्षक देश भी हैं, जिनमें यूरोपीय संघ, अमेरिका, ईरान और चीन आदि हैं. शुरू से ही सार्क में विवाद रहा, क्योंकि पाकिस्तान ने भारत के विरुद्ध छोटे देशों को भड़का कर उसे बदनाम करने का काम शुरू किया था. पाकिस्तान के इस रुख को देखते हुए भारत ने 'लुक ईस्ट पॉलिसी' के तहत बिम्सटेक को बढ़ावा देने का काम शुरू किया. वर्ष 1997 में इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन, वर्ष 2000 में मैकांग-गंगा को-ऑपरेशन और 2015 में बांग्लादेश, भूटान, भारत तथा नेपाल ट्रांसपोर्ट एग्रीमेंट करते हुए बिम्सटेक को मजबूत करने का काम किया गया. भारत के सार्क से विमुख होने के बाद इसका महत्व ही खत्म हो गया।


बिम्सटेक में शामिल भारत के पड़ोसी या समीपवर्ती सातों देश विकासशील देश हैं. इनमें अर्थव्यवस्था और जनसंख्या के नाते सबसे बड़ा देश भारत है. विभिन्न प्रकार के अवरोध और असमंजस के बीच भारत की 'लुक ईस्ट पॉलिसी' के तहत इस क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग संगठन का महत्व और ब? जाता है. भारत ने पिछले एक दशक में जो तकनीकी और आर्थिक प्रगति की है, इस क्षेत्र के लोग उससे प्रभावित हैं. कनेक्टिविटी का मामला हो, डिजिटाइजेशन की बात हो या अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग का मामला हो, भारत इस क्षेत्र के देशों को मदद करने की स्थिति में है. भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और सॉफ्ट पावर, दोनों ही उसे इस क्षेत्र के नेतृत्व हेतु बिम्सटेक में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाते हैं. छठे शिखर सम्मेलन में मोदी ने बिम्सटेक को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच महत्वपूर्ण सेतु बताया. उन्होंने बिम्सटेक के एजेंडे व क्षमता को और मजबूत करने हेतु आह्वान किया है. उन्होंने बिम्सटेक में संस्थान और क्षमता निर्माण की दिशा में भारत के नेतृत्व में कई पहलों की घोषणा भी की. इनमें आपदा प्रबंधन, सतत समुद्री परिवहन, पारंपरिक चिकित्सा और कृषि में अनुसंधान व प्रशिक्षण पर भारत में बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना शामिल है. उन्होंने



युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए एक नये कार्यक्रम की भी घोषणा की, जिसके तहत पेशेवरों, छात्रों, शोधकर्ताओं, राजनयिकों और अन्य लोगों को प्रशिक्षण और छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी. उन्होंने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में क्षेत्रीय जरूरतों के आकलन के लिए भारत द्वारा एक पायलट अध्ययन और क्षेत्र में कैंसर देखभाल के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम की भी पेशकश की. उन्होंने बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना और भारत में हर वर्ष बिम्सटेक बिजनेस समिट आयोजित करने की भी पेशकश की. भारत इस वर्ष बिम्सटेक एथलेटिक्स मीट और 2027 में पहले बिम्सटेक खेलों की मेजबानी भी करेगा. यह बिम्सटेक पारंपरिक संगीत महोत्सव की मेजबानी भी करेगा. क्षेत्र के युवाओं को करीब लाने के लिए प्रधानमंत्री ने यंग लीडर्स समिट, हैकाथॉन और यंग प्रोफेशनल विजिटर्स प्रोग्राम की घोषणा की।

पाकिस्तान के नकारात्मक रवैये से सार्क के मृतप्राय होने की पृष्ठभूमि में बिम्सटेक नये क्षेत्रीय समूह के रूप में उभरा है, जिसमें भारत एक प्रमुख शक्ति है, जहां क्षेत्र के विभिन्न देश अंतरिक्ष क्षेत्र, भुगतान प्रणाली, डिजिटलीकरण, औद्योगिकीकरण आदि में सहयोग के लिए भारत की ओर देख रहे हैं. यह भारत को इस क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने का नया अवसर देता है, जहां चीन बुनियादी ढांचे और अन्य तरीकों से हावी होने की कोशिश कर रहा है. श्रीलंका सहित पड़ोसी देशों की प्रधानमंत्री की यात्रा संकेत है कि भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ सहयोग विकसित करने के बारे में गंभीरता से सोच रहा है. इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए इसका भू-राजनीतिक महत्व भी है. बिजनेस समिट, यंग लीडर्स समिट, बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना, खेल आयोजन और ऐसे अन्य उपायों के रूप में बिम्सटेक देशों के साथ नियमित बातचीत, क्षेत्र के देशों के बीच आर्थिक सहयोग बेहतर करने में लंबा रास्ता तय कर सकती है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### कजाकी

उसके पास बल्लम भी था, कमर में चपरास भी थी, सिर पर साफा भी बंधा हुआ था। बल्लम में डाक का थैला भी बंधा हुआ था। में दौड़ कर उसकी कमर से चिपट गया और विस्मित होकर बोला-तुम्हें चपरास और बल्लम कहां से मिल गया, कजाकी ?

कजाकी ने मुझे उठा कर कंधे पर बैठालते हुए कहा- वह चपरास किस काम की थी, भैया? वह तो गुलामी की चपरास थी, यह पुरानी खुशी की चपरास है। पहले सरकार का नौकर था, अब तुम्हारा नौकर हूं।

यह कहते-कहते उसकी निगाह टोकरी पर पड़ी, जो वहीं रखी थी। बोला-यह आटा कैसा है, भैया ?

मैंने सकुचाते हुए कहा-तुम्हारे ही लिए तो लाया हूं। तुम भूखे होगे, आज क्या खाया होगा?

कजाकी-आंखें तो मैं न देख सका, उसके कंधे पर बैठा हुआ था; हां, उसकी आवाज से मालूम हुआ कि उसका गला भर आया है। बोला- भैया क्या रूखी हो रोटियां खाऊंगा? दाल, नमक, घी-और तो कुछ नहीं है। मैं अपनी भूल पर बहुत लज्जित हुआ। सच तो है, बेचारा रूखी रोटियां कैसे खायेगा? लेकिन नमक, दाल, घी कैसे लाऊं? अब तो अम्मां चौके में होंगी। आटा ले कर तो किसी तरह भाग आया था (अभी तक मुझे न मालूम था कि मेरी चोरी पकड़ ली गयी; आटे की लकीर ने सुराग दे दिया है)। अब ये तीन-तीन चीजें कैसे लाऊंगा? अम्मां से मांगूंगा, तो कभी न देंगी एक-एक पैसे के लिए तो घंटों रुलाती हैं, इतनी सारी चीजें क्यों देने लगीं? एकाएक मुझे एक बात याद आयी। मैंने अपनी किताबों के बस्तों में कई आने पैसे रख छोड़े थे। मुझे पैसे जमा करके रखने में बड़ा आनन्द आता था। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**बिन विचार खर्चा करें, झगरे बिनहिं सहाय ।**
**आतुर सब तिय में रहै, सोइ न बेगि नसाय।।**

कहते हैं अगर कोई इंसान पैसे को व्यर्थ में खर्च कर रहा है तो उसे पैसे के महत्व के बारे में नहीं पता है। ऐसे व्यक्ति स्वभाव से झगड़ालू होते हैं और स्त्रियों को परेशान करने वाले होते है। ऐसे लोगों का कब नाश हो जाता है इसका अंदाजा भी वह नहीं लगा पाते हैं। ऐसे लोगों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

♦♦♦

# एआइ की मदद से लिखे जा रहे हैं प्रेम पत्र

**इन दिनों चारों तरफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता का बोलबाला है. इसे संक्षेप में एआइ कहा जाता है और अपने इसी नाम से यह अधिकांश लोगों के बीच जाना जाता है. बहुत से लोग कह रहे हैं कि इससे दुनिया की तसवीर बदल जायेगी. इसके साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि 2030 तक यह तकनीक मनुष्य के दिमाग की बराबरी कर लेगी और एक तरह से सभ्यता का अंत नजदीक है. क्या होगा, यह तो समय ही बतायेगा. अमेरिका में जब चैट जीपीटी से एक किशोर ने बार-बार सवाल पूछे, तो उसने नाराज होकर कहा कि तुम्हें कुछ नहीं आता है।**

इन दिनों चारों तरफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता का बोलबाला है. इसे संक्षेप में एआइ कहा जाता है और अपने इसी नाम से यह अधिकांश लोगों के बीच जाना जाता है. बहुत से लोग कह रहे हैं



**– क्षमा शर्मा**

कि इससे दुनिया की तसवीर बदल जायेगी. इसके साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि 2030 तक यह तकनीक मनुष्य के दिमाग की बराबरी कर लेगी और एक तरह से सभ्यता का अंत नजदीक है. क्या होगा, यह तो समय ही बतायेगा. अमेरिका में जब चैट जीपीटी से एक किशोर ने बार-बार सवाल पूछे, तो उसने नाराज होकर कहा कि तुम्हें कुछ नहीं आता है. बेहतर है कि तुम मर जाओ. जब इसकी शिकायत की गयी, तो चैट जीपीटी के कर्ता-धर्ताओं ने माफी मांग ली. आप सोचिए भला, कि क्या कोई अध्यापक अपने छात्र से ऐसी बात कह सकता है. यदि वह ऐसा कहेगा, तो उसका क्या होगा. इसी तरह अभी एक व्यक्ति ने एआइ कोड असिस्टेंट से जब कई प्रश्न पूछे, तो उसे असिस्टेंट से डांट पड़ी कि अपना काम खुद करना सीखो. असिस्टेंट ने यह भी कहा कि मैं तुम्हारे लिए कोड नहीं लिख सकता. क्योंकि इस तरह तो मैं तुम्हारा काम कर दूंगा. फिर तुम क्या करोगे. उस व्यक्ति ने असिस्टेंट से जुड़े फोरम पर शिकायत दर्ज करायी और कहा कि समझ में नहीं आ रहा कि यह एआइ असिस्टेंट आखिर है किसलिए. मैंने एक घंटे की कोडिंग की थी और इसने किसी भी तरह की सहायता करने से मना कर दिया।

चैट जीपीटी से तो लोग आजकल कालेजों का टाइम टेबल भी बनाने लगे हैं. पढ़ाने की तैयारी भी करते हैं. जो समझ में नहीं आता, उसे चैट जीपीटी से पूछ लेते हैं. कई बार यह भी वैसी ही गलतियां करता है, जैसा कि गूगल मैप. हालांकि बहुत से युवाओं का मानना है कि एआइ उनकी बहुत सहायता भी करता रहा है. खास तौर से संदेश लिखने में. पर कभी-कभी इसका उल्टा भी हो जाता है. एक लड़की ने कहा कि उसके मित्र ने डेटिंग एप पर उसे एक ऐसा संदेश भेजा जिसमें बहुत अच्छी बातें लिखी थीं. यहां तक कि भाषा से संबंधित कोई गलती भी नहीं की थी उसने. बल्कि दिन पर दिन उसके संदेश बहुत अच्छे होते चले गये. उनमें उसकी केयर और प्यार की भावना छिपी हुई थी. मैं उसकी




मानवीयता से बहुत प्रभावित हुई. वह बार-बार मिलने की जिद कर रहा था. मैं भी उससे मिलना चाहती थी. पर जब मैं मिलने गयी, तो उसके व्यवहार को बहुत अलग पाया. उसकी बातचीत की भाषा भी वैसी नहीं थी जैसा वह लिखता था. मुझे लगता है, उसने जरूर उन संदेशों को लिखने में एआइ की मदद ली होगी. वह वास्तव में वैसा था ही नहीं जैसा मैंने उन संदेशों को पढ़कर उसे समझा था. एक और लड़के ने बताया था कि एक बार वह अपनी पार्टनर से एक मुश्किल बात कर रहा था. इसमें एआइ ने उसकी मदद की कि ठीक से संदेश कैसे लिखें. एक लड़की ने कहा कि जब से मैंने एआइ की मदद से संदेश लिखना शुरू किया है, उनमें कोई गलती नहीं होती। आजकल लोग प्रेम करने के लिए मशीन से मदद ले रहे हैं, यानी कि उनके पास अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए जो भाषा होनी चाहिए, जो भावनाएं होनी चाहिए, वह कहीं गायब हो गयी हैं. कुछ दिन पहले खबर आयी थी कि लड़के-लड़कियां डेटिंग पर जब जाएं, तो क्या-क्या बातें करें, कैसे समझें कि जिससे मिल रहे हैं वह उनसे प्रभावित है कि नहीं और उसे प्रभावित कैसे करें, इसके लिए बाकायदा कक्षाओं में जा रहे हैं और भारी-भरकम फीस चुका रहे हैं. एक समय में प्रेम पत्रों का बहुत महत्व रहा है. जिससे प्रेम किया, उससे विवाह न भी हो सका तो भी उन पत्रों को बहुत से लोग जीवनभर संभालकर रखते थे. हिंदी फिल्मों ने भी प्रेम के महत्व को बहुत बढ़ाया था. मगर अब मेल, व्हाटसएप, इंस्टा आदि के जमाने में चिट्ठियों का ही समय खत्म हो गया, तो पत्र आयें कहां से. पर एक चीज कहीं खत्म होती है, तो किसी दूसरी तरह से शुरू हो जाती है. कुछ वर्ष पहले इटली के बारे में पढ़ा था कि वहां प्रेम पत्र लिखना सिखाने के लिए एक स्कूल खोला गया है. आश्चर्य होता है कि पुराने जमाने में जब न प्रेम पत्र लिखना सिखाने के लिए कोई स्कूल था, न एआइ ही थी, तब लोग कैसे प्रेम पत्र लिखते थे. किस तरह से उन्हें तरह-तरह के इत्रों और खुशबू से सराबोर करते थे. यहां तक कि किसी लड़की को प्रेम पत्र पहुंचाने के लिए उसकी सबसे अच्छी सहेली को अपनी बहन बना लेते थे और लड़कियां लड़के के दोस्त को भाई। प्रेम में जो कोमलता होती है, चाहत होती है, एक-दूसरे की हर तरह से मदद करने की इच्छा होती है, जब तक वह नहीं है, तब तक कोई मशीन या कोई अध्यापक उसे समझा भी नहीं सकता. हमारे मध्यवर्गीय युवाओं की यह मुसीबत भी है कि अरसे से वे कहते रहे हैं कि 'करियर के आगे नो टाइम फॉर रिलेशनशिप्स.' इसलिए वह भाषा भी गायब हो गयी है, जिससे प्रेम की मासूमियत की अभिव्यक्ति होती थी. बहुत से एआइ विशेषज्ञ कह रहे हैं कि भावनात्मक रिश्तों में इसका अधिक इस्तेमाल अच्छा नहीं है. न ही यह उन भावनाओं को सही तरह से व्यक्त कर सकता है जो आपके मन में किसी के लिए होती हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### पिंजरे के पंछी

चंद्र प्रकाश के चार साल के बेटे को पंछियों से बेहद प्यार था। वह अपनी जान तक न्योछावर करने को तैयार रहता। ये सभी पंछी उसके घर के आंगन में जब कभी आते तो वह उनसे भरपूर खेलता। उन्हें जी भर कर दाने खिलाता। पेट भर कर जब पंछी उड़ते तो उसे बहुत अच्छा लगता।

एक दिन बेटे ने अपने पिता जी से अपने मन की एक इच्छा प्रकट की। पिता जी, क्या चिड़िया, तोता और कबूतर की तरह मैं नहीं उड़ सकता?

नहीं-पिता जी ने पुत्र को पुचकारते हुए कहा।

क्यों नहीं?

क्यों कि बेटे, आपके पंख नहीं हैं।

पिता जी, क्या चिड़िया, तोता और कबूतर मेरे साथ नहीं रह सकते हैं? क्या शाम को मैं उनके साथ खेल नहीं सकता हूं?

क्यों नहीं बेटे? हम आज ही आपके लिए चिड़िया, तोता औ कबूतर ले आएंगे।

जब जी चाहे उनसे खेलना। हमारा बेटा हमसे कोई चीज़ मांगे और हम नहीं लाएं, ऐसा कैसे हो सकता है?

शाम को जब चन्द्र प्रकाश घर लौटे तो उनके हाथों में तीन पिंजरे थे - चिड़िया, तोता और कबूतर के। तीनों पंछियों को पिंजरों में दुबके पड़े देखकर पुत्र खुश न हो सका।

बोला- पिता जी, ये इतने उदास क्यों हैं?

चन्द्र प्रकाश ने बेटे को तसल्ली देते हुए कहा- बेटे, अभी ये नये-नये मेहमान हैं। एक-दो दिन में जब ये आप से घुल मिल जाऐंगे तब देखना इनको उछलते-कूदते और हंसते हुए।

दूसरे दिन जब चन्द्र प्रकाश काम से लौटे तो पिंजरों को खाली देखकर बड़ा हैरान हुए। पिंजरों में न तो चिड़िया थी और न ही तोता और कबूतर। उन्होंने पत्नी से पूछा-ये चिड़िया, तोता और कबूतर कहां गायब हो गये हैं?

पत्नी ने उत्तर दिया- अपने लाडले बेटे से पूछिए। चन्द्र प्रकाश ने पुत्र से पूछा-बेटे, ये चिड़िया, तोता और कबूतर कहां हैं? पिता जी, पिंजरों में बंद मैं उन्हें देख नहीं सका। मैंने उन्हें उड़ा दिया है। अपनी भोली ज़बान में जवाब देकर बेटा बाहर आंगन में आकर आकाश में लौटते हुए पंछियों को देखने लगा।

सच है सच्ची खुशी जिन्हें हम प्यार करते हैं उनको खुश देखने में है। उन्हें बांधकर अपने सामने रखने में नहीं।

## आपका पत्र मिला

### मंदी को न्यौता दे रहा ट्रंप का टैरिफ

अमेरिका द्वारा टैरिफ शुरू करने के बाद विश्व में आर्थिक मंदी की संभावना बढ़ गई है। इसका प्रभाव न केवल अमेरिका और चीन पर पड़ेगा, बल्कि पूरी दुनिया पर इसका असर दिखाई देगा। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध तेज हो गया है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार प्रभावित हुआ है। इसका असर अन्य देशों पर भी पड़ेगा, जो इन दोनों देशों के साथ व्यापार करते हैं। आईएमएफ का कहना है कि विश्व व्यापार धीमा पड़ जाएगा। इससे वैश्विक मंदी की संभावना बढ़ जाएगी। मंदी के कारण रोजगार के अवसर कम हो जाएंगे, जिससे लोगों की आय प्रभावित होगी। इससे अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध के कारण भारत के निर्यात प्रभावित हो सकते हैं। मंदी के कारण भारत का आर्थिक विकास धीमा पड़ सकता है। हालांकि, भारत में कृषि और घरेलू खपत ने 2008 के वित्तीय संकट के दौरान अर्थव्यवस्था को सहारा दिया था। इससे कंपनियों को उत्पादन जारी रखने में मदद मिली थी। मंदी कई कारकों पर निर्भर करती है, जैसे कि व्यापार युद्ध की स्थिति, वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां, और सरकारों की नीतियां। हालांकि, यह उम्मीद की जा रही है कि मंदी कुछ वर्षों तक रह सकती है। अमेरिका द्वारा टैरिफ शुरू करने के बाद विश्व में आर्थिक मंदी की संभावना बढ़ गई है। इसका प्रभाव न केवल अमेरिका और चीन पर पड़ेगा, बल्कि पूरी दुनिया पर इसका असर दिखाई देगा। भारत को भी इसके लिए तैयार रहना होगा और अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कदम उठाने होंगे। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह फैसला वाकई अमेरिका के लिए फायदेमंद होगा या उल्टा नुकसान पहुंचाएगा? इसके जवाब में अर्थशास्त्रियों के अलग-अलग विचार हैं।

**मधु सुभाष बुड़ावन वाला**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।** आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**

**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# बच्चों की आपसी मारपीट से हो जाएं सावधान

**समझ की कमी**

कई बार मांएं बच्चों को गलती करने पर मार देती हैं। पिता भी गुस्से में डांट देते हैं। छोटे बच्चे में समझ की कमी होती है। उसे लगता है कि गुस्सा, निराशा और असंतोष को व्यक्त करने का यही तरीका है, इसलिए वह अपनी भावनाओं को शब्दों के बजाय शारीरिक रूप से व्यक्त करने के लिए झगड़ा और मारपीट का सहारा लेता है। ऐसे में आप उसके व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए उससे खुला संवाद करें।

**ध्यान आकर्षित करना**

बच्चे अपने माता-पिता का ध्यान आकर्षित करने के लिए भी भाई-बहनों या दोस्तों से लड़ाई करते हैं। यह विशेष रूप से तब होता है, जब वे महसूस करते हैं कि उन्हें बराबरी का प्यार और समय नहीं मिल रहा। यह भावना उन्हें असुरक्षित तथा उपेक्षित महसूस कराती है और वे उग्र हो जाते हैं। इसलिए दोनों बच्चों पर समान रूप से ध्यान दें। अगर आपका दूसरा बच्चा काफी छोटा है तो कोशिश करें कि उसे सुलाने के बाद बड़े को थोड़ा समय दें।



**अत्यधिक छूट**

कई बार माता-पिता को आस-पास न पाकर बच्चा छोटे भाई या बहन को मार देता है। आप इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देतीं, जिस कारण वह ऐसा लगातार करता है। असल में, माता-पिता की लापरवाही या अत्यधिक छूट बच्चे को उग्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इसलिए ऐसा होने पर बच्चे को तुरंत रोक दें।

**प्रतिस्पर्धा और ईर्ष्या**

बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा और ईर्ष्या की भावना अक्सर माता-पिता ही बढ़ाते हैं।



वे बच्चों की आपस में तुलना करने लगते हैं, जिस कारण भाई-बहन के बीच का प्यार तो खत्म होता ही है, वे अधिकतर समय लड़ने-झगड़ने में बिताते हैं। लेकिन इसका उनके भविष्य पर नकारात्मक रूप से असर पड़ता है। इसलिए आप कोशिश करें कि दोनों बच्चों की तुलना न करें और उनके बीच प्यार तथा समझ बढ़ाने की कोशिश करें।





**डिजिटल माध्यम**

अगर आपका बच्चा जरूरत से ज्यादा हिंसक वीडियो गेम, कार्टून या फिल्में देखता है तो ये उस पर नकारात्मक असर डालते हैं। ऐसे कंटेंट को देखकर बच्चे हिंसा को सामान्य मानने लगते हैं।

इसके अलावा यदि घर का माहौल तनावपूर्ण और आक्रामक हो, तब भी वे झगड़ालू हो जाते हैं।

इसलिए घर में सकारात्मक माहौल बनाएं और उन्हें हिंसक कंटेंट से दूर रखें।

**धैर्य के साथ सुनें उसकी बात**

बाल मनोवैज्ञानिक डॉ. अंजली गुप्ता कहती हैं, भाई-बहनों के बीच लड़ाई-झगड़े जब हद से ज्यादा बढ़ जाएं तो इसके पीछे कई कारण छिपे होते हैं, जैसे- प्रतिद्वंद्विता, असुरक्षा की भावना, प्रशंसा की कमी, सम्मान, आलोचना या माता-पिता द्वारा भाई-बहनों के बीच तुलना या माता-पिता की शारीरिक और भावनात्मक रूप से अनुपलब्धता। इस समय रहते सुलझाना जरूरी होता है, अन्यथा यह बच्चों को उग्र बना देती है। वे खुद को भावनात्मक रूप से असंतुलित, अनियमित, आवेगी और आक्रामक बना लेते हैं।

माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को कठिन भावनाओं से बाहर लाने के लिए सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाएं और धैर्य से उन्हें सुनें। उन्हें विश्वास दिलाएं कि वे दूसरे भाई-बहनों से कम नहीं हैं।

## पक्षी व मूर्ख बंदर



**कहानी**

एक नदी के किनारे विशाल वृक्ष था। इसकी शाखाओं पर अनेक पक्षी घोंसले बना कर रहते थे। वृक्ष की घनी शाखाएँ उन्हें वर्षा की बूंदों व सूरज की धूप से सुरक्षित रखती थीं।

एक दिन आकाश में बादल छा गए व देखते ही देखते जोरों से वर्षा होने लगी। पक्षी घोंसलों में जा छिपे। पेड़ के आस-पास खेल रहे कुछ बंदर पानी से भीग गए और पेड़ के नीचे बैठे सब ठंड से काँपने लगे। उन्हें देख कर एक पक्षी बोला- प्यारे भाईयों! अगर तुमने पहले ही हमारी तरह कोई घर बना लिया होता तो तुम्हें सर्दी में इस तरह ठिठुरना न पड़ता। हालांकि हम छोटे हैं पर फिर भी अपनी चोंच से घोंसले के लिए तिनके बटोरते हैं। तुम्हें तो भगवान ने दो-दो हाथ-पैर दिए हैंए तुम तो आराम से अपना घर बना सकते हो। यह सर्दीए गर्मी व धूप से तुम्हारी रक्षा करता। बंदरों को पक्षी की यह सलाह पसंद नहीं आई। वे चिढ़ गएए उन्हें लगा कि पक्षी उनका मजाक उड़ा रहे हैं। वह यह सोच कर क्रोधित होने लगे कि ये नन्हें जीव हमारी खिल्ली उड़ाते हैंए हमें सबक सिखाते हैं क्योंकि इनके पास अपना घर है। उनमें से एक बोला- बारिस रुकने दोए हम तुम्हें बताएँगे कि हम अपना घर कैसे बनाते हैं।

जैसे ही बारिश रुकीए बंदर पेड़ पर चढ़े व सभी पक्षियों के घोंसले नष्ट कर दिए। उन्होंने उनके अंडे फोड़ दिए व नन्हें बच्चों को पेड़ से धकेल दिया। बेचारे पक्षी बंदरों का ऐसा बर्ताव देख कर दंग रह गए। वे यहाँ वंहा उड़ने लगे। उन्हें पछतावा व एहसास हुआ कि मूर्ख बंदरों को सलाह नहीं देनी चाहिए थी।

**शिक्षा:- जब तक माँगी या पूछी न जाए कोई सलाह मत दो।**

## साहित्य सफर : कोरोना महामारी

ड्रैगन के षड़यंत्रों ने जब मरघट व्यूह रचा था।
आर्यवर्त की श्वांस रोकने विषमय धूम्र उड़ा था।
जनजीवन का सूर्य गटकने ग्रहण काल आया था।
वक्र चले थे शनि ग्रहों पर राहु काल छाया था।।
आग उगलता नागफनी सा कालकूट आया था।
पूस ठिठुरती ठंडक में वैश्विक संकट छाया था।।
समय गया था ठहर भींच मुट्ठी उकड़ू बैठा था।
रक्त पिपासु गादुर सा दुर्भिक्ष भाग्य ऐंठा था।।
सांय सांय थीं सभी वीथियाँ खाली थे चौक चौबारे।
दीन दरिद्र की व्यथा असीमित उनको कौन उबारे।।
रथी महरथी पैदल क्या संशय में बड़े-बड़े थे।
उद्योगों के परिसर में घुप सन्नाटे पसरे थे।।
घोर निराशा दुसह वेदना चारों ओर खड़ी थी।
भरतवंशियों के जीवन पर यह संकट भरी घड़ी थी।।
ताली थाली और दीपों ने जन जामवंत किया था।
लक्ष्य भेदने अर्जुन को उसने हनुमन्त किया था।।
भरतवंशियों की मेधा ने तब उसको पहचान लिया था।
धवल ओढ़नी जिजीविषा ने फिर उसको थाम लिया था।।
राम खड़े थे दुविधा में मूर्छित सौमित्र पड़े थे।
जीवन की बूटी लाने तब सौ सौ बजरंग उड़े थे।।
गुरुता को तत्पर भारत ने संकल्पों का गर्भ धरा था।
स्वर्णिम भारत के स्वप्नों में सतरंगी रंग भरा था।।

### वैक्सीन के सृजनोपरांत

मूलबन्ध से सहस्त्रार तक मेरुदंड संदीप्त हुआ।
धवल पटों की आभा से विष तिमिर घना उद्दीप्त हुआ।।
स्वावलंब के उच्च शिखर से वीर विजय उदघोष हुआ।
दिवस रात्रि का तेल पिघलकर मूर्तमान परितोष हुआ।।
तीन चरण से बह संजीवन राम बाण अमोघ हुआ।
विज्ञानी प्राचीरों को चढ़कर करुणा का चिरभोग हुआ।।
विज्ञानी शालाओं से फिर संजीवन अभिसार हुआ।
भारत का भारत के द्वारा भारत पर आभार हुआ।।
उच्च स्वरों में पुण्य धरा भारत ने तुम्हे पुकारा है।
सभी मनोरथ सिद्ध लगे जीवन का जयकारा है।।
अश्रु से हैं भाव बह रहे विह्वल कंठ अवरुद्ध हुआ।
करुणा से इस समर प्रवर में जन-जन पथ अनिरुद्ध हुआ।

**डॉक्टर अमिय अग्रवाल**
**चिकित्सा अधीक्षक केजीएमयू ट्रामा**

# क्यों भटकता है बच्चे का पढ़ाई से ध्यान

बच्चों का पढ़ाई में ध्यान न लगना एक आम समस्या है, जिससे अधिकतर माता-पिता जूझते हैं। इसका कारण सिर्फ आलस्य या लापरवाही ही नहीं, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक कारण भी हो सकते हैं। अगर आपके बच्चे का भी पढ़ाई में मन नहीं लग रहा है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। बस सही वजह पहचानिए और हल निकालिए। आइए जानते हैं इसके मुख्य कारण और प्रभावी समाधान

**1. ध्यान भटकना**

आज के दौर में बच्चों का ध्यान भटकना बहुत सामान्य है। मोबाइल, टीवी, वीडियो गेम और सोशल मीडिया जैसी चीज़ें उनके लिए ज़्यादा आकर्षक हो सकती हैं। अगर पढ़ाई का माहौल अनुकूल न हो, तो ध्यान केंद्रित करना और भी मुश्किल हो जाता है।

**समाधान-**

बच्चे के लिए एक शांत और व्यवस्थित माहौल तैयार करें।
पढ़ाई के दौरान मोबाइल और टीवी से दूरी बनाएं।
छोटे-छोटे ब्रेक देकर पढ़ाई को बोझ न बनने दें।
पढ़ाई को रुचिकर बनाने के लिए खेल-खेल में सिखाएं।

**2. आत्मविश्वास की कमी**

अगर बच्चा बार-बार असफल हो रहा है, तो उसका आत्मविश्वास कमजोर हो सकता है। उसे यह लगने लगता है कि



वह पढ़ाई में कमजोर है और उसके भीतर एक नकारात्मक सोच पैदा हो सकती है।

**समाधान**

बच्चे की हर छोटी-छोटी उपलब्धि पर उसकी तारीफ करें।
कठिन विषयों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर पढ़ाएं।
उसे यह समझाएं कि गलती करना भी सीखने का हिस्सा है।
उसे छोटे लक्ष्य देकर सफलता के प्रति उत्साहित करें।

**3. शारीरिक थकान या नींद की कमी**

अगर बच्चा पर्याप्त नींद नहीं ले रहा है या बहुत थका हुआ है, तो उसका दिमाग कमजोर महसूस करेगा। इससे उसकी एकाग्रता और सीखने की क्षमता प्रभावित होगी।

**समाधान**

बच्चे को हर दिन कम से कम 8-10 घंटे की नींद लेने के लिए प्रेरित करें।
खेल और शारीरिक गतिविधियों को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।
पढ़ाई के बीच-बीच में छोटे ब्रेक लें ताकि दिमाग को आराम मिले।

**4. गलत पढ़ाई का तरीका**

हर बच्चे का सीखने का तरीका अलग होता है। अगर बच्चा रटने की कोशिश कर रहा है या उसे पढ़ाई के तरीके में रुचि नहीं मिल रही है, तो वह जल्दी ऊब सकता है।

**समाधान**

बच्चे के सीखने के तरीके (दृश्य, श्रवण या प्रायोगिक) को समझें।
खेल-खेल में पढ़ाई करवाएं जैसे कि फ्लैश कार्ड, क्विज या स्टोरी टेलिंग।
कठिन विषयों को आसान भाषा में समझाएं।
पढ़ाई को रोचक और व्यावहारिक बनाएं।

# बची हुई रोटियों से झटपट बनाएं नूडल्स, बच्चे खाएंगे चाव से



नूडल्स एक ऐसी डिश है, जिसे बच्चे से लेकर बड़े लोग तक बेहद चाव से खाते हैं। खासतौर बात करें बच्चों की तो हर बच्चा ये चाहता है कि उसे खाने की जगह सिर्फ नूडल्स ही परोसा जाए। लेकिन ऐसा संभव नहीं है। मैदे से बने नूडल्स बच्चों की सेहत पर काफी बुरा प्रभाव डालते हैं। ऐसे में हम आपको नूडल्स की एक ऐसी रेसिपी बताने जा रहे हैं, जिसको फॉलो करके आप अपने बच्चे के लिए स्वादिष्ट नूडल्स घर पर ही तैयार कर सकते हैं।

दरअसल, हम आपको जिन नूडल्स के बारे में बताने जा रहे हैं, उसे रोटी से बनाया जाएगा। इसे खाकर आपके बच्चे का पेट भी भर जाएगा और आप इस रेपिसी को इस्तेमाल करके बची हुई रोटियों का सही उपयोग भी कर सकते हैं। इस नूडल्स को बच्चों से लेकर बड़े भी मन से खाएंगे।

**रोटी से नूडल्स बनाने का सामान**

बची हुई रोटियां
1 टेबलस्पून तेल
1 प्याज
1 शिमला मिर्च
1 गाजर
1 हरी मिर्च
1 टेबलस्पून सोया सॉस
1 टेबलस्पून चिली सॉस
1/2 टेबलस्पून अदरक-लहसुन पेस्ट
1/2 टेबलस्पून विनेगर
नमक स्वाद अनुसार
काली मिर्च
हरा धनिया

**विधि**

रोटियों से नूडल्स बनाना काफी आसान है। इसके लिए सबसे पहले तो सभी सब्जियों को एक ही साइज में काटकर साइड में रख लें। गाजर को काटने की जगह उसे कद्दूकस करें, क्योंकि कद्दूकस करने से इसका स्वाद ज्यादा बढ़ जाता है।

अब सब्जियों को साइड में रखकर रोटियों को इस आकार में लंबा-लंबा काट लें। इसे इस तरह से काटें कि ये ये देखने में नूडल्स के जैसा ही लगे। इन्हें काटने के बाद एक कढ़ाई में दो चम्मच तेल डालकर गर्म करें और रोटियों को उसमें डालकर हल्का भून लें। गोल्डन ब्राउन होने के बाद इसे निकालकर एक प्लेट में रख लें।

अब उसी कढ़ाई में तेल डालकर उसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें। इसके बाद उसमें प्याज डालकर भूनें। जब प्याज भुन जाए तो उसमें सभी सब्जियों को एक साथ डालकर मिक्स कर दें। इसी दौरान इसमें विनेगर भी मिक्स करें।

अब सब्जियों को सही से फ्राई करें। जब सब्जियां पक जाएं तो उसमें भुनी हुई रोटियों को डालकर मिक्स करें। आखिर में इसमें सोया सॉस और चिली सॉस डालें और सही से मिलाएं। मिलाते-मिलाते इसमें नमक, काली मिर्च पाउडर डालें और 2 से 3 मिनट चलाएं। जब मसाले में नूडल्स अच्छी तरह से मिल जाएं तो गैस बंद करें और उसके ऊपर से उसमें बारीक कटा हरा धनिया डालें। बस ये नूडल्स खाने के लिए तैयार हैं।

# रिजल्ट का पड़ सकता है बच्चे की मेंटल हेल्थ पर असर

अगर अच्छे नंबर नहीं आए ना तेरा बाहर खेलना बंद, दोस्तों के साथ घूमना-फिरना बंद, और तो और जो खर्च करने के लिए पॉकेटमनी मिलती है, वो भी मिलना बंद। इस तरह की बातें आपने अपने घर या घरों के आस-पास रहने वाले वाले पैरेंटस को कहते सुना होगा। पर, क्या आप जानते हैं कि इन्हीं बातों का प्रभाव बच्चे के दिमाग पर काफी ज्यादा पढ़ता है, जिस वजह से वो एंग्जाइटी का शिकार तक हो जाते हैं। ऐसे में यदि आपके घर में किसी बच्चे का रिजल्ट आने वाला है तो उसे धमकाने की बजाए उसका उत्साह बढ़ाएं, ताकि रिजल्ट की टेंशन से वो भी खुद को दूर रख सके।



अपने बच्चे को रिजल्ट की टेंशन से दूर रखने के लिए आपको कुछ टिप्स फॉलो करने पड़ेंगे, जिनके बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं।



**खुलकर बात है जरूरी**

रिजल्ट के समय अपने बच्चे से खुलकर बात अवश्य करें। ऐसा न करने पर आप कभी जान ही नहीं पाएंगे कि बच्चे के मन में आखिर चल क्या रहा है। ये जानें कि रिजल्ट के बारे में क्या सोचते हैं। इस दौरान उन्हें ये समझाएं कि एक रिजल्ट से उनका भविष्य तय नहीं होता। सफलता और असफलता दोनों ही जीवन के अहम पहलू हैं।

**सकारात्मक सोच रखने को कहें**

अपने बच्चे को सकारात्मक सोच रखने की सलाह हैं। उनसे कहें कि भले ही परीक्षा कैसी भी गई हो, लेकिन वो खुद पर भरोसा रखेंगे तो परिणाम अच्छे ही आएंगे। यदि बच्चे की परीक्षा खराब गई है तो रिजल्ट आने के समय उन्हें डांटना शुरू न करें, बल्कि उन्हें समझाएं कि कोई बात नहीं, आगे वो और बेहतर कर सकते हैं।

**भावनात्मक सहारा है जरूरी**

रिज्लट की तारीख पास आने के साथ-साथ अपने बच्चे को समझाएं कि रिज्लट चाहे पॉजीटिव आए या फिर निगेटिव, आप हर कम पर उनके साथ खड़े हैं। क्योंकि बच्चों को सबसे ज्यादा डर इसी बात का होता है कि रिजल्ट खराब होने पर उनके माता-पिता का रिएक्शन कैसा होगा।

**अन्य कामों में रखें व्यस्त**

जब बच्चा पूरे समय खाली रहेगा, तो वो हमेशा अपने रिजल्ट के बारे में ही सोचेगा। इसलिए उसे अन्य कामों में व्यस्त रखें। जैसे कि यदि आपके बच्चे को किसी काम में रूचि है, तो उसकी क्लासेस उन्हें लगवा दें। वरना आप उनके साथ खुद गेम्स खेलने में लग सकते हैं।

**उम्मीदें न बढ़ाएं**

परीक्षा के बाद कभी भी बच्चों से ये न कहें कि अगर अच्छे नंबर आए तो ये तोहफा मिलेगा, या फिर यहां घूमने जाएंगे। इससे बच्चों के मन में शंका आ जाती है कि यदि नंबर खराब आए तो उन्हें कुछ नहीं मिलेगा और घरवाले उनसे नाराज हो जाएंगें।

प्रयास की तारीफ करें

हर बच्चा अपने हिसाब से अपनी परीक्षा में काफी अच्छा करने की कोशिश करता है। ऐसे में आप अपने बच्चे के प्रयासों की तारीफ करें और उन्हें समझाएं कि मेहनत ही सबसे महत्वपूर्ण चीज है। ऐसा करने से आपके बच्चे को भी मानसिक आराम मिलेगा।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**शनिवार, 12 अप्रैल 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत ऋतौ चैत्र मासोत्तमे शुक्ल पक्षे पूर्णिमा तिथौ शनि वासरे 29/41/ हस्त नक्षत्रे 18/08/ व्याघात योग 20/40/ भद्रा करणे 16/37/ कन्या राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा समाप्त घं.07 मि.50पर। पूर्णिमा व्रत। चाण्डक पूजा (बंगाल)। श्री हनुमान जयंती। श्री हनुमान जी का जन्म सायं मेष लग्न में।

**मेष :** अधिकारी से विरोध होगा। कार्य क्षेत्र की स्थिति तनावपूर्ण होगी। कार्य की आलोचना संभव है। पारिवारिक व्यय बढ़ेगा।

**वृष :** दैनिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक कमी के चलते पारिवारिक तनाव धैर्य से विपरीत परिस्थितियों में सुधार होगा।

**मिथुन :** किसी शुभ सूचना से स्थिति में सुधार होगा। आमोद प्रमोद में रुचि लेंगे। संतान की ओर से प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति। पुरानी समस्याओं का समाधान। आर्थिक योजना में पूंजी निवेश कर सकते हैं।

**तुला :** अधूरे काम पूरे होंगे। महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। अपने विचारों के अनुरूप वातावरण का निर्माण करना चाहेंगे ।

**वृश्चिक :** सम्मान का लाभ मिलेगा। देशाटन की स्थिति सुखद व लाभकारी होगी। आप जल क्षेत्र में जोखिम न उठाएं।

**धनु :** व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। संबंधों में मधुरता रहेगी।

**मकर :** शिक्षा के क्षेत्र में किया गया प्रयास सार्थक होगा। शासन सत्ता का लाभ मिलेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**कुंभ :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मीन :** विरोधी शिथिल होंगे। किसी पड़ोसी के विषय में कानूनी उलझन कष्ट देंगी। बिना सोचे कार्य में पछतावा होगा।

# जालौन ललितपुर, झांसी

**भाजपा नगर इकाई ने चलाया स्वच्छता अभियान एवं वस्ती सम्पर्क कार्यक्रम**

**कोंच(जालौन)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थापना दिवस की श्रृंखला में कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मूलचंद निरंजन नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल विकास पटेल दंगल यादव सभासद मनीष नगरिया शिव सिंह सभाषद विनोद सोनी अनिल अग्रवाल दीपक मिश्रा सभाषद प्रतिनिधि गौरव तिवारी बाबूराम पाल अंकित यादव अंकुश यादव महावीर गुप्ता बसंत अग्रवाल रामराज पटेल एवं प्रदीप वर्मा सहित कई पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया इस दौरान उपस्थित नेताओं ने क्षेत्र की स्वच्छता के साथ-साथ जनसम्पर्क को बढ़ावा देने पर जोर दिया

## खबर एक नज़र

### महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 198 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई




**कोंच(जालौन)।** मुहल्ला गांधी नगर स्थित सभाषद महेंद्र सिंह कुशवाहा के आवास पर दिन शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 198 वीं जयंती ममता कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य एवं रूप सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में बड़े ही धूमधाम से मनाई कार्यक्रम में सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया इस अवसर पर
कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ममता कुशवाहा ने महात्मा फुले के क्रांतिकारी योगदान को याद करते हुए बताया कि गुलाम भारत में शिक्षा की पहली ज्योति जलाने का श्रेय महात्मा फुले को जाता है 1 जनवरी 1848 को उन्होंने बालिकाओं के लिए देश का पहला स्कूल खोला इस स्कूल में उन्होंने अपनी पत्नी सावित्री बाई फुले को पहली शिक्षिका बनाया इसी कड़ीं में सभासद महेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि फुले दंपति ने वंचितों और महिलाओं की शिक्षा के लिए जो आंदोलन शुरू किया उसका प्रभाव आज भी देखा जा सकता है वहीं पूर्व सभाषद उमाचरण कुशवाहा ने बोलते हुए कहा कि महात्मा फुले एक महान समाज सुधारक होने के साथ-साथ प्रतिभाशाली लेखक भी थे शगुलामगीरीश् और शकिसान का कोड़ाश् उनकी प्रमुख रचनाएं हैं इस दौरान कार्यक्रम में जितेन्द्र कुशवाहा एडवोकेट, जाहर सिंह कुशवाहा, प्रेम सिंह, राज कुमार,कन्हैया लाल कुशवाहा पूर्व जिला पंचायत सदस्य,उमाचरण कुशवाहा,डॉ0 इंद्रपाल सिंह कुशवाहा,शिवसिंह कुशवाहा अध्यापक, नन्द किशोर पूर्व बीडीसी, बालकदास कुशवाहा,अनिकेत,योगेंद्र ,आकाश,निखिल,सुनील धीरेंद्र ,सुमित राहुल,आनन्द,बर्षा,रूबी,मुस्कान, रंजना,जूली अंजली ,शिवानी सहित आदि लोग मौजूद रहे वही कार्यक्रम का संचालन एडबोकेट जितेन्द्र कुशवाहा ने किया।

### विद्याराम आजाद की पत्नी ने जिलाधिकारी को सौपा शिकायती पत्र



उरई : जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देने जाती आजाद की पत्नी।

**उरई (जालौन)।** स्व. विद्याराम आजाद हत्याकाड़ में पुलिस द्वारा सही कार्यवाही न करने के मामले को लेकर मृतक की पत्नी प्रेमलता निवासी सिलउवा बुजुर्ग थाना रामपुरा ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि उसके पति विद्याराम आजाद 70 वर्ष सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक तथा तीन विद्यालयों के संचालक और समाज में सम्मानित व्यक्ति थे वह प्रतिदिन की भांति 23 मार्च की सुबह 5.30 बजे घर से योगा करने के लिए निकले थे। बताया कि जब मेरे पति योगावस्था में बैठे थे तभी उनकी सिर काट कर हत्या कर दी गयी। जिसका मुकदमा रामपुरा थाने में दर्ज है। पीड़ित महिला का कहना है कि घटना के दो माह गुजर जाने के बाद भी पुलिस घटना का खुलासा नहीं कर पायी है।उक्त मामले में पुलिस प्रशासन ने मात्र दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर पांच दिनों तक थाने में बैठाया और आला कत्ल की रिकवरी किये बगैर तथा अज्ञात आरोपियों को पकड़े बगैर ही चालान कर जेल भेज दिया लेकिन अन्य आरोपी अभी भी खुलेआम घूम रहे है।जिससे प्रार्थनी व उसके परिवार को अभी जान का खतरा है। पीड़ित महिला आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर निष्पक्ष जांच की मांग जिलाधिकारी से उठाई है।

### सूबे के विभागाध्यक्ष ने पौधारोपण कर धरती को हरा भरा करने का संकल्प लिया



कालपी : पौधारोपण करते विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी।

**कालपी(जालौन)।** शुक्रवार को प्रदेश के प्रमुख वन संरक्षक विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी आई एफ एस ने कालपी रेंज का औचक निरीक्षण किया गया। एवं पौधारोपण कर के धरती को हरा भरा करने का संकल्प लिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों तथा कर्मचारियों से रुबरु होते हुये भरोसा दिया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम में कोई समस्या नहीं आने दी जायेगी। अगर कोई समस्या आती है तो उसका प्राथमिकता से समाधान किया जायेगा। शुक्रवार की दोपहर को वन रेंज कालपी के परिसर में वन संरक्षक एच वी गिरीश, प्रभागीय वनाधिकारी जालौन प्रदीप कुमार, कोच के वन क्षेत्राधिकारी,वन क्षेत्राधिकारी कालपी संजय कुमार,एसडीओ प्रीति यादव आदि उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में प्रमुख वन संरक्षक विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी आईएफ्एस ने कानपुर झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित नंदन वन में पौधारोपण किया। विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने 5 हेक्टेयर के क्षेत्रफ्ल में फैले नंदन वन का निरीक्षण किया।नंदन वन में 8 हजार शोभाकर एवं छायादार वृक्ष लगाए गए हैं। नंदन वन की स्थिति देखकर मुख्य संरक्षक ने संतोष जताया।

### जनपद में हुई बे-मौसम बरसात से किसानों की हुई क्षति के आकलन के दिए निर्देश

**क्षतिपूर्ति की रिपोर्ट आने के बाद किसानों को जल्द मिल सकता है मुआवजा**



ललितपुर। अपर जिला अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुये बताया कि जनपद में हुई बरसात ओलावृष्टि और बज्रपात की सूचना मिलने के बाद जिला प्रशासन अलर्ट है और जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने तत्काल सभी तहसीलों के एसडीएम को राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को लगाकर 24 घंटे में किसानों की क्षति पूर्ति के आंकलन की रिपोर्ट मंगाई है, ताकि किसानों को क्षतिपूर्ति का मुआवजा वितरित कराया जा सके, फ्रि भी जिलाधिकारी ने विस्तृत रिपोर्ट मंगाई है, हालांकि बज्रपात के कारण एक गांव में एक दंपति के झुलसने और एक मकान के क्षतिग्रस्त होने की भी सूचना है, किसानों की खराब हुई फ्सलों को लेकर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर किसानों की खराब हुई फ्सलों के आकलन की दिशा निर्देश दिए है।

## प्रशासन अमृतकाल उत्सव के रूप में मनायेगा भीमराव अंबेडकर की जयंती



उरई : बैठक लेते जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय।

**उरई(जालौन)।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती को अमृत काल उत्सव के रूप में मनाने की तैयारी प्रशासन ने दी रूपरेखा, 14 से 28 अप्रैल तक होंगे विविध कार्यक्रम जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में आज विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उन्होंने स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को जनपद में उत्सव के रूप में मनाने की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। यह आयोजन 14 अप्रैल से 28 अप्रैल 2025 तक जनपद के विभिन्न स्तरों पर किया जाएगा।जिलाधिकारी ने जिला पंचायत, पंचायत राज विभाग, समस्त खंड विकास अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित अवधि में ग्राम सभाओं, विकास खंडों और जिला पंचायत स्तर पर ष्हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमानष् टैगलाइन के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इनमें प्रार्थना सभा, प्रभात फेरी, वाद-विवाद, गोष्ठी, सेमिनार एवं माल्यार्पण जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे। प्रभात फेरियां विशेष रूप से एससी/एसटी बाहुल्य क्षेत्रों में स्थित अमृत सरोवर स्थलों पर समाप्त होंगी, जहां बाबा साहब की प्रतिमा या उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में प्रार्थना सभा के उपरांत संविधान विषयक क्विज, वाद-विवाद, सेमिनार एवं खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद सहित समस्त सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## दिल्ली मुख्यमंत्री के बयान पर भड़की सपा नेत्रियां, प्रदर्शन कर की नारेबाजी



उरई : मेडीकल चौराहा उरई पर नारेबाजी करती सपानेत्रियां।

**उरई(जालौन)।** बिगत दिनों दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष पर अमर्यादित टिप्पणी की थी जिसको लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी महिला सभा की नेत्रियों ने जगह जगह प्रदर्शन कर दिल्ली मुख्यमंत्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

इसी मामले को लेकर आज समाजवादी पार्टी महिला सभा जालौन की जिला अध्यक्षा कुसुमलता सक्सेना के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक महिलाओं ने कानपुर रोड मेडीकल चौराहा उरई पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने वाली दिल्ली राज्य की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि रेखा गुप्ता ने देश की तीसरे नम्बर की राजनैतिक पार्टी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जो अमर्यादित टिप्पणी की है वो महिला सभा की कार्यकत्रियां बर्दाश्त नहीं करेगी। रेखा गुप्ता ने असंवैधानिक शब्द का प्रयोग कर मुख्यमंत्री पद की गरिमा को तार तार किया है उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से माफी मांगनी चाहिए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष महिला सभा कुसुमलता सक्सेना, पूर्व अध्यक्ष मांडवी निरंजन, प्रदेश सचिव रश्मि पाल,रेखा परिहार,मीरा राठौर,प्रतिमा शर्मा,माया पाल,पुष्पलता चौधरी,संतोषी प्रजापति, विनीता वर्मा,वर्मा अनुराधा कठेरिया सहित दर्जनों समाजवादी महिला सभा की कार्यकत्रियां शामिल रहीं।

## निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूली के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**--राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौपा**



उरई : कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**उरई(जालौन)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के आह्वान पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी उरई जालौन संयुक्त तत्वधान में प्राइवेट स्कूल निजी स्कूलों में मनमानी तरीके से वसूली की जा रही फीस, ड्रेस, किताबें अधिक दाम वसूली के विरोध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविंद सेंगर एवं शहर अध्यक्ष राजकुमार वर्मा के नेतृत्व में पूर्व महिला जिलाध्यक्ष शशि चौहान, चौ. श्याम सुन्दर, पूर्व शहर अध्यक्ष रेहान सिददीकी, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष दाऊ चौहान मुसमरिया, मजहर हक, गुड्डू रिजवी, शब्बीर भाई, सीताराम वर्मा, छाया पालीवाल, लालूशेख, महिला जिलाध्यक्ष शकुंतला पटेल, शहर महिला अध्यक्ष असगरी बेगम, कमाल अहमद, अखिलेश चौधरी, संतोष ठाकुर, सिद्धार्थ दिवोलिया सहित सैकड़ों कांग्रेसजनों कलैक्ट्रेट पहुंच कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को भेंट करते हुए बताया कि जहां एक ओर अभिभावक बढ़ती हुई महंगाई के चलते पूरे परिवार के साथ दिन भर मेहनत मजदूरी करने के बाद भी अपने घर का खर्चा चला पाने में सक्षम नहीं हो पा रहे है वहीं निजी स्कूलों द्वारा फीस वृद्धि करने के साथ ही अभिभावकों को कापी किताब, डिरेस के नाम पर लूटा जा रहा है तथा इस स्कूलों द्वारा अपनी बताई गई दुकानों से ही बच्चों को पठन-पाठन की सामग्री खरीदने का अभिभावकों पर दबाव बनाया जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सेंगर कहा कि दुकानदारों द्वारा कई गुना दाम बढ़ाकर अवैध वसूली की जा रही है। कांग्रेस पार्टी निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों से की जा रही इस प्रकार वसूली के खिलाफ है।

### जुमे की नमाज सकुशल निपटाने के लिये प्रशासन रहा एलर्ट

**कालपी(जालौन)।** वक्फ संशोधन विधेयक के पारित होने के उपरांत दूसरा जुमा था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी के नेतृत्व में चौकी इंचार्ज रणधीर सिंह जितेंद्र सिंह चंदेल विशाल भड़ाना आदि थानेदारों तथा पुलिस जवानों के द्वारा नगर की सड़कों में फ्ुट मार्च कर जनता से संवाद स्थापित किया। मस्जिदों के बाहर तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों, फ्ुल पावर चौराहा में प्रशासन तथा पुलिस के जवानों की तैनाती रही।खानकाह मुहम्मदिया दरगाह में शाही मस्जिद में मुफ्ती-ए-शहर मौलाना अशफाक अहमद बरकाती ने, बड़ा बाजार स्थित शाही जामा मस्जिद में मौलाना नजमुल हुदा,। बड़ी मस्जिद में इमाम हाफ्जि अब्दुल कलाम मुड़िया गुम्बद मस्जिद में इमाम हाफ्जि दावर रजा की इमामत में, मखदूमिया मस्जिद में इमाम मौलाना जियाउद्दीन की इमामत में नमाज अदा की गई। जुमा की नमाज को लेकर मस्जिदो के आसपास सतर्कता बरती गई। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह,सीओ अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी एडीशनल इंस्पेक्टर मुहम्मद अशरफ् रही।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया खंड कुठौंद के ईंटों में पथ संचलन

**कुठौंद(जालौन)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ खंड कुठौंद के मंडल ईंटों में पथ संचलन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ पथ संचलन व हिन्दू नववर्ष के बारे में जिला प्रचारक शिवम ने सभी स्वयंसेवको का मार्गदर्शन किया इस अवसर जिले एवं खंड के स्वयंसेवक बंधु उपस्थित हुए जिला कार्यवाह गौतम,खंड संचालक हरिओम,खंड कार्यवाह बृजेन्द्र सिंह,सह खंड कार्यवाह प्रवीण शुक्ला,खंड प्रचार प्रमुख वी पी सिंह सेंगर,खंड बौद्धिक प्रमुख श्रीकांत,खंड संपर्क प्रमुख शैलेंद्र,खंड शारीरिक प्रमुख राहुल ,हिमांशु ,विश्व हिंदूपरिषद सह मंत्री अभिनव,धीरज,अमित तिवारी,संजय,डॉक्टर सुरेन्द्र सिंह ,घोष प्रमुख अभिषेक राम आदि कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवक बंधु उपस्थित हुए। संघ का शताब्दी वर्ष है -संघ की स्थापना 1925 में हुई थी विजया दशमी 2025 को 100 वर्ष पूर्ण हो जाएंगे डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने संघ की स्थापना जातिवाद व लालच से ग्रसित हिंदूसमाज को संगठित करने के लिए की थी आज संघ बटवृक्ष की तरह फैला हुआ ।

## मदारीपुर मार्ग की सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य का विधायक ने किया भूमि पूजन



उरई : सड़क का क्षेत्रीय नागरिकों, इंजीनियरों के साथ भूमि पूजन करते विधायक।

**कालपी(जालौन)।** 220 कालपी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जोल्हूपुर - मदारीपुर मार्ग की उपेक्षित पड़ी 20 किलोमीटर लंबी सड़क का सुदृढ़ीकरण के कार्य का भूमि पूजन क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी के द्वारा किया गया। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही कई अन्य नई सड़कों के निर्माण की सौगात क्षेत्र वासियों को मिल जाएगी।

कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग खंड 3 के तत्वावधान में ग्राम नियामतपुर चौराहे में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि इससे पहले कालपी नगर के मुख्य बाजार टरनंनगंज की सड़क का निर्माण कराया जा चुका है। आटा - इटौरा मार्ग का निर्माण अधीन है। बाढ़ को रोकने के लिए 25 करोड़ की लागत से यमुना नदी के किनारे रिटर्निंग बाल का निर्माण कराया गया है। यह सड़क राठ (हमीरपुर )से शुरू जोल्हूपुर होकर मदारीपुर औरैया तक जुड़ी हुई है। यह सड़क तीन जनपदों को समेटे है।

उन्होंने कहा कि सड़कों की समस्याओं का निदान करना शासन तथा मेरी प्राथमिकता है। समारोह में लोक निर्माण विभाग खंड 3 के सहायक अभियंता जितेंद्र कुमार, अवर अभियंता बृजेंद्र सिंह,अवर अभियंता अरुण कुमार,अवर अभियंता राजेन्द्र सिंह प्रधान पवन दीप निषाद, रमेश मिश्रा समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक शामिल रहे।

## बीमारी से तंग आकर कोटेदार ने गोली मारकर की आत्म हत्या



कोंच : पुलिस टीम के साथ जांच करते क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र पचौरी।

**कोंच (जालौन)।** बीमारी से तंग आकर बृद्ध ने गोली मारकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया है और जैसे ही गोली की आवाज को मृतक के परिवारीजनों ने सुना तो वह देखने को दौड़े और माजरा देखकर उनकी चीख निकल पड़ी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोष्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम खैरी निवासी सीताराम पुत्र स्व चतुर्भुज रजक उम्र करीब 74 वर्ष बीमारियों से काफी समय से ग्रसित था जिसके कारण मानसिक रूप से परेशान रहता था घटना दिनांक 11 अप्रैल 2025 की है जब सीताराम अपने कमरे में आराम कर रहा था तभी परिजनों ने गोली चलने की आवाज सुनी जिस पर सीताराम की पुत्रवधू कमरे में देखने गयी तो वहां पर ससुर को खून से लथपथ पड़ा पाया माजरा देखते ही बहू हड़बड़ाकर चिल्लाते हुए भागी और परिजनों को घटना से अवगत कराया परिजनों ने तुरंत ही थाना कैलिया पुलिस को सूचना दी सूचना पाते ही घटना स्थल पर कैलिया थानाध्यक्ष अतुल कुमार पुलिस बल के साथ पहुंच गए और मृतक के शव को कब्जे में लेकर जांच करते हुए अपने उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत कराया साथ ही साथ फॉरेंसिक टीम को भी बुला लिया जांच के दौरान थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टया लगता है कि ने मृतक ने 315 बोर तमंचे से गोली मारकर आत्म हत्या की है वहीं सूचना पाते ही मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र पचौरी व फॉरेंसिक टीम भी पहुंच गई जहां पर फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी घटना स्थल पर सी ओ ने बताया कि लोगों के कथनानुसार मृतक लंबे समय से बीमारियों से ग्रसित था जिससे तंग आकर उसने आत्म हत्या जैसा कदम उठाया वहीं मृतक पूर्व रिटायर्ड फौजी था और उसके नाम सरकारी राशन कोटा भी है पुलिस घटना की सभी एंगलों से जांच में जुटी है और पोष्ट मार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा उक्त घटना से पूरे ग्राम में सन्नाटा सा छाया हुआ है और परिवारीजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## प्राइवेट विद्यालयों द्वारा मनमाने तरीके से पाठ्यक्रम बदलने को लेकर डीएम को सौपा शिकायती पत्र



**ललितपुर।** बजरंग सेना संगठन के पदाधिकारियों ने प्राइवेट विद्यालयों द्वारा कोर्स चलाने एवं मनचाहे शुल्क वसूलने के संदर्भ में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौपकर अवगत कराया कि विगत कई वर्षो से जनपद में प्राइवेट विद्यालयों द्वारा मनमाने तरीके से प्रतिवर्ष प्रत्येक कक्षा का पाठ्यक्रम बदल दिया जाता है, जबकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशीय शिक्षा विभाग को आदेश दिया जा चुका है कि समस्त जिलों में एक ही निर्धारित पाठ्यक्रम रहेगा व पाँच हजार से लेकर सात हजार तक छोटी छोटी कक्षाओं का पाठ्यक्रम है व शासन के आदेश का उल्लंघन प्राइवेट विद्यालय एसोसियेशन करता रहेगा व एक परिवार से दो से अधिक बच्चे विद्यालय में शिक्षा लेते हैं, ऐसे परिवारों पर इस व्यवस्था का बहुत व्यापक असर पड़ रहा है व समय समय पर विद्यालयों द्वारा मासिक शुल्क भी मनमाने तरीके से बड़ा दी जाती हैं एवं शिकायती पत्र के जरिये बजरंग सेना संगठन ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को आदेशित कर इस संदर्भ में जांच करते हुये उचित कार्यवाही करने का आदेश देने की मांग की है।

शिकायती पत्र पर बजरंग सेना के जिलाध्यक्ष डॉ. दीपक पस्तोर, प्रदेश प्रभारी शुभम् पस्तोर खड़ेरा, जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह बुन्देला, चन्दन सिंह, श्याम बिहारी, कविता पस्तोर प्रदेश प्रभारी, राजकुमारी दुबे, जितेन्द्र, अजय दुबे आदि के हस्ताक्षर मौजूद थे।

### श्री हनुमान जी टौरिया मंदिर समिति की बैठक सम्पन्न

**बांसी।** श्री हनुमान जी टौरिया मंदिर समिति की बैठक में श्री हनुमान जयंती भव्य मनाने की तैयारी पर चर्चा के साथ वार्षिक आय व्यय प्रस्तुत किया गया। श्री संकट मोचन महाराज मंदिर एवं मेला समिति की साधारण सभा की बैठक समिति द्वारा संचालित श्री हनुमान जी टौरिया मंदिर पर सम्पन्न हुई, जिसमें समिति का वार्षिक आय व्यय प्रस्तुत किया गया, श्री हनुमान जयंती को भव्य बनाने के लिए प्रभात फेरी, सुन्दरकाण्ड, सत्यनारायण कथा और शोभायात्रा की तैयारी के लिए अलग अलग दायित्व सौंपे गए, मंदिर प्याऊ संचालन, वार्षिक कार्ययोजना और रामलीला आयोजन पर चर्चा हुई, कार्यकारिणी सदस्य के रिक्त पद पर कुलदीप छीपा का सर्वसम्मति मनोनयन किया गया। बैठक में रामकिशोर बबेले, बद्री प्रसाद दुबे, शत्रुघ्न शास्त्री, हरकिशन झां, मुरलीधर गुप्ता, रमाकांत गोस्वामी, कुलदीप छीपा, नीरज गंगेले, रवि कुमार बबेले, रोहित नामदेव मौजूद रहे। समिति अध्यक्ष नरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने अध्यक्षता की एवं प्रबंधक सुदामा प्रसाद दुबे ने संचालन किया।

### ध्वजा रोहण के साथ हुआ अंजनी मेला का आगाज



**बारौन।** क्षेत्र महरौनी अंतर्गत ग्राम कुम्हैडी में ध्वजा रोहण के साथ अंजनी मेला की शुरुआत हुई, मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजन करते हुए मंगल कामनाएं की यह मेला बुंदेलखंड की संस्कृति का हिस्सा है, हनुमान जी व रामराजा के बड़े मंदिर में ग्रामीणों ने सर्वप्रथम अंजनी मेले की ध्वजा का मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत पूजन कर अंजनी माता की जय घोष व डीजे, ढोल नगाड़ों के साथ ध्वज यात्रा निकाली अंजनी मेला दरबार पहुंचकर मंदिर पर अंजनी माता व मेले की धर्म ध्वजा का श्रद्धा पूर्वक पूजन कर माथा टेका तत्पश्चात क्षेत्रवासियों सहित ग्रामीणों ने मेले की धर्म ध्वजा को मेला प्रांगण में स्थापित किया। इसके बाद मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र व मां अंजनी धर्मार्थ ट्रस्ट के सदस्यों ने फीता काटकर व बिधि विधान से धर्म ध्वजा का पूजन करके मेले का शुभारंभ किया। मेले में आकर्षण का केंद्र बड़ा झूला, खेल खिलौना, सर्कस, मनहारी दुकानें, छोटे बच्चों के लिए जंपिंग झूला लगी हैं। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक विनोद मिश्रा चौकी प्रभारी मेला भूपेन्द्र कुमार,अंजनी धर्मार्थ ट्रस्ट अध्यक्ष मुकेश कुमार श्रीवास्तव, मंत्री दिनेश विदुआ, वरिष्ठ पत्रकार आशाराम तिवारी, आशीष त्रिपाठी, राघवेन्द्र पटैरिया, अरविन्द कौशिक,धनीराम टिकरया, संन्तोष नेता,ग्राम प्रधान प्रकाश निरंजन आदि लोग उपस्थित रहे।

# संवैधानिक नियमों का पालन करें सभी अधिकारी- डॉ मान सिंह

**चित्रकूट ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विधायी समाधिकार समिति के सभापति डॉ मानसिंह यादव ने शुक्रवार को जनपद का दौरा किया। जनपद आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। इस दौरान सभापति की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में बैठक का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभापति ने जिला स्तरीय अधिकारियों को समिति द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का धरातल पर अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा।



बैठक में सभापति डॉ मान सिंह यादव ने अधिकारियों को बताया कि विधायी समाधिकार समिति का उद्देश्य संवैधानिक नियमों का अनुपालन कराना है। कहा कि सभी विभागीय अधिकारी संवैधानिक नियमों के अनुपालन के लिए विभिन्न समितियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों का धरातल पर अनुपालन सुनिश्चित कराएं। विधानसभा एवं विधान परिषद के चयनित जनप्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रस्तावों एवं आवेदनों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण कराते हुए जनप्रतिनिधियों को कार्यवाही से अवगत भी कराएं।

उन्होंने कहा कि निर्माण संबंधी परियोजनाओं की पूर्ति के बाद लोकार्पण के समय शिलापट पर जनप्रतिनिधियों के नाम अनिवार्य रूप से अंकित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। समितियों द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का समस्त जिला स्तरीय अधिकारी अक्षरशः अनुपालन करें। अधिकारियों से कहा कि समितियां लघु सदन के रूप में कार्य करती हैं, जिनका उद्देश्य संविधान में प्रदत्त नियमों का धरातल पर अनुपालन सुनिश्चित कराना है। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों ने सभापति के समक्ष विभिन्न विभागों द्वारा विधानसभा एवं विधान परिषद के जनप्रतिनिधियों द्वारा विगत तीन वर्षों में प्रस्तुत प्रस्तावों व आवेदनों की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि सभापति सहित विधानसभा एवं विधान परिषद सदस्यों द्वारा जो दिशा-निर्देश दिए गए हैं, उसका अनुपालन कराकर विकास कार्यों को शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराया जाएगा।

इस मौके पर विधायी समाधिकार समिति के उप सचिव संजय कुमार अग्रहरि, विधान परिषद सदस्य ओम प्रकाश सिंह, समीक्षा अधिकारी विवेक सिंह, प्रतिवेदक अभय सिंह, अपर निजी सचिव अंकुर रावत, सदर अनिल प्रधान, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षक ने छात्र को बेरहमी से पीटा

**बांदा।** हमीरपुर जिला के पड़ोही गांव निवासी अवधेश पुत्र रामकुमार अपनी पत्नी रेखा और दो पुत्र 8 वर्षीय आयुष, 7 वर्षीय अनुराग के साथ बांदा शहर के क्योटरा मोहल्ला में चतुर सिंह के यहां किराए के मकान में रहता है। तीन माह से दो बच्चों को त्रिवेणी गांव निवासी अंशु शुक्ला उर्फ भोलू पुत्र शिवसागर घर पर ट्यूशन पढ़ाने आता है। बुधवार की शाम शिक्षक पढ़ाने आया। आयुष ने हिंदी और इंग्लिश का होमवर्क नहीं किया था। इससे नाराज शिक्षक ने आयुष को डंडो से बेरहमी से पीट कर घायल कर दिया। बच्चे के चीखने चिल्लाने पर मौके पर पहुंची मां रेखा ने बच्चे की पिटाई का विरोध किया। तब शिक्षक ने पीटना बंद किया। शिक्षक नाराज होकर घर से चला गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पिता ने मामले का प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया। पुलिस ने घायल आयुष का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया। कोतवाली प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि आरोपी शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उधर जेल चौकी प्रभारी अनुग्रह सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है। शीघ्र ही शिक्षक को गिरफ्तार किया जाएगा।

## बच्चों के लिए बनाए जाएं अन्य वार्ड-रीभा



बांदा : मरीजों के हालचाल लेती डीएम।

- डीएम ने जिला अस्पताल में की औचक छापेमारी
- वार्डों का भ्रमण कर लिए मरीजों के हालचाल

**बांदा।** जिलाधिकारी जे0 रीभा ने शुक्रवार को जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। जहां डीएम ने वार्डों का भ्रमण करते हुए अस्पताल की व्यवस्थाएं देखीं। साथ ही मरीजों के हालचाल लिए। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों के खातिर अतिरिक्त वार्ड बनाए जाएं। इसके अलावा अस्पताल की सफाई व्यवस्था को बेहतर रखी जाए। अगर गंदगी मिली तो वह कार्यवाही सुनिश्चित करेंगी।

निरीक्षण के दौरान डीएम जे0 रीभा ने अस्पताल में भर्ती मरीजों के जनरल वार्ड, पेडियाट्रिक वार्ड, एनआईसी केंद्र तथा दवा वितरण केंद्र व अन्य चिकित्सकों के कक्षों तथा वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से बात करते हुए चिकित्सीय उपचार के संबंध में जानकारी ली स उन्होंने सीएमएस को अस्पताल में बच्चों को भर्ती किये जाने हेतु एनआरसी केंद्र में अतिरिक्त कक्ष/वार्ड की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए डायरिया एवं अन्य बीमारियों से संबंधित इलाज की व्यवस्था अस्पताल में रखी जाए तथा साफसफाई की बेहतर व्यवस्था रखने एवं तीमारदारों के लिए बैठने की व्यवस्था भी कराए जाने के निर्देश दिए। डीएम जे0 रीभा ने कहा कि इलाज के अभाव में मरीजों को बेवजह परेशान न करें। किसी भी मरीज को बाहर की दवाएं न लिखे, अगर बाहर की दवाएं लिखी तो वह संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करेंगी। डीएम ने यह भी निर्देश दिए कि मरीजों के खान-पान का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी मरीज को बेवजह परेशान न किया जाए। उन्हें अस्पताल से ही व्यवस्थाएं मुहैया कराई जाए। गर्मी के दृष्टिगत कूलर, पंखों के समुचित प्रबंध रखें जाएं। निरीक्षण के दौरान सीएमएस डॉ. एसडी त्रिपाठी सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण बाल लीला व गोवर्धन पूजा का प्रसंगसुन हुए भाव विभोर हुए श्रोतागण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आज दिन शुक्रवार को पंचम दिन अयोध्या धाम से पधारे कथा वाचक आचार्य रजनीश शरण जी महाराज जी ने कृष्ण बाल लीलाए माखन चोरी व गोवर्धन पूजा के प्रसंग का कथा में वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कृष्ण ने बृजवासियों को मूसलाधार बारिश से बचाने के लिए सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उंगली पर उठाकर रखा और गोप.गोपिकाएं उसकी ओट में सुखपूर्वक रहे।

भगवान ने गोवर्धन को नीचे रखा और हर वर्ष गोवर्धन पूजा करके अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी। तभी से यह उत्सव अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा। इसके बाद श्री रजनीश शरण जी महाराज जी ने श्रीकृष्ण भगवान के माखन चोरी की कथा सुनाई। कथा सुनकर प्रभु भक्त भाव विभोर हो गए। श्री कृष्ण की माखन चोरी की लीला का वर्णन करते हुए कहा कि जब श्रीकृष्ण भगवान पहली बार घर से बाहर निकले तो उनकी बृज से बाहर मित्र मंडली बन गई। सभी मित्र मिलकर रोजाना माखन चोरी करने जाते थे। सब बैठकर पहले योजना बनाते कि किस गोपी के घर माखन की चोरी करनी है। फिर भगवान चल पड़ते है माखन चोरी को माखन लेकर बाहर आ जाते और सभी मित्रों के साथ बांटकर खाते थे। भगवान बोले कि जिसके यहां चोरी की हो उसके द्वार पर बैठकर माखन खाने में आनंद आता है। माखन चोरी की लीला का बखान करते हुए उन्होंने भगवान कृष्ण के बाल रूप का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण बचपन में नटखट थे। भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं से जुड़ी कथा को सुनने व अधिकाधिक संख्या में कथा में भागीदार बनने के लिए भक्तों में भारी उत्साह दिखाई पड़ रहा है। कथा में मुख्य अतिथि के रूप में पुष्पा गुप्ताए रमा राजेंद्र गुप्ताएपूनम हरिनारायण गुप्ताएममता सुशील गुप्ताएगौरी अनिल गुप्ता अधिवक्ता महेंद्र गुप्ता नीरज गुप्ता सभासद कमलेश देवी मंजू सहित कई भक्तों ने पहुंचकर व्यासपीठ की पूजन कर महाराज जी का आशीर्वाद ले कथा श्रवण किया।

### नगर क्षेत्र में निर्धारित समय में पूर्ण करें मानक के अनुरूप कार्य- डीएम

**चित्रकूट ब्यूरोः** 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत नगर निकायों की कार्य योजना व प्रस्ताव के अनुमोदन के सम्बन्ध में शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीएम ने टाइड एवं अनटाइड ग्रांट की धनराशि के अंतर्गत पेयजल, हैंड पंप अनुरक्षण सामग्री, सीसी रोड, नाली निर्माण आदि विभिन्न प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए सदर उपजिलाधिकारी से कहा कि नगर पालिका परिषद कर्वी के लिए ट्यूबवेल स्थापना के लिए भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराएं। अधिशासी अभियंता लोनिवि से कहा कि शहर के आस-पास के मुख्य मार्गों कि सड़कों के निर्माण कार्य के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजें। सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी को देखते हुए पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। पेयजल की समस्या को लेकर शासन द्वारा लगातार समीक्षा भी की जा रही है। कहा कि पेयजल के लिए अलग से कार्य योजना बनाकर वाटर कूलर, प्याऊ आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराए। पेयजल की अधिक समस्या वाले क्षेत्रों को सर्वे कर कार्य योजना बनाकर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराए। कहा कि राजापुर में पेयजल कनेक्शन के लिए कैंप लगाकर आम लोगों का पेयजल कनेक्शन कराए। निर्देश दिए कि जो भी विकास कार्यों के प्रस्ताव बनाए गए हैं, उन कार्यों को निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस मौके पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष कर्वी नरेंद्र गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर संजीव मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, अधिशासी अभियंता लोनिवि वेद नारायण, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी लालजी यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मऊ/राजापुर बीके गौतम, मानिकपुर भारत सिंह सहित संबंधित अधिकारी

## थ्रेसर की चपेट में आने से किसान की मौत

**बांदा।** कतराई के दौरान थ्रेसर की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। मौत के बाद मृतक के परिवार में हाहाकार मचा हुआ हैं गिरवां थाना क्षेत्र के बहेरी गांव के मजरा गोरियन पुरवा निवासी 50 वर्षीय विजय करन पुत्र बिंदा प्रसाद गुरूवार की दोपहर खलिहान में गेहू की फसल की थ्रेसिग करवाने गया था। अचानक हालत बिगड़ने पर वह बेहोश हो गया। घरवालो ने उसे उठाकर पीएचसी नरैनी में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरो ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के भाजे देवेंद्र कुमार ने बताया कि विजय करन किसानी करता था। लू लगने से मौत होने की आशंका जताई है। मृतक अपने पीछे पत्नी उर्मिला के अलावा एक पुत्र एक पुत्री छोड़ गया है। उधर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि की गई है।

## पुलिस के हत्थे चढ़े पांच वारंटी

- अलग-अलग मुकदमों में अदालत ने जारी किया था गैरजमानती वारंट

**बांदा।** अलग-अलग मुकदमों में फरार चल रहे पांच वारंटी अभियुक्तों को पुलिस ने पकड़ा है। गिरफ्तार करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।



बांदा : पुलिस हिरासत में पकड़े गए वारंटी ।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बांदा पुलिस द्वारा 05 वारन्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 04 वारन्टी तथा थाना चिल्ला पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय पेश किया गया। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा वारंटी रामपाल कुरील पुत्र विशाल निवासी सुतरखाना थाना कोतवाली नगर, कल्लू पुत्र रामदयाल निवासी फूटाकुआं थाना कोतवाली नगर, उमेश कुमार पुत्र कृष्णकिशोर दीक्षित निवासी बड़ोखर खुर्द थाना कोतवाली नगर, शिवनारायन उर्फ नानाभाई पुत्र भवानी प्रसाद निवासी कनवारा थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि अदालत में हाजिर न होने के चलते अभियुक्तों के विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी हुआ था। वारंट जारी होने के बाद सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं थाना चिल्ला पुलिस द्वारा वारंटी बच्चा वर्मा पुत्र रामप्रसाद वर्मा निवासी पपरेंदा थाना चिल्ला को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। चिल्ला थानाध्यक्ष संदीप तिवारी ने बताया कि बार-बार जानकारी देने के बावजूद अभियुक्त अदालत के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहे थे। जिनके विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी हुआ था। कहा कि बच्चा वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

## व्यापारी से पैसे छीन कर भागने वाले लोगों के विरुद्ध मामला हुआ दर्ज

**अतर्रा बांदा।** कल दिन गुरुवार की देर अतर्रा निवासी एक व्यापारी जो तगादे का रुपया वसूलकर अपनी बाइक से अतर्रा आ रहा था तभी शांति धाम स्कूल के पास बृहद बछनी पूरवा अतर्रा ग्रामीण के सामने से बाइक सवार अज्ञात लुटेरे के द्वारा व्यापारी की बाइक पर कट मार कर गिरा दिया तथा बैग में रखें एक लाख 10 हजार रुपए लेकर भाग गए थे जो देर रात 9रू30 बजे मुकदमा थाना अतर्रा पर लिखा गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार इंचार्ज थाना अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह ने बताया कि वादी कैलाश चंद्र पुत्र शिवप्रसाद निवासी सुभाष नगर नरैनी रोड अतर्रा के द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना पुलिस ने एक ज्ञात सीटी पुत्र अज्ञात निवासी कस्बा एवं थाना बदौसा व दो व्यक्ति अज्ञात नाम पता मालूम नहीं के विरुद्ध थाना अतर्रा पर धारा 309 चार बी एन यस 392 आईपीसी के अंतर्गत अभियोग दर्ज किया गया है तथा विवेचना उपनिरीक्षक काशीनाथ के द्वारा की जा रही

## एसडीएम का आदेश बे असर नायब तहसीलदार तथा पुलिस नहीं मान रही है



**नरैनी बांदा।** तहसील अंतर्गत ग्राम पुकारी गांव में जहां प्राचीन समय से हिंदुओं की आस्था के एक मंदिर ;बड़ौरा बाबाद्ध पर द्वितीय पक्ष ;मुस्लिम बिरादरी के लोगद्ध जबरिया कब्जा करना चाहते थे। दोनों पक्षों में कहा सुनी हुई और विवाद बढ़ा तो मामला न्यायालय पहुंच गया। लगभग दो वर्षों के बाद वाद संख्या 2834द्2023 धारा 145द्164 सी आर पी सी ;सी एन एसद्ध राम मनोहर आदि बनाम नसीब ख़ां आदि में अंतिम आदेश 28 फरवरी 2025 को पारित हुआ। न्यायालय के आदेश के अनुपालन हेतु वादी द्वारा दिनांक 21द्03द्2025 को एक प्रार्थना पत्र उप जिला मजिस्ट्रेट नरैनी को प्रस्तुत किया गया था। उप जिला मजिस्ट्रेट नरैनी द्वारा आदेश के अनुपालन हेतु कोतवाली नरैनी तथा नायब तहसीलदार नरैनी को अतिक्रमण हटाने हेतु स्पष्ट निर्देश भी दिए गए है किंतु खेद की बात यह है कि आज दिनांक तक उक्त आदेश को कोई प्रभावी अनुपालन नहीं किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रशासनिक शिथिलता के परिणामस्वरूप वाद के द्वितीय पक्ष द्वारा प्रश्नगत आराजी पर बार बार अनाधिकृत हस्ताक्षेप किया जा रहा है। दौराने मुकदमा भी अवैध निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। यदि शीघ्र ही माननीय न्यायालय के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित नहीं कराया गया तो स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण हो सकती है और शांति भंग होने की पूर्ण संभावना है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए अनुरोध किया है कि तत्काल प्रभाव से माननीय न्यायालय के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करवाते हुए नायब तहसीलदार आशीष शुक्ला की उदासीनता के विरुद्ध आवश्यक ठोस कार्यवाही की जाएए जिससे न्याय की गरिमा बने रहे और संभावित सांप्रदायिक हिंसा एवं विवाद आदि को रोका जा सके।

## काशी हिंदी विद्यापीठ के द्वारा विद्या वाचस्पति मानद उपाधि से सम्मानित हुए हमीरपुर से हरिमोहन गुप्ता

**हमीरपुर।** आज रांयल रंगोली रिजार्ट लखनऊ में कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सिलौली मौदहा हमीरपुर के प्रधानाध्यापक हरिमोहन गुप्ता को विद्या वाचस्पति मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम रांयल रंगोली रिजार्ट कृष्णा नगर लखनऊ में आयोजित काशी हिंदी विद्यापीठ एवं सृजन काव्य संगोष्ठी व शैक्षिक संवाद एवं विद्या वाचस्पति की विशेष मानद उपाधि सम्मान 2025 का आयोजन किया गया। आयोजन काशी हिंदी विद्यापीठ के कुलसचिव डा. इंद्रजीत तिवारी, लखनऊ आकाशवाणी केंद्र की लोक गायिका अनीता मिश्रा एवं सृजन संस्था के संस्थापक राष्ट्रीय संयोजक डा. मनीष देव गुप्ता के द्वारा किया गया। जिसमें भारत के कोने-कोने से आए महान रचनाकार, साहित्यकार, कवि अपने विशिष्ट कार्य क्षेत्र में पहचान बनाने वाले अध्यापकगणों को विद्या वाचस्पति मानद उपाधि (डाक्टरेट) से सम्मानित किया गया। इन्हें हरिद्वार में शिक्षक आइकन राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान एवं झांसी में द बेस्ट टीचर अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।



अध्यापक हरिमोहन गुप्ता ने करीब 25 पुस्तकों में लेखन कार्य किया है। उनकी दो पुस्तकों का संपादन का कार्य भी चल रहा है। अध्यापक हरिमोहन गुप्ता की इस विशेष उपलब्धि पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल, आशीष कुमार, विवेक कुमार दीक्षित, जितेंद्र कुमार गुप्ता, दीपक त्रिपाठी, रूपेंद्र सिंह, ऋषभ पुरवार, सुरेन्द्र कुमार, भुवनेश तिवारी, मंजीता अहिरवार,नवीन बुधौलिया, प्रियंक अग्रवाल, हेमंत बाजपेई, अरविंद कुमार, अखिलेश शुक्ला, नरेन्द्र चौरसिया, सेवेन्द्र सिंह आदि अध्यापकों के साथ ब्लांक एवं जनपद के समस्त अध्यापकों ने शुभकामनाएं देकर हर्ष जताया है।

## जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायते सुन किया निस्तारण

**हमीरपुर।** आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 73 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमो से प्राप्त होने वाले प्रकरणो का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## पिता-पुत्र सहित तीन को हुई उम्रकैद

- **वर्ष 2023 में रास्ता बनाने के विवाद में की थी हत्या**
- **ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत मुकदमे में की गई प्रभावी पैरवी**



बांदा। हत्या के मामले में अदालत ने पिता-पुत्र सहित तीन को उम्रकैद की सजा सुनाई है। सजा के साथ-साथ जुर्माने से भी अदालत ने दण्डित किया है।

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ÷ऑपरेशन कन्विक्शन÷ के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में वर्ष-2023 में थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत व्यक्ति को जान से मारने वाले 03 अभियुक्तों को आजीवन कारावास व जुर्माने से दण्डित कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि 1 नवंबर 2023 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के क्योटरा पहाड़ के रहने वाले चुनुवाद को अभियुक्तों द्वारा खेत में लगे बाड़ को उखाड़कर ट्रैक्टर निकलने के लिए रास्ता बनाने के विवाद को लेकर लाठी-डण्डा, कुल्हाड़ी आदि से मार कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया था जिससे व्यक्ति की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। इस सम्बन्ध में मृतक की पत्नी की तहरीर पर थाना कोतवाली नगर में मुकदमा अपराध संख्या 862/23 धारा 147/148/307/149/323/504/506/427/302 भादवि पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना निरीक्षक अनूप कुमार दुबे द्वारा सम्पादित की गयी। विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुए आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। लोक अभियोजक श्रवण कुमार द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर शिप्रा सचान तथा पैरोकार मुख्य आरक्षी दिनेश कुमार के अथक प्रयासों से अभियुक्तों पप्पू निषाद उर्फ पप्पू विधायक पुत्र पुन्ना निषाद, राजेश निषाद उर्फ फत्तूलाल पुत्र पप्पू निषाद तथा राकेश निषाद पुत्र मेवालाल निवासीगण ग्योडीबाबा थाना कोतवाली नगर को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास व 15-15 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

## जिला जज ने किया कारागार के लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण

**चित्रकूट ब्यूरोः** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्य योजना एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में शुक्रवार को भगवानदीन सिंह पटेल विधि महाविद्यालय रगौली में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही जिला कारागार का निरीक्षण करते हुए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर बंदियों को जागरूक किया।



महाविद्यालय के आयोजित साक्षरता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने उपस्थित विधि के विद्यार्थियों को विधि के समक्ष समता के अधिकार, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 (क) निःशुल्क शिक्षा के अधिकार अधिनियम के बारे में बताया। बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति का गठन कर लोगों को विधिक साक्षरता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर भगवानदीन सिंह पटेल विधि महाविद्यालय रगौली के निदेशक सुशील कुमार सिंह, सेवानिवृत मुख्य प्रशासनिक अधिकारी केशव प्रसाद यादव, अधिकार मित्र डॉ मनोज द्विवेदी, समाजसेवी अभिमन्यु सिंह, सहायक न्याय रक्षक कुलदीप सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर बन्दियों को प्ली-बारगेनिंग के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की द्वितीय चरण के बैठक के सम्बन्ध में बन्दियों से वार्ता करते हुए द्वितीय चरण की बैठक के लिये चिन्हित किया गया।

इसके अलावा आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने प्रशासनिक अधिकारियों की द्वितीय चरण की बैठक ली। जिसमें जिला जज राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिये बल दिया। साथ ही चिन्हित वादों में कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराने को कहा। इस मौके पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के समन्वयक विष्णूदत्त बादल, श्रम अधिकारी महेन्द्र शुक्ला, खनिज इंस्पेक्टर मंटू कुमार सिंह, उपवनाधिकारी राजीव आर सिंह, उपसंभागीय परिवहन अधिकारी दीप्ती त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## पुलिसकर्मी ने पेश की ईमानदारी की मिशाल

- **ड्यूटी के दौरान कर्मी को मिला था पैसों से भरा पर्स**
- **पता लगाकर पर्स को किया वापस**



बांदा। शहर निवासी एक युवक का पैसों से भरा पर्स गिर गया। अचानक जब यातायात कर्मी की पर्स पर नजर पड़ी तो उसने पर्स को अपने कब्जे में लेने के बाद खोजबीन शुरू की। साथ ही पता लगाकर पर्स को सकुशल वापस किया। पुलिस कर्मी की ईमानदारी की मिशाल शहर में बेहद चर्चा का विषय बनी रही।

यातायात पुलिसकर्मी ने ड्यूटी के दौरान बाबूलाल चौराहे के पास प्राप्त रुपये से भरे पर्स को ईमानदारी की मिशाल कायम करते हुए उसके स्वामी का पता लगाकर रुपये को सुपुर्द किया गया है। यातायात प्रभारी अनूप कुमार दुबे ने बताया कि यातायात शाखा में तैनात आरक्षी अभिषेक पाण्डेय को ड्यूटी के दौरान बाबूलाल चौराहे के पास एक पर्स गिरा हुआ मिला जिसमें व्यक्ति के 17 हजार रुपये, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि था। जिस पर आरक्षी अभिषेक पाण्डेय द्वारा आधार कार्ड/पहचान पत्र की मदद से उसके स्वामी सूरज प्रसाद पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी कालवनगंज थाना कोतवाली नगर का पता कर रुपयों से भरा पर्स वापस किया गया। व्यक्ति द्वारा पुलिस की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि काफी खोजबीन के बाद यह जानकारी हासिल हो सकी कि उक्त पर्स सूरज नामक व्यक्ति का है। जिसे खोजने के बाद सकुशल पर्स वापस किया गया।

### ट्रक से कुचलकर युवक की मौत

**इटावा।** फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के शिव कॉलोनी के रहने वाले 32 वर्षीय चंदन पुत्र सियाराम बकेवर में पानी के प्लांट पर काम करता था। बुधवार देर रात प्लांट से चंदन घर लौट रहा था। इकदिल थाना क्षेत्र के मनियामऊ गांव के पास वह सवारी वाहन का इंतजार कर रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रक उसके सिर को कुचलते हुए निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## कार्यकाल पूरा होने पर यूईआरसी पर हुआ एआरपी का विदाई समारोह



**स्वतंत्र भारत संवाददाता फिरोजाबाद।** नगर क्षेत्र के एकेडमिक रिसोर्स पर्सन ;एआरपीद्ध के तीन वर्षीय सफल कार्यकाल के उपरांत नगरीय संसाधन केंद्र पर एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एआरपी रवि कुमार एवं सारिका शर्मा को शिक्षकों व सहयोगियों ने उपहार भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने उनके कार्यों की सराहना की और उज्जवल भविष्य की कामना की ।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर शिक्षा अधिकारी उपेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने कहा एकेडमिक रिसोर्स पर्सन का योगदान विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण रहा है। रवि कुमार और सारिका शर्मा ने समर्पण भाव से कार्य करते हुए नवाचारों को धरातल पर उतारा हैए जो सराहनीय है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की महानगर अध्यक्ष कल्पना राजौरिया ने अपने संबोधन में कहाए एआरपी की भूमिका केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं बल्कि उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करने और शैक्षिक वातावरण को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रवि और सारिका का योगदान अनुकरणीय है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने दोनों एआरपी के साथ के अनुभवों को साझा करते हुए उनके सहयोग मार्गदर्शन और सरल स्वभाव की सराहना की।

कार्यक्रम का संचालन विधि मित्तल ने किया। इस दौरान ललित शर्माए राकेश गुप्ता प्रीती श्रोती नीता यादव अनिल कुमार शिवेंद्र प्रताप राजकुमार दिनेश राजा धीरेंद्र यादव सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# डीओएम ने 29वीं अन्तर्जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का किया शुभारंभ कानपुर नगर खिलाड़ियों का रहा दबदबा

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** पुलिस लाइन फतेहगढ़ के मैदान पर कानपुर पुलिस जोन की 29वीं अन्तरजनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने किया पुलिस उपमहानिरीक्षकध्पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा संयुक्त रूप से उद्घाटन समारोह की औपचारिक शुरुआत की गई।

उद्घाटन के दौरान पुलिस बैंड द्वारा सलामी दी गईए तत्पश्चात खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया । सभी जिलों के खिलाड़ी ध्वज लेकर चल रहे थे।जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल पुलिस कर्मियों की शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देती हैं बल्कि आपसी सहयोग अनुशासन और टीम भावना को भी मजबूत करती हैं।

पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना से प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय कुमार क्षेत्राधिकारी अमृतपुर अजय कुमार वर्मा प्रतिसार निरीक्षक अविचल पांडे नायक मंडल के संजीव कटियार कुलदीप कुमार अरुण यादव चेतना



फर्रुखाबाद । खिलाड़ियों की मार्च पास्ट की सलामी लेते डीएम एसपी।

कुमारी विमलेश अभिषेक शाक्य आज निर्णायक मंडल के सदस्य मौजूद रहे। दौड़ 200 मी पुरुष अजय ठाकुर फतेहगढ़ में पहला ऋषभ राठौर झांसी ने दूसरा तथा राहुल जालौन ने तीसरा स्थान पाया।

डिस्कस थ्रो पुरुष फाइनल मुकेश बाजपेई कानपुर नगर ने पहला विनोद कुमार कानपुर नगर ने दूसरा तथा राजीव कुमार कानपुर देहात तीसरे स्थान पर रहे ।

भाला फेंक पुरुष इंद्रभान कसाना फतेहगढ़ ने पहला आसिफ इटावा ने दूसरा ओमपाल चौधरी कन्नौज तीसरे स्थान पर रहे । इसी तरह त्रिकूद पुरुष फाइनल रोहित शुक्ला फतेहगढ़ ने पहला ओमपाल कन्नौज ने दूसरा भूरी सिंह इटावा ने तीसरा स्थान पाया लंबी कूद पुरुष रोहित शुक्ला फतेहगढ़ ने पहला रवि देव इटावा ने दूसरा तथा कन्नौज के ओमपाल तीसरे स्थान पर रहे। 1500 मीटर दौड़ पुरुष इटावा के शुभम ने पहले तथा इटावा के ही रवि देव ने दूसरा तथा औरैया के शैलेंद्र कुमार तीसरे स्थान पर रहे ।800 मीटर दौड़ पुरुष भूरी सिंह इटावा ने पहले अश्विनी कुमार औरैया ने दूसरा तथा इटावा के सौरभ शुक्ला तीसरे स्थान पर रहे 400 मीटर दौड़ पुरुष शुभम शुक्ला इटावा ने पहले विशाल कानपुर देहात ने दूसरा तथा इटावा के रविंद्र तीसरे स्थान पर रहे 200 मीटर दौड़ महिला गुंजन कानपुर नगर ने पहला कानपुर नगर की ही प्रिया ने दूसरा इटावा की रुपलता तीसरे स्थान पर रही ।

डिस्कस थ्रो महिला सुरभि कानपुर नगर ने पहला ललिता इटावा दूसरे स्थान पर रही । गोला फेक कानपुर नगर की प्रियंका ने पहले इटावा की रेनू तिवारी ने दूसरा तथा फतेहगढ़ की राधा तीसरे स्थान पर रही ।

भाला फेंक में प्रियंका तथा बंदना ने पहला दूसरा कानपुर नगर तथा इटावा की ललिता तीसरे स्थान पर रही लंबी कूद फतेहगढ़ की राधा ने पहले सुमन वंदना कानपुर नगर ने दूसरा तीसरा स्थान पाया । इसी तरह त्रिकूद में काजोल कानपुर देहात ने पहला रिंका कानपुर नगर ने दूसरा तथा दीपिका कानपुर नगर की तीसरे स्थान पर रही । 1500 मीटर दौड़ रश्मि कानपुर देहात में पहला संध्या कानपुर नगर ने दूसरा स्थान पाया 800 मीटर दौड़ इटावा की रेनू तिवारी ने पहले कानपुर नगर की नीता ने दूसरा स्थान पाया।

## गैंगस्टर मे दो पर दोष सिद्ध 17 अप्रैल को सुनाई जाएगी सजा

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** अपर जिला जज एंव सत्र विशेष गैंगस्टर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने हकीम सिंह पुत्र चोब सिंह ओम सिंह पुत्र जमुना सहाय निवासीगण जयसिंहपुर कायमगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया सजा के बिंदु पर 17अप्रैल की तिथि निहित है, बीते 22वर्षों पूर्व कोतवाली कायमगंज के तत्कालीन प्रभारी पी डी सिंह ने हुकुम सिंह हकीम सिंह किशन पाल पुत्र गण चोब सिंह ओम सिंह के विरुद्ध समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत दर्ज करवाया था ।

अभियुक्तगणों ने जनता में भय आतंक पैदा कर कर रखा है प्रभारी ने मुकदमा दर्ज करवाया था जिसमें विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने हकीम सिंह ओम सिंह को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया सजा के बिंदु पर 17अप्रैल की तिथि निहित है।

## एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया



**छिबरामऊ कन्नौज ।** कोतवाली पुलिस द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ मनोज कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना छिबरामऊ प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी उ0नि0 सत्यप्रकाश त्रिपाठी का0 विकाश कुमार द्वारा 01 वारंटी अभि0 प्रबल पुत्र जगवीर निवासी ग्राम खुबरियापुर भादवि व 7ध्8 पॉक्सो एक्ट को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

## 14 अप्रैल को भारत रत्न से सम्मानित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर शोभा यात्रा निकली जाएगी

**छिबरामऊ कन्नौज।** 14 अप्रैल को भारत रत्न से सम्मानित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर शोभा यात्रा निकल जाएगी। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति अध्यक्ष संजीव कुमार ट्विंकल उपाध्यक्ष प्रभात गौतम कोषाध्यक्ष कमलकांत उप सचिव सत्येंद्र सिंह बौद्ध मनोज कुमार महासचिव तीर्थराज बौद्ध ने बताया कि 14 अप्रैल दिन सोमवार सुबह 9रू00 बजे शोभा यात्रा पूर्वी बाईपास ब्लॉक मुख्यालय से मुख्य बाजार होते हुए गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल बुद्ध विहार डॉक्टर अंबेडकर पार्क बडेपुर

## शेष अवस्थी भारत सरकार की ओर से नोटरी अधिवक्ता नियुक्त



**फर्रुखाबाद, अमृतपुर।** वरिष्ठ अधिवक्ता शेष कुमार अवस्थी को विधि एवं न्याय मंत्रालय भारत सरकार की ओर से नोटरी अधिनियम 1952 क 53 नोटरी अधिवक्ता नियुक्त किया गया है ।तहसील अमृतपुर एवं एवं जिला मुख्यालय पर लंबे समय से अधिवक्ता के रूप में प्रैक्टिस कर रहे हैं ।श्री अवस्थी के नोटरी अधिवक्ता के रूप में जारी किए गए शपथ पत्र पूरे देश में मान्य होंगे श्री अवस्थी बेहद मिलनसार और कानून के जानकार हैं कमजोर एवं वंचितों को कानूनी सहायता देखकर न्याय दिला रहे हैं। तहसील में नोटरी अधिवक्ता ना होने के कारण गंगा पार क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय पर जाना पड़ता था लेकिन अब नोटरी एफिडेविट के लिए मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा।तक जाएगी।

## हनुमान जयंती पर होगा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**छिबरामऊ कन्नौज।** भारतवर्ष में हनुमान जयंती का प्रसिद्ध पर्व बड़ी श्रद्धा भक्ति से मनाया जाता है काशी के संकट मोचन हनुमान मंदिर में बड़ी श्रद्धा भक्ति से धार्मिक आयोजन होते हैं वही नगर के शक्तिपीठ गमा देवी में भी दक्षिणामुखी एवं बाल हनुमान जी को प्रातः कालीन चोला चढ़ाया जाएगा साथ ही हनुमान जी का विधान से पूजा करके सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ होगा उसके बाद में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने बताया कि हनुमान जयंती मनाने पर मानव जीवन हनुमान जी की कृपा से भक्ति मय जीवन होता है इसलिए हम सभी को हनुमान जयंती मनाना चाहिए।

# एक देशी गाय के गोबर और गोमूत्र से रोजाना 1000 की आय प्राप्त हो होगी

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**फर्रुखाबाद ।** माधोपुर गौशाला टोका घाट पर गाय के गोबर से स्वालंबन का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन महेश जी सेवा भारती की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें गौ सेवा ग्राम विकास से प्रशिक्षक राधेश्याम सैनी ने प्रशिक्षण दिया

उन्होंने बताया कि एक देसी गाय के गोबर और गोमूत्र से प्रतिदिन?1000 की आय होती है गाय की सेवा सर्वोपरि सेवा है उसमें सभी देवताओं का वास है जिस घर में गाय पाली जाती है वह घर तीर्थ हो जाता है उसका प्रत्येक तत्व लाभकारी एवं पुण्यकारी है गाय के गोबर से नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है । प्रशिक्षक ने गाय के गोबर तथा गोमूत्र से बिना धन लगाए स्वावलंबन का संदेश दिया इससे दंत मंजन बनाना सिखाया गाय के गोबर से जैविक खाद दीपक पूजा सामग्री धूप हवन सामग्री मंजन फिनायल भारतीय संस्कृति के आध्यात्मिक चिन्ह ओम स्वस्तिक चक्र दीप घड़ी के केस जो घर दुकान कार्यालय पर लगाने से सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करते हैं इनका बनाने का निशुल्क प्रशिक्षण दिया गया गाय के गोबर तथा गोमूत्र से बनाई गई औषधीय कितनी लाभकारी तथा उसमें विशेष गुण होते हैं गोमूत्र चिकित्सा से कैंसर जैसे अशक्त रोग भी ठीक हो जाते हैं गुर्दा तथा लीवर के रोगों में अत्यंत लाभकारी है प्रशिक्षण वर्ग में गौशाला के गौ सेवक प्रबंधक राठौर कन्हैयालाल अग्रवाल तुषार अग्रवाल सुरेंद्र सिंह ब्रजेंद्र कुमार श्रीमाली संदीप तिवारी शिव वर्मा हर्षवर्धन अवस्थी गोलू रविंद भदौरिया आदि ने प्रतिभाग किया।





फर्रुखाबाद । गौशाला में गोबर से स्वाभिमान के प्रशिक्षण शिविर में जानकारी देते प्रशिक्षक ।

## पिता पुत्र समेत चार पर हत्या के प्रयास में दोष सिद्ध 17 अप्रैल को सजा पर सुनवाई होगी

**फर्रुखाबाद।** थाना कम्पिल ग्राम कमरुद्दीनपुर निवासिनी सरला देवी ने 22 अगस्त 2015 एनसीआर दर्ज कराई कि समय साढ़े बारह बजे दिन में पति राम प्रसाद पशुओं को पुल के पास चरा रहे थे । वहीं गांव के शौक सिंह भाय सिंह भूप सिंह ओपेंद्र ने मेरे पति को जमीन बंटवारे को लेकर गाली गलौज करने लगे मेरे पति ने गाली देने से मना किया तो इन सभी ने लाठी डंडों व लात घूसों से मेरे पति को मारने पीटने लगे। जिससे मेरे पति के गंभीर चोटे आए पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर विवेचना की जिसमें एनसीआर को हत्या के प्रयास में मुकदमे को तरमीम कर दिया गया । भाय सिंह शौक सिंह भूप सिंह को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। वही ओपेंद्र के न्यायालय ना आने पर ओपेंद्र के खिलाफगैर जमानती वारंटी जारी कर दिया गया है


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, हरदोई

पत्रांकः- 1453 /10ए/2025-26 दिनांक : 01.04.2025

### ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, हरदोई द्वारा लो0नि0वि0 के मार्गों पर संलग्न तालिका के कालम 10 में निर्दिष्ट श्रेणी के पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यों हेतु प्रतिशत दरों के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमन्त्रित की जाती हैं :-
1.

| क्र0 सं0 | जनपद/विधानसभा का नाम | कार्य का नाम | निर्माण कार्य की अनुमानित लागत बिना जी0एस0टी0 (रू0 लाख में) | 5 वर्ष तक मार्ग के अनुरक्षण की लागत (रू0 लाख में) | निविदा की कुल लागत (बिना जी0एस0टी0) (रू0 लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू0 लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (स्टेशनरी चार्ज+ निविदा मूल्य+ 18% जीएसटी) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | | गन्ना विभाग के क्षतिग्रस्त मार्गों का पुनर्निर्माण कार्य | | | | | | | |
| 1 | हरदोई/हरदोई | खालेपुरवा से चिन्तालपुरवा सम्पर्क मार्ग का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 7.70 | 0.58 | 8.28 | 0.83 | (500.00+ 225.00+ 132.00) रू0 857.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 2 | हरदोई/हरदोई | ककेड़ी उल्लामऊ मार्ग से भिठारी मार्ग अवशेष भाग का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 28.50 | 2.15 | 30.65 | 3.07 | (500.00+ 300.00+ 144.00) रू0 944.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 3 | हरदोई/हरदोई | ककेड़ी उल्लामऊ भिठारी मार्ग से सराय नहर पुल तक मार्ग का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 25.50 | 2.00 | 27.50 | 2.75 | (500.00+ 300.00+ 144.00) रू0 944.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 4 | हरदोई/हरदोई | रद्धेपुर सकतपुर मार्ग से गौरिया सम्पर्क मार्ग का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 10.00 | 0.75 | 10.75 | 1.08 | (500.00+ 225.00+ 132.00) रू0 857.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 5 | हरदोई/सवायजपुर | शिवराम बाग से राजपुर लभेड़ा भाग-1 सम्पर्क मार्ग का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 29.87 | 2.24 | 32.11 | 3.21 | (500.00+ 300.00+ 144.00) रू0 944.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 6 | हरदोई/सवायजपुर | ग्राम सैदापुर से कनकापुर भाग-2 सम्पर्क मार्ग का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 12.53 | 0.62 | 13.15 | 1.32 | (500.00+ 225.00+ 132.00) रू0 857.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 7 | हरदोई/सवायजपुर | राजपुर लभेड़ा से अशरफपुर भाग-2 सम्पर्क मार्ग का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 21.50 | 1.61 | 23.11 | 2.31 | (500.00+ 300.00+ 144.00) रू0 944.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 8 | हरदोई/सवायजपुर | राजपुर लभेरा से अशरफपुर भाग-1 सम्पर्क मार्ग का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 26.91 | 2.02 | 28.93 | 2.90 | (500.00+ 300.00+ 144.00) रू0 944.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 9 | हरदोई/सवायजपुर | सवायजपुर चुकौती मार्ग से घोड़ीथर सम्पर्क मार्ग भाग-1 का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 19.00 | 1.43 | 20.43 | 2.05 | (500.00+ 300.00+ 144.00) रू0 944.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 10 | हरदोई/सवायजपुर | सवायजपुर चुकौती मार्ग से घोड़ीथर सम्पर्क मार्ग (अवशेष भाग) का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 6.52 | 0.49 | 7.01 | 0.70 | (500.00+ 225.00+ 132.00) रू0 857.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 11 | हरदोई/सवायजपुर | संझारा मार्ग प्राथमिक विद्यालय से नन्दबाग सम्पर्क मार्ग भाग-1 का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 9.70 | 0.73 | 10.43 | 1.05 | (500.00+ 225.00+ 132.00) रू0 857.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 12 | हरदोई/सवायजपुर | मैकपुर से पत्योरा सम्पर्क मार्ग भाग-2 का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 7.43 | 0.56 | 7.99 | 0.80 | (500.00+ 225.00+ 132.00) रू0 857.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 13 | हरदोई/सवायजपुर | बम्हरौली से बम्टापुर सम्पर्क मार्ग भाग-2 का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 15.82 | 1.19 | 17.01 | 1.70 | (500.00+ 300.00+ 144.00) रू0 944.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 14 | हरदोई/साण्डी | साण्डी विकास खण्ड मार्ग से (3 किमी0) आगे से लाहौरीपुरवा मार्ग का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 7.30 | 0.55 | 7.85 | 0.79 | (500.00+ 225.00+ 132.00) रू0 857.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 15 | हरदोई/सवायजपुर | पाली नहर पुलिया से भरखनी सम्पर्क मार्ग का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 19.50 | 1.76 | 21.26 | 2.13 | (500.00+ 300.00+ 144.00) रू0 944.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 16 | हरदोई/शाहाबाद | ग्राम लोनी मजार से बेहरवा हाशिमपुर भाग-1 का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 20.00 | 1.50 | 21.50 | 2.15 | (500.00+ 300.00+ 144.00) रू0 944.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 17 | हरदोई/शाहाबाद | ग्राम लोनी मजार से बेहरवा हाशिमपुर भाग-2 का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 20.50 | 1.54 | 22.04 | 2.21 | (500.00+ 300.00+ 144.00) रू0 944.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 18 | हरदोई/शाहाबाद | नगला भगवान रोड से शर्मा हाल्ट मार्ग भाग-2 का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 29.60 | 2.09 | 31.69 | 3.17 | (500.00+ 300.00+ 144.00) रू0 944.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 19 | हरदोई/सवायजपुर | खेरिया से कपूरपुर बीरमपुर मार्ग भाग-1 का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 13.75 | 1.24 | 14.99 | 1.50 | (500.00+ 225.00+ 132.00) रू0 857.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |
| 20 | हरदोई/शाहाबाद | टुमर्की गॉव होकर दौलतपुर का पुनर्निर्माण एवं 5 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। | 24.60 | 1.47 | 26.07 | 2.61 | (500.00+ 300.00+ 144.00) रू0 944.00 | 2 माह | ए. बी. सी. डी (मार्ग कार्य) |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.04.2025 से 29.04.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो दि0 29.04.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 29.04.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

1. लो0नि0वि0 में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है। वेबसाइट खोलने पर प्रहरी लॉगइन का पेज खुलेगा जिस पर यूजर टाईप कान्ट्रेक्टर चयनित करते हुए लॉगइन करना होगा। लॉगइन करने के लिये यूजर नेम एवं पासवर्ड हेतु चाणक्य पर ठेकेदार पंजीकरण हेतु उपयोग में लाये जाने वाले यूजर नेम एवं पासवर्ड ही होगा। प्रहरी पर निविदादाता को निविदा सम्बन्धी समस्त वॉछित सूचना तथा आवश्यक अभिलेख अपलोड करना है जिसकी विस्तृत जानकारी प्रहरी पर उपलब्ध है।
2. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(मनिन्दर सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि., हरदोई

उ0प्र0 231903 दिनांक- 03.04.2025
Web.: www.upidadv.gov.in


# राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए 467 मामले चिन्हित

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राष्ट्रीय लोक अदालत आगामी 10 मई को होगी इसको लेकर तैयारी बैठक आयोजित की गई जिसमें धारा 138 एन आई एक्ट से संबंधित 6 मामले एवं लघु आपराधिक मामलों से संबंधित अब तक 467 मामले चिन्हित किया जा चुके हैं ।

बैठक का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर जिला जज संजय कुमार ने किया । बैठक में धनश्याम शुक्ला मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रीतिमाला चतुर्वेदी सिविल जज सीनियर डिवीजन ज्ञानेन्द्र कुमार अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी जयवीर सिंह सिविल जज सीनियर डिवीजनध्एफटीसी श्रीमती ओमश्री चौरसिया सिविल जज सिटी सुश्री सुबुक मुस्कान जेएम सदर प्रशांत कौशिक जेएम हवाली सुश्री ज्योति सागर जेएमध्एफटीसी सुश्री अनामिका अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन हिमाशुं नौटियाल अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन आदि न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।



फर्रुखाबाद । तैयारी बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिवअपर जिला जज संजय कुमार तथा सामने बैठे न्यायिक अधिकारी ।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को फार्म वितरण किए गए

**छिबरामऊ कन्नौज ।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार खंड विकास कार्यालय में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को फार्म वितरण किए गए।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सूचना लघु एवं मध्यम उद्योगों को गति प्रदान करते हुए उद्योगों को प्रोत्साहित करने एवं इस क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार सृजित किए जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में एक लाख युवाओं को वित्त पोषित कर उक्त योजना अंतर्गत स्वरोजगार मिशन द्वारा आगामी 10 वर्षों में 10 लाख सूक्ष्म निकायों की स्थापना करना उक्त योजना अंतर्गत रुपया 5 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण निर्माण एवं सेवा क्षेत्र में उद्योग स्थापना हेतु दिया जाएगा उतरन कंपोजिट लोन प्रकृति का होगा परियोजना लागत का 10ः टर्न लोन के रूप में अनिवार्य होगा उतरन में भूमि का किराया सम्मिलित नहीं होगा समान वर्ग है तो 15ः अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 12रू30 प्रतिशत अनुसूचित जाति जनजाति दिव्यजन के व्यक्तियों को 10ः स्वयं का अंशदान जमा करना होगा परियोजना की लागत 5 लाख या जो भी काम हो का 10ः मार्जिन मनी सब्सिडी के रूप में दिया जाएगा परियोजना लागत 5 लाख या जो भी काम हो लिए गए ऋण के साथ प्रतिशत ब्याज का उपादान वित्त पोषण व्यक्तित्व से अगले 4 वर्षों तक दे होगा ब्याज उत्पादन त्रैमासिक आधार पर दे होगा कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने पहुंचकर लाभार्थियों को विस्तृत रूप से योजना की जानकारी दी कार्यक्रम खंड विकास कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया जिसमें खंड विकास अधिकारी दीपांक आर्य सहित समस्त स्टॉप मौजूद रहा लाभार्थियों को फॉर्म भी उपलब्ध कराए गए।





## दो सगे भाइयों को हत्या में आजीवन कारावास, दस दस हजार रूपए का जुर्माना

**फर्रुखाबाद।** अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 7 अंकित कुमार मित्तल ने सुनील कुमार उर्फ पतन्नू पुचूलाल व भीम सिंह भीमसेन उर्फभीमा को हत्या में आजीवन कारावास व प्रत्येक पर दस दस हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया है बीते 22 साल पुराने मामले में ग्राम अताईपुर कोहना थाना कायमगंज निवासनी फूलन देवी ने 22 नवंबर 2003 को थाना कायमगंज में मुकदमा दर्ज करवाया कि मेरा पति वेदराम ज्यादा शराब पीने व नशे की गोलियां खाने का आदी है।

22 नवंबर 2003 को अताईपुर जदीद टेडीकोन जाने वाले रास्ते पर पश्चिम में श्री दर्शन सिंह यादव के केले के खेत में शाम के वक्त अधिक शराब पीने से नशे की हालत में मेरा पति पडा रहा 22 23 की रात्रि में अधिक ठंड लगने से उसकी मृत्यु हो गई । शरीर पर कोई जाहिरा चोट का निशान नहीं है मैंने अपने पति की लाश गांव वालों की मदद से पंचायत घर में के पास लाकर रख दी है साक्ष्य गवाहों के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी से सुनील कुमार उर्फ पतन्नू उर्फ पुचूलाल व भीम सिंह उर्फभीमसेन उर्फभीमा को वेदराम की हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई वहीं प्रत्येक पर दस दस हजार रुपए जुर्माना भी लगाया।

# गंगा पर एनजीटी ने मांगी यूपी के सिंचाई विभाग से सफाई

## कानपुर के रानीघाट क्षेत्र में गंगा नदी के बाढ़ के मैदान के सीमांकन में मानक प्रक्रिया से विचलन पर जताई चिंता

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** कानपुर और इसके आस-पास गंगा नदी के बहाव व बाढ़ क्षेत्र का मानकीकरण व निर्धारण करते हुए इसे अतिक्रमण व प्रदूषण से मुक्त कराने के लिए 2016 में जारी दिशा निर्देशों का कथित तौर पर अनुपालन नहीं किए जाने को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण यानी एनजीटी ने काफी सख्त रुख अपनाया है। इसी सिलसिले में गंगा नदी के पर्यावरणीय संरक्षण और बाढ़ क्षेत्र प्रबंधन से जुड़े एक अहम मामले में एनजीटी की प्रधान पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के सिंचाई विभाग को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह के भीतर अतिरिक्त हलफनामा दायर कर स्पष्टीकरण देने को कहा है। कानपुर के रानीघाट क्षेत्र में गंगा नदी के बाढ़ के मैदान के सीमांकन में मानक पद्धति से हुए विचलन के संदर्भ में दिए गए इस आदेश में प्रदेश के सिंचाई विभाग के प्रमुख सचिव से चार सप्ताह के भीतर एक अतिरिक्त हलफनामा दाखिल कर इस प्रक्रिया में हुए बदलाव का स्पष्ट कारण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। एनजीटी के इस आदेश में कहा गया है कि यह स्पष्ट किया जाए कि समोच्च पद्धति के बजाय ग्रिड आधारित डिजिटल एलिवेशन मॉडल का उपयोग क्यों और किस आधार पर किया गया। मामले की अगली सुनवाई एक जुलाई को होगी और तब तक सूबे के सिंचाई विभाग को यह स्पष्ट करना होगा कि उसके द्वारा अपनाई गई सीमांकन प्रक्रिया मानकों से क्यों भिन्न है और क्या यह पर्यावरणीय हितों की दृष्टि से उपयुक्त है। वास्तव में देखा जाए तो एनजीटी का यह आदेश गंगा संरक्षण की दिशा में एक गंभीर कदम है। वैसे भी यह मामला महज तकनीकी सीमांकन का नहीं बल्कि गंगा नदी के पारिस्थितिकी तंत्र के दीर्घकालिक संरक्षण से जुड़ा हुआ है। माना जा रहा है कि एनजीटी का आदेश आने वाले समय में गंगा नदी से जुड़े सभी विकास कार्यों के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज बन सकता है। इस मामले की सुनवाई एनजीटी की तीन सदस्यीय प्रधान पीठ द्वारा की गई जिसमें न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव (अध्यक्ष), न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल (न्यायिक सदस्य) तथा डॉ. ए. सेंथिल वेल (विशेषज्ञ सदस्य) शामिल थे। एनजीटी ने अपने पूर्व में पारित 19 नवम्बर 2024 के आदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि ट्रिब्यूनल ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया था कि बाढ़ के मैदान का सीमांकन '100 वर्ष की वापसी अवधि' के आधार पर और 1 मीटर समोच्च अंतराल के साथ किया जाना चाहिए। हालांकि सिंचाई विभाग द्वारा एनजीटी के समक्ष दाखिल हलफनामे में यह बताया गया कि सीमांकन 1 मीटर ग्रिड स्पेसिंग के डिजिटल एलिवेशन मॉडल के आधार पर किया गया है। लेकिन ट्रिब्यूनल ने इस बात को गंभीर विचलन मानते हुए कहा कि यह प्रक्रिया गंगा संरक्षण आदेश, 2016 के निर्देशों के विरुद्ध प्रतीत होती है।

# सपा कार्यालय पर मनाई गई ज्योतिबा फुले की जयंती



**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर शुक्रवार को सपा जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में सामाजिक चिंतकव समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सपा कार्यकर्ताओं नेज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर शत-शत नमन किया। गोष्ठी का आयोजन कर वक्ताओं ने ज्योतिबा फुले के जीवनचरित्र पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि ज्योतिबा फुले महिलाओं, दलितों और शोषितों के लिए जीवनभर कार्यरत रहे। वह भारतीय सामाजिक क्रान्ति के जनक, महान विचारक, समाज सुधारक, लेखक, दार्शनिक थे। देश मेव्याप्त छुआछूत को खत्म करनेऔर समाज को सशक्त बनानेमेंज्योतिबा फुले ने अहमभूमिका निभाई थी। उनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को पुणे में हुआ था। उन दिनों महिलाओं की शिक्षा को लेकर लोग उदासीन थे।इन कुरीतियों से समाज को मुक्त करनेके लिए उन्होंनेबड़े पैमानेपर आंदोलन भी चलाया था। गोष्ठी में पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह पटेल, मुन्नी यादव, रोहित शुक्ला 'लल्लू', राजेश भारती, संतोष गोयल, आदर्श यादव, मेवालाल प्रजापति, भरत लाल बिन्द, जय मंगल यादव, अभय यादव, श्याम अचल यादव, दीनानाथ प्रजापति, धर्मराज यादव, अनूप तिवारी, विजय शंकर यादव, संदीप बिन्द, अरशद अली, जमाल अहमद आदिने भी अपने विचार व्यक्त किया।

## जुमा की नमाज़ पर अलर्ट, नमाज़ सकुशल सम्पन्न

**हलिया (मिर्जापुर)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देश पर हलिया पुलिस ने शुक्रवार को जुमा के नमाज को लेकर प्रभारी निरीक्षक हलिया वीरेंद्र सिंह मय फोर्स के साथ हथेड़ा गुलाब तिराहा, हलिया बाजार, सोनकर बस्ती, ब्लॉक रोड़,भटवारी सहित मिश्रित आबादी क्षेत्र में फोर्स को बॉडी पोडक्टर के साथ गस्त कर लोगो को सुरक्षा व्यवस्था का अहसास कराया है। हलिया मस्जिद के सामने नमाज अदा होने तक भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। सकुशल जुमे की नमाज सम्पन्न होने के बाद पुलिस फोर्स थाने के लिए रवाना हुई है।

इस दौरान एसआई अच्छे लाल यादव, परमात्मा यादव, महेंद्र प्रताप यादव, रमाशंकर सहित भारी संख्या में फोर्स मौजूद रही। संबंधित क्षेत्र के हल्का प्रभारी व पुलिस कर्मियों ने अपने अपने क्षेत्र में स्थित मस्जिद के पास तैनात होकर जुमे का नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया जुमा की नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी फोर्स के साथ मिश्रित आबादी में गस्त कर लोगो को सुरक्षा व्यवस्था का अहसास कराया गया है। संबंधित क्षेत्र के हल्का प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में स्थित मस्जिद के पास पुलिस कर्मियों के साथ जुमे की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया है।

# विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता और उसके सहयोगी के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा हुआ दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के आदेश पर हलिया पुलिस ने गुरुवार की शाम विद्युत उपकेंद्र हलिया के एक अवर अभियंता व उसके सहयोगी के खिलाफ जालसाजी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। हलिया थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी बलदेव ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर को पत्र देकर बताया कि हलिया में निवर्तमान उपकेंद्र हलिया के अवर अभियंता सलमान अहमद वर्तमान समय में विद्युत उपकेंद्र नारायणपुर में नियुक्त है। उसके सहयोगी रामबाबू मिश्र निवासी कुडियार थाना कोराव प्रयागराज बकाये बिजली बिल के भुगतान के लिए एक लाख 96 हजार रुपये ले लिए।

बताया कि विद्युत बिल व केसीसी के पैसा माफहो जाएगा। इसी तरह हलिया निवासी कुलदीप दूबे, संजय गिरी, नरेश दुबे तथा गुर्गी गांव निवासी उमर अली वैधा निवासी मंजू से भी 29 मार्च 24 को बकाया बिजली बिल माफकरने व केसीसी का पैसा जमा करने के लिए लिया था, लेकिन नहीं जमा नहीं हुआ। सात लोगों से कुल पांच लाख 33 हजार 500 रुपये ले लिए। दोनों से पैसा मांगने पर हीला हवाली कर रहे है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शिकायती पत्र दिया गया।प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तहरीर के आधार पर अवर अभियंता और उसके सहयोगी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# पुलिस पर गोली चलाकर भाग रहा पशु तस्कर गिरफ्तार, 50 मवेशी बरामद

**अहरौरा (मिर्जापुर)।** पशु तस्कर की जानकारी पुलिस को मुखबिर से मिली थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी की तो कलकलिया नदी किनारे बदमाश फायरिंग करने लगा। पुलिस ने पैर में गोली मारकर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। अहरौरा पुलिस ने शुक्रवार की सुबह कलकलिया नदी किनारे मुठभेड़ में पशु तस्कर को गिरफ्तार किया। पशु तस्कर के पैर में गोली लगी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। तस्कर के पास से पुलिस ने 50 मवेशी बरामद किया। अहरौरा पुलिस टीम ने ग्राम फरहदा में कालकालियां नदी के किनारे दौराने पुलिस मुठभेड़ में गो-तस्कर मोहम्मद वसीम निवासी मानिकपुर थाना अहरौरा को गिरफ्तार किया। जिसके दाहिने पैर में गोली लगी। पुलिस टीम आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए भिजवाया गया। मौके से मोहम्मद वसीमके कब्जे से 50 मवेशी, एक तमंचा, दो खोखा व एक कारतूस बरामद किया गया। एएसपी ऑपरेशन ओपी सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

## जमीन की फर्जी रजिस्ट्री के आरोप में सब रजिस्टॉर सहित सात पर मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहवा गांव निवासी एक ब्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा को प्रार्थना पत्र देकर जमीन का फर्जी रजिस्ट्री कराने का आरोप लगाकर कार्रवाई कि मांग किया था। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर हलिया पुलिस ने लालगंज उपनिबंधक कार्यालय के सब रजिस्टॉर सहित साथ लोगो के विरुद्ध गुरवार कि शाम मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। हलिया थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहवा गांव निवासी भगवन्त ने पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर को प्रार्थना पत्र देकर बताया की गांव निवासी संतलाल, रामा, उद्यो, लालगंज थाना क्षेत्र के उसरी खम्हरिया गांव निवासी मनीष, डडोरा गांव निवासी इंदु प्रकाश व उपनिबंधक कार्यालय लालगंज के सब रजिस्ट्रार, कम्प्यूटर आपरेटर हरिओम गुप्ता व लालगंज तहसील के स्टाम्प वेंडर राजेंद्र प्रसाद फर्जी बैनामा कराकर जमीन हड़पना चाहते है। 31 दिसम्बर 2024 को मेरे नाम पता का उपयोग कर मेरी भूमि का बैनामा करा लिया है जिस पर पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर सोमेन बर्मा ने हलिया पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। जिस पर हलिया पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर लालगंज उपनिबंधक कार्यालय के सब रजिस्टॉर सहित सात लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की पुलिस अधीक्षक के आदेश पर लालगंज के सब रजिस्टॉर सहित साथ लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया है।

# ग्राम पंचायत गुर्गी व हर्रा में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी व सचिव ने सुनी समस्याएं

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत गुर्गी व हर्रा में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी व सचिव ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया है। ग्राम चौपाल में पेंशन, आवास, हैंडपम्प,किसान सम्मान निधि, शौचालय, राशन की मांग ग्रामीणों ने रखी। ग्राम पंचायत गुर्गी के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी मनोहर लाल ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना। जिसमें पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय, पेंशन, राशन कार्ड की मांग ग्रामीणों ने रखी।




जिसमें एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत हर्रा के पंचायत भवन परिसर में आयोजित ग्राम चौपाल में सचिव शैलेन्द्र कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जिसमें पेंशन, आवास,हैंडपम्प प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय राशन कार्ड की मांग को ग्रामीणों ने रखी। जिसमे सचिव ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का भरोसा दिया है। इसके बाद ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यों का सचिव ने स्थलीय निरीक्षण किया है। इस संबंध में एडीओ एसटी मनोहर लाल ने बताया की ग्राम पंचायत गुर्गी व हर्रा में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, शौचालय,राशन कार्ड, हैंडपम्प मरम्मत की मांग को रखा मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इस दौरानसचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार, जल जीवन मिशन के प्रशांत तिवारी,ग्राम प्रधान गुर्गी रमेश कुमार मौर्या, हर्रा कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम आवास के बाहर लेखपाल से मारपीट का हुआ मुकदमा

**आजमगढ।** तहसील सदर में लेखपाल के पद पर कार्यरत पंकज कुमार ने एक व्यक्ति पर उनकी कार के साइड मिरर तोड़ने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में पंकज कुमार ने नगर कोतवाली में प्राथमिकी (स्त्रद्गक्र) दर्ज कराई है।पंकज कुमार, जो ग्राम बासूपार बनकट, तहसील सगड़ी के निवासी हैं, ने अपनी शिकायत में बताया कि दिनांक 09 अप्रैल को दोपहर करीब 1ञ्30 बजे उन्होंने अपनी क्रेटा कार उपजिलाधिकारी (सदर) के आवास के बाहर खड़ी की थी। दोपहर 2ञ्40 बजे जनार्दन सिंह गौतम नामक व्यक्ति अपनी कार से उतरे और पंकज की कार के दोनों साइड मिरर तोड़कर चले गए।

## मिर्जापुर में स्थापित होगा थर्मल पावर प्लांट विधायक ने कहा लोगों को मिलेगा रोजगार

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में स्थापित होने जा रहे थर्मल पावर प्लांट को लेकर पर्यावरण सुनवाई हुई। सदर तहसील के ददरी खुर्द गांव में 1600 मेगावाट कोयला आधारित अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट स्थापित होगा। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया है।अदाणी समूह के तत्वाधान में मिर्जापुर में थर्मल पावर प्लांट स्थापित होने जा रहा है। सदर तहसील के ददरी खुर्द गांव में 1600 मेगावाट कोयला आधारित अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर स्थापित होगा। जिसके लिए पर्यावरणीय स्वीकृति को लेकर लोक सुनवाई का कार्यक्रम हुआ, जो उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तत्वाधान में आयोजित किया गया।जिसमें सभी क्षेत्रवासी स्थानीय ग्रामीणों सहित पूर्व मंत्री और मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि इस पावर प्लांट के लगने से क्षेत्र के काफी लोगों को रोजगार एवं जिले का विकास होगा।इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रसाद शुक्ला एवं क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी सोनभद्र एवं अदाणी ग्रुप के अधिकारी, क्षेत्रवासी एवं जिले के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्लांट से जिले का चहुमुखी विकास होगा।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में पेयजल की किल्लत प्रभारी प्रधानाध्यापक बाहर से खरीद रहे पानी

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत हलिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पेयजल की किल्लत हो गई है। विद्यालय में पढ़ने के लिए आने वाले बच्चो के लिए प्रभारी प्रधानाध्यापक अजीत यादव द्वारा आरओ प्लांट से पंद्रह डब्बा पानी प्रति दिन खरीदने के लिए मजबूर है। आलम यह है की उच्च प्राथमिक विद्यालय में पेयजल के लिए कराये गए दो बोर जल स्तर नीचे खिसकने से पानी देना बंद कर दिया है।

उच्च प्राथमिक विद्यालय में पेयजल आपूर्ति के लिए नया बोर कराने के लिए ग्राम प्रधान शिव बाबू सेठ व सचिव कौशलेन्द्र राय से प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा कहा गया लेकिन बोर नहीं कराये जाने से बच्चो को पानी पीने की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। पेयजल समस्या को देखते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक अजीत यादव द्वारा बाजार से प्रति दिन पंद्रह डब्बा पानी बच्चो के लिए आरओ प्लांट से मंगाया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया की परिसर में पेयजल के लिए कराये गए बोर का जल स्तर नीचे खिसकने से बोर से पानी नहीं आ रहा है। नया बोर कराने के लिए ग्राम प्रधान व सचिव से कई बार अवगत कराया गया लेकिन आज तक विद्यालय में बोर नहीं कराया जा सका है। हर घर नल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई गई है लेकिन आज तक टोटी से पानी नहीं आ था है जिससे विद्यालय में आने वाले बच्चो को बाहर से आरओ का पानी मंगाना पड़ रहा है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी हलिया विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया की अगर उच्च प्राथमिक विद्यालय के बोर से पानी नहीं आ रहा है तो एक दो दिन में नया बोर करा दिया जायेगा।

## संविदा चालकों की भर्ती 16 अप्रैल से 62 पदों के लिए होंगे कैंप आयोजित

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कपिल देव प्रसाद ने बताया कि देवरिया डिपो में संविदा चालक के पद पर भर्ती हेतु आवेदन 16 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। देवरिया डिपो में वर्तमान में कुल 62 रिक्तियां उपलब्ध हैं जिनके लिए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। बसों की उपलब्धता के अनुसार सीटों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। निर्धारित तिथि और स्थान पर 16 अप्रैल से संविदा चालक भर्ती के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती के लिए आवश्यक है कि उम्मीदवार के पास भारी वाहन चलाने का कम से कम 2 वर्ष पुराना चालक लाइसेंस, आठवीं कक्षा पास का शैक्षणिक प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो हो, तथा उम्मीदवार की आयु न्यूनतम 23 वर्ष 6 माह और ऊँचाई कम से कम 5 फुट 3 इंच हो।

# पुरानी रंजिश में युवक को मारी गोली



**सीखड़(मिर्जापुर)।** कछवां थानान्तर्गत खैरा चौराहे पर सुबह 8.30 बजे दो पक्षों के आपसी विवाद मे एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। खैरा चौराहे पर मनीष पाण्डेय पुत्र राजेश पाण्डेय उर्फमूसे गुरू 20 वर्ष निवासी खैरा सुबह 8.30 बजे एक दुकान पर नाश्ता करने पहुंचा ही था कि तिलंगा थाना राजातालाब निवासी दो लोग मोटरसाइकिल से आए और पिस्टल बाहर निकाले और मनीष पाण्डेय के दाहिने और बांएं पैर मे गोली मारी। जिससे मनीष को कुल 21छर्रे लगे। कुछ दिनो पूर्व खैरा चौराहे पर गोली मारने वालों और मनीष के चचेरे भाइयों से विवाद भी हुआ था। खैरा पलिस को इसकी जानकारी थी। किन्तु खैरा चौकी पुलिस बीच बचाव नहीं की। घायल को खैरा चौकी पुलिस इलाज हेतु जिला हास्पिटल ले आई। कछवां थाने पर घायल के परिवार जनो ने एन सी आर लिखवा दिया है। खैरा चौराहे पर विशेष पुलिस बल तैनात है। घटना खैरा पुलिस चौकी से महज 100 मीटर की की दूरी पर हुई। यहां आए दिन कुछ न कुछ घटनाएं होती रहती है लेकिन घटना के समय पुलिस नदारत रहती है।

## एसपी ने किया साप्ताहिक परेड का निरीक्षण

**आजमगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ ने शुक्रवार की परेड का किया निरीक्षण; परेड की ली सलामी, दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश। शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना द्वारा पुलिस लाईन्स आजमगढ़ में शुक्रवार की परेड का निरीक्षण किया गया, परेड में पुलिस लाईन्स तथा पुलिस कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में नियुक्त आरक्षी, मुख्यआरक्षी, उ0नि0, निरीक्षकों द्वारा भाग लिया गया। परेड में भाग ले रहें डॉग स्क्वाड व ड्रोन कैमरा दल का भी निरीक्षण किया गया। परेड में सहायक पुलिस अधीक्षक/ प्रशिक्षणाधीन आईपीएस प्रशांत राज हुड्डा, क्षेत्राधिकार नगर गौरव शर्मा व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन्स उपस्थित रहें।

## छात्रा अंजलि यादव को प्राचार्य ने किया सम्मानित

**आजमगढ़।** शिब्ली नेशनल कॉलेज, की बी.कॉम की छात्रा अंजलि यादव ने भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में भाग लेकर राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में, अंजलि ने ÷भारतीय संविधान के 75 वर्ष- अधिकारों, कर्तव्यों और प्रगति की यात्रा÷ विषय पर अपने विचार रखे थे।अंजलि यादव ने राज्य स्तर पर हिस्सा लेने से पूर्व ब्लॉक एवं मंडल स्तर पर विजयी प्रदर्शन करते हुए यह मुकाम हासिल किया। राज्य स्तर पर प्रतियोगिता में आज़मगढ़ जनपद से भाग लेने वाली अकेली प्रतिभागी के रूप में उन्होंने वाराणसी मंडल का प्रतिनिधित्व किया।


### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 9703/2024
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202403410009703
पप्पू कुमार राठौर बनाम पप्पू कुमार राठौर आदि
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. पप्पू कुमार राठौर आयु लगभग 53 वर्ष वयस्क पुत्र बुद्धू लाल राठौर निवासी म.नं. 71/60 सुतरखाना कानपुर नगर...आवेदक/भूस्वामी
बनाम– 1. पप्पू कुमार राठौर वयस्क, पुत्र स्व. नन्द किशोर राठौर निवासी म. नं. 69/218 दानाखोरी कानपुर नगर 2. मनोज कुमार राठौर वयस्क पुत्र स्व. नन्द किशोर राठौर निवासी म.नं. 69/218 दानाखोरी कानपुर नगर 3. विकास राठौर वयस्क पुत्र स्व. रामचन्द्र राठौर निवासी म.नं. 69/218 दानाखोरी कानपुर नगर ..विरोधी पक्षकार/किरायेदार
वाद वास्ते अंतर्गत धारा–21(2) उ०प्र० नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम सन 2021, थाना हरवंश मोहाल कानपुर
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 01.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 08.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-70/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 10217/2024
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202403410010217
राजकुमार सोनकर बनाम श्रीमती सुमनलता उर्फ टिम्मो
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. राजकुमार सोनकर उम्र 61 वर्ष, बालिग पुत्र स्व० रघुनाथ प्रसाद, निवासी मकान नं0–117/233ए, इन्द्रपुरी शारदा नगर, कानपुर नगर, मो.–7007636482....वादी/गृहस्वामी
बनाम –श्रीमती सुमनलता उर्फ टिम्मो बालिग पत्नी स्व. छग्गा सोनकर, निवासिनी मकान नं. 103/132 कर्नलगंज कानपुर नगर मो.नं. 9794971635..विपक्षी/किरायेदार
वाद अंतर्गत धारा–21(2) (क) (ख) उ०प्र० नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम सं0–16 सन 2021, थाना कर्नलगंज कानपुर नगर।
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 25.04.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 03.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-70/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 10218/2024
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202403410010218
राजकुमार सोनकर बनाम श्रीमती संगीता
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. राजकुमार सोनकर उम्र 61 वर्ष, बालिग पुत्र स्व० रघुनाथ प्रसाद, निवासी मकान नं0–117/233ए, इन्द्रपुरी शारदा नगर, कानपुर नगर, मो.–7007636482....वादी/गृहस्वामी
बनाम –श्रीमती संगीता बालिग पत्नी राजेश कुमार निवासिनी मकान नं0–103/132 कर्नलगंज कानपुर नगर मो०नं0–7239025945 ..विपक्षी/किरायेदार
वाद अंतर्गत धारा–21(2) (क) (ख) उ०प्र० नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम सं0–16 सन 2021, थाना कर्नलगंज कानपुर नगर।
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 25.04.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 03.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-70/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 6634/2024
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202403410006634
अमर तिलवानी बनाम इन्द्रपाल सिंह
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. अमर तिलवानी वयस्क उम्र करीब 42 वर्ष पुत्र स्व. गंगाराम तिलवानी निवासी म.नं. 118/39 कौशलपुरी थाना नजीराबाद कानपुर नगर ....आवेदक/भवन स्वामी
बनाम –श्री इन्द्रपाल सिंह वयस्क पुत्र जसपाल सिंह निवासी म.नं. 123/406ए फजलगंज थाना फजलगंज कानपुर नगर हाल निवासी म.नं. नम्बर 117/एच/210 पाण्डवनगर थाना काकादेव कानपुर नगर...विरोधी पक्षगण/किरायेदार
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 22.04.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 08.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-70/K-CN

स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

मैने अपना नाम मुरलीधर से बदलकर मुरलीधर आहूजा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। मुरलीधर आहूजा पुत्र सिरुमल नि. 126/11 ए/ एच ब्लॉक गोविंद नगर कानपुर 208006(27)

सी.आर.-70/K-27

### सूचना

सूचित किया जाता है कि "श्री ठाकुर जी महराज" ट्रस्ट सम्पत्ति म.नं. 103/148, कर्नलगंज कानपुर नगर जो कि जर्जर है को विक्रय करने हेतु अपेक्षित है अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अजयबाजपेई पुत्र स्व. विश्वनाथ बाजपेई (सर्वराकार) नि.म. नं. 103/148 कर्नलगंज कानपुर नगर।(35)

सी.आर.-70/K-35

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212, 0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96

कानपुर, शनिवार, 12 अप्रैल, 2025

# वार-पलटवार : चीन ने की 125 प्रतिशत की स्ट्राइक

## अमेरिका के साथ चरम पर पहुंच रही ट्रैरिफ की जंग

**बीजिंग।** अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर चरम पर पहुंचता दिख रहा है। चीन ने अमेरिकी सामानों के आयात पर टैरिफ रेट को 84 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है, जो शनिवार से लागू होगा। इसके साथ ही चीन ने यह भी कहा कि अगर अमेरिका अब और टैरिफ बढ़ाता है तो वह जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा क्योंकि ट्रंप प्रशासन की नीतियां अब मजाक बन चुकी हैं। चीन के वित्त मंत्रालय ने यह फैसला तब लिया है, जब वाइट हाउस ने साफ किया है कि उसने चीनी सामानों पर टैरिफ को बढ़ाकर 145 प्रतिशत कर दिया है। चीन ने कहा कि इन परिस्थितियों में अमेरिका के साथ व्यापार करना अब व्यावहारिक नहीं रह गया है। इससे पहले बुधवार को चीन ने अमेरिका के सामान पर 84 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वॉर इस महीने के शुरू से ही जारी है। पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी सामानों पर 34 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, जो 9 अप्रैल से लागू होने वाला था। इसके लागू होने से कुछ घंटे पहले ही ट्रंप ने अचानक इसमें और बढ़ोतरी की घोषणा कर दी।



इसका जवाब चीन ने तुरंत दिया। बुधवार को बीजिंग ने अमेरिकी सामानों पर टैरिफ को 50 प्रतिशत तक बढ़ाकर 84 प्रतिशत कर दिया। इसके अगले ही दिन गुरुवार को अमेरिका ने एक और बड़ा कदम उठाते हुए चीन से आने वाले सामानों पर टैरिफ बढ़ाकर 145 प्रतिशत कर दिया। साथ ही अन्य देशों को 90 दिनों की अस्थायी छूट देते हुए उनके लिए टैरिफ को घटाकर समान रूप से 10 प्रतिशत कर दिया। वित्त मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया, वर्तमान टैरिफ रेट पर अमेरिकी सामान अब चीन में बाजार योग्य नहीं रह गए हैं। यदि अमेरिका चीनी निर्यात पर और टैरिफ बढ़ाता है, तो चीन ऐसे कदमों को नजरअंदाज करेगा। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने एक अलग बयान में कहा कि वॉशिंगटन का बार-बार अत्यधिक टैरिफ का इस्तेमाल अब केवल संख्या का खेल बनकर रह गया है, जो आर्थिक रूप से अर्थहीन है और अमेरिका की दबाव और धमकी की नीति को उजागर करता है। मंत्रालय ने कहा कि यह एक मजाक बन चुका है। हालांकि चीन ने यह भी चेतावनी दी कि यदि अमेरिका उसके अधिकारों और हितों का उल्लंघन करता रहा तो वह मजबूती से पलटवार करेगा और अंत तक लड़ेगा। चीन ने यह भी कहा कि टैरिफ से होने वाले नुकसान की पूरी जिम्मेदारी अमेरिका को लेनी होगी।

### हॉलीवुड फिल्मों से बदला लेगा ड्रैगन

हॉलीवुड फिल्मों की रिलीज को मध्यम रूप से कम करने की घोषणा की है। चीन के राष्ट्रीय फिल्म प्रशासन (एनएफए) ने इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि अमेरिकी सरकार का टैरिफ बढ़ाने का गलत कदम चीनी दर्शकों के बीच अमेरिकी फिल्मों के प्रति रुचि को और कम करेगा। चीन दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा फिल्म बाजार है। उसने यह कदम ट्रंप प्रशासन द्वारा चीनी आयात पर 145 प्रतिशत तक टैरिफ बढ़ाने के प्रत्यक्ष जवाब के रूप में उठाया है। एनएफए ने कहा, हम बाजार के नियमों का पालन करेंगे, दर्शकों की पसंद का सम्मान करेंगे और अमेरिकी फिल्मों की संख्या को कम करेंगे। कुछ लोग पहले से ही ये अनुमान लगा रहे थे कि चीन ट्रंप के टैरिफ के जवाब में हॉलीवुड को निशाना बना सकता है। चीन फिलहाल हर साल केवल 10 हॉलीवुड फिल्मों को अपनी सीमाओं में रिलीज की इजाजत देता है। कभी यह बाजार अमेरिकी फिल्म उद्योग के लिए बड़ा मुनाफे का जरिया माना जाता था।

## नेपाल में राजशाही समर्थक गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में पुलिस ने शुक्रवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसके बारे में उसका दावा है कि राजधानी काठमांडू में 28 मार्च को हुए राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के पीछे इसी व्यक्ति का हाथ था। इन प्रदर्शनों में दो लोगों की मौत हो गई थी। नेपाल पुलिस ने एक बयान में कहा कि काठमांडू के तिनकुने में हुए हिंसक प्रदर्शनों में शामिल दुर्गा प्रसाई को उसके अंगरक्षक के साथ भारत की सीमा से लगे झापा जिले से गिरफ्तार किया गया। प्रसाई पर राज्य अपराध और संगठित अपराध का आरोप लगाया गया है। प्रसाई को असम में स्थानीय पुलिस ने हिरासत में लिया था और नेपाल पुलिस को सौंप दिया, जो उसे झापा ले आई, जहां उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया।

## मुंबई हमले के आतंकियों को 'निशान-ए-हैदर' दिलाना चाहता था राणा, अमेरिकी न्याय विभाग का दावा

**वॉशिंगटन।** मुंबई हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण के बाद अमेरिकी न्याय विभाग ने बयान जारी किया है। इस बयान में अमेरिकी न्याय विभाग ने कहा है कि यह मुंबई हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में अहम कदम है। बयान में कहा गया है कि तहव्वुर राणा ने डेविड हेडली को भारत का वीजा दिलाने और मुंबई में आतंकी हमले की जगहों की रेकी करने में मदद की थी। अमेरिकी न्याय विभाग ने बताया कि तहव्वुर राणा और डेविड हेडली की बातचीत में राणा ने कहा था कि भारतीय ऐसे हमले के हकदार हैं। इतना ही नहीं उसने मुंबई में हमला करने वाले आतंकियों की तारीफ की थी और उन्हें पाकिस्तान का सर्वोच्च सैन्य सम्मान निशान ए हैदर दिलाने की भी मांग की थी।



अमेरिकी न्याय विभाग ने बयान में कहा है कि अमेरिका ने बुधवार को आतंकवादी तहव्वुर हुसैन राणा, जो एक कनाडाई नागरिक और पाकिस्तान का मूल निवासी है, को भारत प्रत्यर्पित कर दिया है। साल 2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों में उसकी कथित भूमिका से जुड़े 10 आपराधिक आरोपों में मुकदमे का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित किया गया है। तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण उन छह अमेरिकियों और कई अन्य पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो मुंबई केजघन्य हमले में मारे गए थे। 9 अप्रैल को अमेरिकी मार्शल सेवा ने राणा को भारत ले जाने के लिए भारतीय अधिकारियों को सौंपा। राणा का प्रत्यर्पण अब पूरा हो गया है।

## अमेरिका ने भारत की दो कंपनियों को किया बैन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के तेल का परिवहन करने और ईरान के 'छाया बेड़े' के तौर पर काम करने के आरोप में संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले एक भारतीय नागरिक और भारत की दो कंपनियों पर प्रतिबंध

### ईरान के 'छाया बेड़े' के रूप में काम करने का लगाया आरोप

लगाया है। अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी। जुगविंदर सिंह बरार कई पोत परिवहन कंपनियों के मालिक हैं और उनके पास लगभग 30 जहाजों का बेड़ा है, जिनमें से कई ईरान के छाया बेड़े के हिस्से के रूप में काम करते हैं। बरार का यूएई में व्यवसाय है इसके अलावा वह भारत स्थित पोत परिवहन कंपनी 'ग्लोबल टैंकर्स प्राइवेट लिमिटेड' और पेट्रोकेमिकल बिक्री कंपनी 'बी एंड पी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड' के मालिक हैं या उनका नियंत्रण भी उनके पास है। वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने बरार और भारत-आधारित दो कंपनियों को प्रतिबंधित कर दिया है। ओएफएसी ने कहा कि बरार के जहाज इराक, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात और ओमान की खाड़ी के जलक्षेत्र में ईरानी पेट्रोलियम के जहाज-से-जहाज (एसटीएस) स्थानांतरण में लिप्त हैं। इसके बाद ये माल अन्य मददगारों के पास पहुंचता है, जो अन्य देशों के उत्पादों के साथ तेल या ईंधन को मिला देते हैं और ईरान के साथ संबंधों को छिपाने के लिए पोत परिवहन संबंधी दस्तावेजों में हेराफेरी करते हैं जिससे ये माल अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच जाता है।

## एक नज़र

### सड़क पर बैठकर मिठाई खाएंगे 5 लाख मुसलमान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री और जमीयत उलेमा-ए-हिंद के बंगाल चैप्टर के प्रमुख सिद्दीकुल्लाह चौधरी ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि वह कोलकाता में कम से कम 50 जगहों पर 10-10 हजार मुसलमानों को बैठा देंगे। उन्होंने कहा कि 2 हजार लोगों का समूह ट्रैफिक को रोक देगा और वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन होगा। उन्होंने कहा, हम सड़क पर बैठकर मुरमुरे और मिठाई खाएंगे। कोलकाता के रामलीला मैदान में सिद्दीकुल्ला चौधरी ने कहा, किसी को परेशान करना हमारे कार्यक्रम का मकसद नहीं है। उन्होंने कहा, मैं पुलिस के सामने अप्रिय घटनाओं में शामिल लोगों से निवेदन करता हूं कि वे अंदर आएं और मेन रास्ता क्लियर करें। मैं हर जिले को थोड़ा सख्त करूंगा और कोलकाता में 10 हजरा-10 हजार लोगों को बैठा दूंगा। सब बताशे, मुरमुरे और गुड़ खाएंगे। और कुछ करने की जरूरत ही नहीं है। फिर आप देखना कि स्थिति कैसे बदलती है। चौधरी ने कहा कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद वक्फ बिल के खिलाफ एक करोड़ लोगों से साइन करवालएगा और फइर इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाने के लिए आरएसएस और बीजेपी ने मिलकर यह कानून लाया है।

### न्यूयॉर्क में हेलिकॉप्टर क्रैश, छह मरे

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क सिटी की हडसन नदी में एक टूरिस्ट हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में स्पेन से आए एक ही परिवार के पांच सदस्य और पायलट शामिल हैं। यह जानकारी अंतराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों ने दी है। न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने दुखद हादसे की पुष्टि करते हुए कहा, इस वक्त तक सभी छह पीड़ितों को नदी से बाहर निकाला जा चुका है और दुर्भाग्यवश सभी को मृत घोषित कर दिया गया है। यह एक दिल तोड़ देने वाली और दुखद दुर्घटना है। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, हेलीकॉप्टर में सवार लोगों में स्पेन में सीमेंस कंपनी के प्रेसिडेंट और सीईओ अगस्टीन एस्कोबार, उनकी पत्नी और तीन बच्चे शामिल थे। साथ ही मामले में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर हवा में टूटकर गिरा और इसका टेल और प्रोपेलर अलग हो गए थे। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हेलीकॉप्टर अनियंत्रित होकर गिर रहा था, और उसमें से बहुत धुआं निकल रहा था। अमेरिका में इस साल अब तक कई विमान दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके मंत्रिमंडल की ओर से संघीय एजेंसियों में कटौती शुरू करने के बाद से ऐसे कई हादसे सामने आ चुके हैं। ट्रंप प्रशासन के लागत-कटौती उपायों के तहत हवाई सुरक्षा में सहायता करने के लिए जिम्मेदार सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है।

### मदरसा टीचर अदालत ने सुना दी 187 साल की सजा

**कन्नूर।** केरल में कन्नूर की एक पॉक्सो अदालत ने मदरसा टीचर को 187 साल कैद की सजा सुनाई है। मदरसे में पढ़ाने वाले मौलवी पर 13 साल की नाबिलग के यौन शोषण का आरोप है। कोविड लॉकडाउन के दौरान 41 साल के आरोपी मोहम्मद रफी ने छात्रा के साथ बार-बार रेप किया। वहीं इससे पहले 2018 में भी उसपर रेप के आरोप लगे थे। इस मामले में वह पहले से ही सजा काट रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक वकील ने बताया कि 13 साल की बच्ची मदरसा पढ़ने जाती थी। कुछ दिनों से उसका व्यवहार बदल रहा था। उसके मां-बाप को चिंता होने लगी। बच्ची पढ़ाई में भी ध्यान नहीं लगा पा रही थी। माता-पिता जब उसे लेकर काउंसलर के पास पहुंचे तो बच्ची ने सारी बातें सच-सच बता दीं। उसने बताया कि मदरसे का मौलवी उसका यौन शोषण करता था। बार-बार अपराध करने की वजह से पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी टीचर को इतनी लंबी सजा सुना दी। पॉक्सो कानून की धारा 5 (टी) के तहत उसे पांच लाख के जुर्माने और पांच साल की जेल की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा धारा 5 (एफ) के तहत भरोसा तोड़ने के दोष में 35 साल की जेल और एक लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। बार-बार यौन हमला करने के लिए 35 साल कैद की सजा सुनाई गई है।

### पटना : कन्हैया सहित कई कांग्रेस नेता हिरासत में लिए गए

**पटना।** बिहार में सियासत घटनाक्रम के एक प्रमुख बिंदु में, शुक्रवार को कन्हैया कुमार के नेतृत्व में पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। यह विरोध प्रदर्शन राज्य में बेरोजगारी और पानी की कमी के खिलाफ था। हालांकि, जब प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के आवास की ओर मार्च करने की कोशिश की, तो सुरक्षा बलों ने हस्तक्षेप किया और उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारों और लाठीचार्ज का इस्तेमाल किया। जब भीड़ नियंत्रण से बाहर हो गई, तो कुमार और कुछ अन्य लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कन्हैया कुमार ने कहा कि हम लाठीचार्ज या वाटर कैनन की मांग नहीं कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि हमारे नलों में पानी आए।

## दबाव : यूक्रेन को बड़ी सैन्य मदद देगा ब्रिटेन

**लंदन।** यूक्रेन और रूस के बीच लंबे समय से चल रहे युद्ध में अब यूरोपीय देश यूक्रेन को और ज्यादा मदद दे रहे हैं। ब्रिटेन ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह यूक्रेन को 450

### एंटी-टैंक माइंस और लाखों ड्रोन देने की है योजना

मिलियन पाउंड (लगभग 580 मिलियन डॉलर) की सैन्य सहायता देगा। यह सहायता यूक्रेन की रक्षा को मज़बूत बनाने और भविष्य में किसी भी शांति समझौते से पहले उसे मजबूत स्थिति में लाने के लिए दी जा रही है। इस सहायता में से 350 मिलियन पाउंड ब्रिटेन के इस साल के 4.5 बिलियन पाउंड के सैन्य सहायता पैकेज से दिए जाएंगे। इसके साथ ही नॉर्वे भी इस पैकेज में अपना योगदान देगा। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली और जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने ब्रसेल्स में यूक्रेन डिफेंस कॉन्टैक्ट ग्रुप की बैठक की अध्यक्षता की। यह ग्रुप नाटो और अन्य सहयोगी देशों का एक समूह है, जो यूक्रेन की सहायता कर रहे हैं।



इस सहायता पैकेज के तहत यूक्रेन को हथियारों और उपकरणों की मरम्मत और रखरखाव के लिए जरूरी चीजें मिलेंगी। साथ ही इसमें रडार सिस्टम, एंटी-टैंक माइंस और लाखों की संख्या में ड्रोन भी शामिल हैं। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री हीली ने कहा कि यूक्रेन डिफेंस कॉन्टैक्ट ग्रुप का काम बहुत जरूरी है ताकि यूक्रेन को मजबूत स्थिति में लाया जा सके और रूस के राष्ट्रपति पुतिन पर दबाव बनाया जा सके कि वह यह युद्ध समाप्त करें। उन्होंने आगे कहा, हम शांति को खतरे में नहीं डाल सकते, इसलिए आज का यह बड़ा सहायता पैकेज यूक्रेन की अग्रिम पंक्ति में लड़ाई को मजबूत बनाएगा।

## 91 वर्षीय बुजुर्ग पर लगाया अवैध संबंधों का आरोप तो पत्नी को मारा चाकू

**तिरुवनंतपुरम।** केरल हाईकोर्ट में एक बुजुर्ग दंम्पत्ति से जुड़ा मामला सामने आया है, जिसमें 91 वर्षीय पति पर आरोप था कि उसने अपनी

### कोर्ट ने कविता के जरिए दी शांति से रहने की सलाह

88 वर्षीय पत्नी पर चाकू से हमला किया है। याचिका में कहा गया कि पत्नी बार-बार उसके ऊपर अवैध संबंधों का आरोप लगाती थी, जिसकी वजह से एक दिन गुस्से में आकर उसने हमला कर दिया। कोर्ट ने बाद में दोनों पक्षों की दलील और भावनात्मक आधार पर पति को जमानत दे दी।

केरल हाईकोर्ट के न्यायाधीश पी वी कुन्हिकृष्णन ने 10 अप्रैल को दिए अपने फैसले में कहा, मैं इस मामले पर और ज्यादा चर्चा नहीं करना चाहता। बुढ़ापे में दोनों पति-पत्नि को खुशी से रहने देना चाहिए। न्यायाधीश ने अदालत की सख्त भाषा से इतर दोनों लोगों को शांति पूर्ण तरीके से जीवन जीने की सलाह भी दी। थेवन को जमानत देते हुए न्यायाधीश ने कहा कि थेवन को पता होना चाहिए की जीवन के इस अंतिम चरण में उसकी पत्नी कुंजली ही उसका एकमात्र सहारा है। वहीं कुंजली को भी यह समझना चाहिए कि थेवन ही उसकी एकमात्र ताकत है। उन्होंने कहा कि दोनों लोगों को यह समझना चाहिए कि बढ़ती उम्र प्यार की रोशनी को कम नहीं करती.. बल्कि इसे और भी ज्यादा चमकदार बनाती है। कुंजलि, आज भी अपने पति से बहुत ज्यादा प्यार करती हैं.. तभी तो वह आज भी उनके ऊपर नजर रखती हैं। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, एक-दूसरे के लिए हमारा प्यार और भी ज्यादा गहरा होता जाता है। न्यायाधीश ने दिवंगत मलयालम कवि एन एन कक्कड़ की अंतिम रचना सफलमी को बताते हुए कहा कि इस कविता में बड़े ही सुंदर ढंग से बताया गया है कि एक विवाह.. महान विवाह तब नहीं होता जब एक युगल.. एक साथ आते हैं। बल्कि यह तब परिपूर्ण होता है जब युगल आपसी मतभेदों का आनंद लेना सीख जाते हैं।

## मार्टिन लूथर किंग और कैनेडी हत्याकांड के दस्तावेज जल्द होंगे सार्वजनिक

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मार्टिन लूथर किंग जूनियर और सीनेटर रॉबर्ट एफ कैनेडी की 1968 में हुई हत्याओं से जुड़े गोपनीय दस्तावेज

### अमेरिकी खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने दी जानकारी

जल्द ही सार्वजनिक किए जा सकते हैं। यह जानकारी अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने दी है। उन्होंने बताया कि इन ऐतिहासिक दस्तावेजों को स्कैन करने के लिए 100 से ज्यादा लोग दिन-रात काम कर रहे हैं। गबार्ड ने एक कैबिनेट बैठक में कहा कि ये दस्तावेज दशकों से बक्सों में बंद थे और इन्हें पहले कभी स्कैन नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि हम इन्हें जल्द ही जारी करने के लिए तैयार हो जाएंगे।

हालांकि ट्रंप ने भी इस मामले में जोर देते हुए कहा कि हम सब कुछ सार्वजनिक करना चाहते हैं, क्योंकि दुनिया को सच्चाई जानने का हक है। गौरतलब है कि मार्टिन लूथर किंग जूनियर की 4 अप्रैल 1968 को टेनेसी के मेम्फिस में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वहीं, रॉबर्ट एफ कैनेडी की हत्या 5 जून 1968 को लॉस एंजेल्स में उस वक्त की गई, जब वे राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में आगे बढ़ रहे थे।

## इजरायल के 1000 सैनिकों की जंग के बीच बगावत

**तेल अवीव।** इजरायल की सेना का कहना है कि वह ऐसे वायु सैनिकों को सेवा से बाहर करेगी, जिन्होंने गाजा पर हमले का विरोध किया था। शुक्रवार को इजरायली सेना ने कहा

### नेतन्याहू सरकार ने भी लिया सख्त फैसला

कि यह ऐक्शन उन लोगों पर लिया जाएगा, जिन्होंने एक पत्र लिखा था और कहा था कि सरकार यह जंग राजनीतिक फायदे के लिए लड़ रही है। उसका मकसद बंधकों को घर वापस लाना नहीं है। इस लेटर पर समर्थन के तौर पर बड़ी संख्या में सैनिकों ने साइन भी किए थे। एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि यह स्वीकार नहीं किया जाएगा कि कोई सेना के भीतर ही मतभेद की स्थिति पैदा करे। यह ऐसा समय है, जब सभी को मिलकर लड़ना चाहिए। ऐसा न करके उलटे सवाल उठाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसा करने से सैनिकों का मनोबल भी गिरता है।

इजरायली सेना में शामिल 1000 एयरफोर्स रिजर्व सैनिकों और रिटायर जवानों ने ऐसे लेटर पर साइन किए थे। यह लेटर इजरायली मीडिया में गुरुवार को प्रकाशित हुआ था। इसमें मांग की गई थी कि हमास के कैद में जो बंधक हैं, उन्हें तुरंत वापस लिया जाए। भले ही इसके एवज में जंग को समाप्त ही क्यों न करना पड़े। यह लेटर ऐसे समय पर लिखा गया, जब इजरायल ने गाजा पर फिर से हमले तेज किए हैं।

### 10 और फिलिस्तीनी बंदी रिहा

**गाजा।** गाजा में जारी भीषण संघर्ष के बीच इजरायली सेना ने गुरुवार को गाजा से हिरासत में लिए गए 10 फलस्तीनियों को रिहा कर दिया। इन सभी को एक बस के जरिए गाजा के मध्य शहर देइर अल-बलाह के अस्पताल लाया गया, जहां कई सप्ताहों से इंतजार में बैठ इन फलस्तीनियों के परिजनों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। रिहा किए गए लोगों ने बताया कि हिरासत में उनके साथ बहुत बुरा व्यवहार हुआ। साथ ही कुछ ने यह भी कहा कि उन्हें कई दिनों तक बिना किसी कारण के बंद रखा गया। अब तक हजारों फलस्तीनियों को हिरासत में लिया जा चुका है।

## बिहार के कई जिलों में वज्रपात

**पटना।** बिहार के कई जिलों में बृहस्पतिवार को आकाशीय बिजली गिरने और ओलावृष्टि की चपेट में आने से 25 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान के अनुसार, नालंदा में 18 लोगों की मौत हुई। इसके बाद सीवान में दो, कटिहार, दरभंगा, बेगूसराय, भागलपुर और जहानाबाद में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन घटनाओं में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। बुधवार को बिहार के चार जिलों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 13 लोगों की मौत हो गई थी।

## पौष्टिक भोजन तरक्की की राह भी दिखाता!

अच्छा और पौष्टिक खाना खाने से आप ना सिर्फसेहतमंद रहते हैं बल्कि यह आपको तरक्की की राह पर भी ले जाता है। यहाँ आपके पसंदीदा एण्डटीवी कलाकारों के लंच बॉक्स की एक झलक दी गई है।

स्मिता सेबल, जो एण्डटीवी के शो 'भीमा' में धनिया का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, ''मेरा हमेशा से यही मानना रहा है कि खाना सिर्फएनर्जी का स्रोत नहीं, बल्कि खुशी का भी जरिया है। मेरे डब्बे में पोषण और पुरानी यादों का मिश्रण होता है। मैं ज्वार की भाकरी, मौसमी सब्जियाँ, और घर का बना ठेचा जोकि एक तीखी महाराष्ट्रीयन चटनी है, ले जाती हूँ, जिसके बिना मेरा दिन अधूरा है। शॉट्स के बीच जल्दी एनर्जी पाने के लिए मैं भीगे हुए बादाम और खजूर का एक छोटा डिब्बा भी रखती हूँ।''



गीतांजलि मिश्रा, जो 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, ''मेरे टिफिन में आमतौर पर मल्टीग्रेन रोटी, अंकुरित सब्जी, और घर का बना दही होता है। मैं अपनी सुबह की शुरूआत फ्ल और डिटॉक्स वॉटर से करती हूँ, और शूटिंग के ब्रेक में मखाने या भुना चना खाती हूँ। कभी-कभी मैं क्विनोआ खिचड़ी या मूंग दाल के पैनकेक ले जाती हूँ।''आसिफशेख, जो 'भाबीजी घर पर हैं' में चार्मिंग विभूति नारायण मिश्रा का रोल अदा कर रहे हैं, ने कहा ''मैं साफसुथरा, घर का बना खाना पसंद करता हूँ जिसमें हल्की भुनी सब्जियाँ, मिक्स दाल की करी, और मल्टीग्रेन रोटी होती है। लेकिन मेरा सबसे पसंदीदा है रंग-बिरंगी सलाद की बड़ी कटोरी, जिसमें खीरा, चेरी टमाटर, ऑलिव, और नींबू का रस होता है। मुझे अपनी टीम के लिए सरप्राइज हेल्दी स्नैक्स लाना भी पसंद है, मैं उनके लिए अंकुरित चाट या स्टफ्ड पराठे लेकर आता हूं। मेरे टिफिन में एक चीज जरूरी है - वह है पुदीने की चटनी, जो सबसे साधारण खाने को भी लाजवाब बना देती है।''

छोटा पर्दा

## 'तुम से तुम तक' एक ताजगी भरी लव स्टोरी!

समाज में शादी और रिश्तों को उम्र, पैसों और बरसों से चली आ रहीं परंपराओं से जोड़ा जाता है। लेकिन प्यार इन सब बातों को नहीं मानता। यह अपने रास्ते खुद बनाता है और हर दीवार को पार कर जाता है। पिछले कई दशकों से ज़ी टीवी हमेशा ऐसी कहानियां दिखाता आया है, जो समाज के दकियानुसी रीति-रिवाजों को तोड़कर रिश्तों को नया नज़रिया देती रही हैं। अब, अपने नए शो 'तुम से तुम तक' में, ज़ी टीवी एक दिल छू लेने वाली और ताजगी भरी लव स्टोरी लेकर आ रहा है, जो समाज के इन रीति-रिवाजों से आगे निकल जाएगी। यह अनु और आर्यवर्धन के अनोखे प्यार की कहानी है। अनु 19 साल की एक साधारण परिवार की लड़की है, जिसके बड़े सपने और मजबूत संस्कार हैं। दूसरी तरफ आर्यवर्धन, 46 साल के सफ्ल बिज़नेसमैन हैं, जो अनुशासन और सादगी से अपनी ज़िंदगी जीते हैं। दोनों की उम्र, पैसे



और जीवनशैली में बहुत फ़र्क़ है, लेकिन प्यार इन सब बातों को भूलकर उनके दिलों तक पहुंच जाता है। अनु के किरदार में निहारिका चौकसे नज़र आएंगी, जबकि आर्यवर्धन की भूमिका में जाने-माने एक्टर शरद केलकर पूरे आठ साल बाद टीवी पर वापसी कर रहे हैं। इस शो का हिस्सा बनकर शरद बेहद उत्साहित हैं। वो इसमें एक ऐसे सफ्ल लेकिन सरल बिज़नेसमैन का किरदार निभा रहे हैं जो अपनी समझदारी, सादगी और आत्मविश्वास से सबका सम्मान जीतता है। अपनी अमीरी और ऊंचे रुतबे के बावजूद आर्यवर्धन एक ज़मीन से जुड़ा इंसान है, जो पैसों से कहीं ज्यादा रिश्तों को अहमियत देता है।

## बाजार दर्पण

